आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

कठमुल्ला देश के लिए घातक बहुसंख्यकों की इच्छा से चलेगा देश

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 10 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 59 | www.janexpresslive.com/epaper

डीजीपी की नियुक्ति में नियमों के उल्लंघन... 12

# किसान किसी के सामने हाथ न फैलाएं, यह केंद्र व राज्य सरकार का उद्देश्य: सीएम योगी

## किसानों की मेहनत व डबल इंजन सरकार के प्रयास से यूपी फिर से खाद्यान्न की टोकरी के रूप में प्राप्त कर रहा गौरव: योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद किसानों के नाम पर राजनीति बहुत लोगों ने की, लेकिन किसान राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सके, 2014 में ईमानदारी से यह प्रयास पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने मृदा परीक्षण कार्ड जारी किया। पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई जैसी योजनाएं चलाई गईं। यूपी में सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा देकर किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाया गया। 2021 में पीएम ने बुंदेलखंड में अर्जुन सहायक परियोजना का लोकार्पण किया। इसके पहले यहां के किसानों को प्रति बीघा पांच हजार रुपये सालाना मिलता था, लेकिन लोकार्पण के दो वर्ष बाद वहां के किसानों ने बताया कि उन लोगों ने उन्हीं क्षेत्रों में प्रति बीघा 50 हजार रुपये की आमदनी की। पीएम कुसुम योजना के तहत एक लाख किसान को सोलर पैनल देने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। 14 लाख से अधिक किसानों के निजी ट्यूबवेल की बिजली माफ की गई। यूपी में 2017 में सरकार आते ही 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम मिला। अन्नदाता किसानों को हाथ न फैलाना पड़े। इस उद्देश्य से देश में 12 करोड़ और यूपी में 2.62 करोड़ कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है।





### योगी ने यूपी के किसानों की सफल गाथा भी बताई

सीएम योगी ने यूपी के किसानों की सफलता की कहानी भी बताई। बताया कि बिजनौर का एक किसान 10 एकड़ खेती में एक करोड़ रुपये का वार्षिक नेट प्रॉफिट कमाता है। यूपी के किसानों ने देश के अंदर 86 टन (860 क्विंटल) गन्ना उत्पादन प्रति एकड़ करके दिखाया। एक किसान खुद भी पिपरामेंट की खेती करते हैं और किसानों से एकत्र कर 200 करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। एक किलो आम का दाम रूस, यूएस, यूरोप में एक हजार रुपये है।

### अब एक सप्ताह के भीतर गन्ना किसानों को होता है भुगतान

सीएम ने कहा कि प्रदेश के अंदर सिंचाई के दायरे को बढ़ाया गया। यूपी में 3500 से अधिक एफपीओ कार्य कर रहे हैं। वेयरहाउस बनाए गए और उनकी संख्या बढ़ाई गई। पहले गन्ने के सीजन में किसान आंदोलन करता था। अब यूपी में 120 चीनी मिलें चल रही हैं। इसमें से 100 मिलें एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं। आज यूपी गन्ना, चीनी व एथेनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। देश का 25 फीसदी आलू उत्पादन और 30 फीसदी मक्का उत्पादन यूपी का किसान कर रहा है। धान, गेहूं, दलहन-तिलहन में भी किसानों ने कीर्तिमान स्थापित किया है। अन्नदाता किसानों की मेहनत व डबल इंजन सरकार के प्रयास से यूपी फिर से खाद्यान्न की टोकरी के रूप में गौरव प्राप्त कर रहा है।

### देश में सर्वाधिक गोवंश पालने वाला राज्य है यूपी

सीएम योगी ने कहा कि देश में सर्वाधिक गोवंश पालने वाला राज्य यूपी है। यहां सरकारी गोशालाओं में 12 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश हैं। सरकार निराश्रित गोवंश की देखभाल कर रही है। उनके लिए तीन प्रकार की योजनाएं भी चला रही हैं। इसका उद्देश्य एक तरफ गोरक्षा तो दूसरी तरफ जहरमुक्त खेती के लिए किए जाने वाला प्रयास है। केंद्र व राज्य सरकार मिलकर यूपी में 1.15 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में प्राकृतिक खेती कर रही है। गंगा जी के तटवर्ती 27 जनपदों व बुंदेलखंड के सातों जनपदों में इसे प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### ... अकेले यूपी भर सकता है देश-दुनिया का पेट

सीएम योगी ने कहा कि भारत पहले से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का देश माना जाता था। उत्तर प्रदेश में आज भी लगभग 30 फीसदी शहरीकरणों को छोड़ दें तो 70 फीसदी भूभाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित है और यह आय-रोजगार का महत्वपूर्ण साधन भी है। देश की 17 फीसदी आबादी यूपी में निवास करती है। यूपी के पास देश की कृषि योग्य भूमि केवल 11 फीसदी है, लेकिन इस पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन होता है। यूपी में 235 लाख हेक्टेयर में से 161 लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती-किसानी होती है। इसमें से 86 फीसदी भूमि सिंचित व अत्यंत उर्वरा है, इसलिए 11 फीसदी भूमि होने के बावजूद उप्र का किसान लगभग दोगुना खाद्यान्न उत्पादन करता है। देश और दुनिया की जितनी फर्टिलाइज लैंड, जल संसाधन यूपी के पास है, वह अन्य कहीं भी नहीं है।

# यूपी में बदला मौसम का मिजाज, कड़ाके की ठंड शुरू होगी, कई जिलों में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से यूपी में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला नजर आया और अधिकांश हिस्सों में दिन में भी बादल छाए रहे। बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, हरदोई समेत कई जगहों पर बूंदाबांदी देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ों पर बर्फबारी हुई है। अगले दो दिनों के भीतर यूपी के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं तराई इलाकों में घना कोहरा रहेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए दस से ज्यादा तराई इलाकों के लिए घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। वहीं सोमवार को उरई में सर्वाधिक 28.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। वहीं प्रयागराज में 28.2 डिग्री और अयोध्या में अधिकतम 26.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। न्यूनतम तापमान की बात करें तो बुलंदशहर में सबसे कम 8 डिग्री, मेरठ में 8.1 डिग्री और अयोध्या में 8.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### इन इलाकों में है कोहरे का अलर्ट

मौसम विभाग ने मंगलवार को देवरिया, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, अयोध्या आदि इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

# एसपी ने नहीं सुनी जिलाध्यक्ष की फरियाद

- अपनी ही सरकार में नहीं सुन रहे हैं अधिकारी: अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

बसपा की जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा ब्राह्मण और दलित जाति को लेकर विवादित बयान देने से पूरे समाज में आक्रोश फैल गया है। मीरा भारती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था, ÷जात पात की करो विदाई, ब्राह्मण की बेटी चमार की लुगाई।÷ इस बयान के बाद समाज में व्यापक विरोध शुरू हो गया। हालांकि,



बसपा नेत्री की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास उर्फ हीरो मिश्रा ने इस मुद्दे पर पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता की निंदा की। उन्होंने कहा कि यदि जिलाध्यक्ष की भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, तो आम जनता की आवाज कैसे सुनी जाएगी।

### विवादित बयान पर समाज में विरोध


मीरा भारती के बयान के खिलाफ समाज के विभिन्न वर्गों ने आक्रोश प्रकट किया है। भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने सोशल मीडिया के माध्यम से मीरा भारती को उनके पद की गरिमा याद दिलाते हुए बयान की निंदा की है। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग की। इस बयान के विरोध में चित्रकूट जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन जारी हैं। मारकुंडी के युवा नेता मधुसूदन त्रिपाठी की अगुवाई में एक दर्जन से अधिक लोगों ने मारकुंडी थाने में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

### प्रशासन पर सवाल

विकास मिश्रा ने प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि चित्रकूट पुलिस भ्रष्टाचार की गंगा में गोते लगा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मीरा भारती के अभद्र टिप्पणी के खिलाफ की जा रही उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। मिश्रा ने प्रशासन की निष्क्रियता को योगी सरकार की छवि पर सवाल खड़ा करने वाला बताया।

### विरोध प्रदर्शन जारी

मीरा भारती के विवादित बयान को लेकर चित्रकूट में प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। समाज के अलग-अलग वर्गों के लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मारकुंडी के प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगें प्रशासन के समक्ष रखी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि भाजपा सरकार में उनके नेताओं की आवाज को सुना जाता है या फिर इसे भी अनसुना कर दिया जाएगा।



# ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर मचा बवाल, विरोध प्रदर्शन जारी

■ जिलाध्यक्ष ने एसपी पर लगाए गंभीर आरोप, कहा एसे अधिकारी को तुरंत हटाना चाहिए

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा ब्राम्हण समाज को लेकर सोशल मीडिया में की गई अभद्र टिप्पणी के बाद समूचे जिले में बवाल मच गया है। जिले भर में ब्राह्मण समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। ब्राम्हण संगठनों द्वारा डीडीसी मीरा भारती के खिलाफ़ ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की जा रही है। रविवार को अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी द्वारा कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद डीडीसी मीरा भारती पर एफआईआर दर्ज की गई है। मीरा द्वारा समुदाय विशेष को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी के बाद स्थिति तनावपूर्ण होने के साथ ही सामाजिक सौहार्द बिगड़ गया है।



### थाने में ज्ञापन सौंप गिरफ्तारी की मांग

पाठा क्षेत्र के मारकुंडी निवासी मधुसूदन त्रिपाठी की अगुवाई में दर्जनों लोगों ने जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती के विवादित बयान को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी को ज्ञापन सौंपा है। कहा है यदि मीरा भारती की अविलंब गिरफ्तारी नहीं की गई तो हम सब आंदोलन को बाध्य होंगे। इस तरह से जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी करना एक जनप्रतिनिधी को बिल्कुल भी शोभा नहीं देता है।

### विरोध प्रदर्शन कर एसपी को सौंपा ज्ञापन

विवादित बयान से आहत ब्राह्मण समाज ने जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर सवर्ण आर्मी संगठन और भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। सवर्ण आर्मी संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को जिला पंचायत सदस्य पर कार्यवाही को लेकर ज्ञापन दिया है।

### पुलिस अधीक्षक कोर्ट जाने की दे रहे सलाह: जिलाध्यक्ष

भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा 卐 हीरो 卐 ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग की है। बताया कि जिला पंचायत द्वारा जाति विशेष को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में जब पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन देने के बजाय कोर्ट जाने और पीआईएल दायर करने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा एसे भ्रष्टाचारी पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनता को न्याय मिलना असंभव है। अधिकारी वह नहीं जो आईपीएस की परीक्षा पास करले, उसके साथ-साथ जनता को न्याय कैसे देना है, हमारे नैतिक कर्तव्य क्या हैं,यह बेहद जरूरी है। जिले के थानों में बगैर रिश्वत दिए कोई काम नहीं हो रहे हैं। कहा अगर इसे पुलिस अधिकारियों के हाथ में कमान सौंपा दी जाएगी तो जनता कहा न्याय मांगने जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया उक्त मामले को लेकर जब मैं एसपी से मिला तो मुद्दे से हटकर मेरी शिक्षा कहां तक है, तुम्हारी उम्र के मेरे बेटे हैं आदि बातें कर अफ़रसाही झाड़ने लगे। अब ऐसे में जनता किससे न्याय की उम्मीद करेगी? जब एक मुखिया ही अपने कर्तव्यों से विमुख हो चुका हो। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारी को हटाने की मांग की है।

# चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को डीएम ने दी चेतावनी, रोका वेतन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की। जिसमें जिलाधिकारी ने निदेशालय द्वारा चकबन्दी कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए भेजे गये प्रारूप के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद व बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल ने जिले में चल रहे चकबंदी कार्य एवं ग्राम चैपाल में आने वाले मामलों का ब्यौरा दिया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा के दौरान पूछे गए सवालों का सही जवाब न देने पर एवं कार्य में संतोषजनक प्रगति न मिलने के कारण सहायक चकबन्दी अधिकारी लईक अहमद पर कार्रवाई के लिए चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम चैपालों में आ रही चकबंदी मामलों की शिकायतों एवं मऊ तहसील के समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सहायक चकबंदी अधिकारी लईक अहमद, सुरेन्द्र कुमार व जगरूप वर्मा को जमकर फटकार लगाई। साथ ही सहायक चकबन्दी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व कैलाशनाथ सिंह को कठोर चेतावनी दी। साथ ही भविष्य में चकबन्दी के कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने में चकबन्दी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा 20 में लक्षित ग्राम महरुछ के आकार पत्र 23 को त्रुटिपूर्ण तैयार करने पर चकबन्दी लेखपाल संजीत कुमार को निलम्बित करने के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया तथा चकबन्दी कार्यों में लापरवाही बरतने पर अमित सिंह, मोहित कुमार, अशोक कुमार का माह दिसम्बर का वेतन रोकने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने चकबन्दी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि चकबन्दी कार्य ससमय पूर्ण कराएं अन्यथा प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। कहा कि निदेशालय की मंशानुरूप ग्राम में जन चैपाल लगाकर जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाए। इस मौके पर चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान व पौधारोपड़ कर कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन रामनगर में सोमवार को कांग्रेस परिवार की मुखिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का 74 वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला व सेवादल जिलाध्यक्ष यग्वेंद्र सिंह जादौन ने रक्तदान कर सोनिया की लंबी उम्र की कामना की। जिला कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता सभी ने हर्ष उल्लास के साथ केक काटकर मिठाई बाटकर सोनिया गांधी जिंदाबाद नारो के साथ जन्मदिन का जश्न मनाया। इसके बाद पौधारोपण करते हुए जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कहा जिस तरीके से सोनिया ने कांग्रेस परिवार को पाला है, हम सभी लोग ईश्वर से कामना करते हैं जन्म जन्मांतर तक हमारी मुखिया हमारे साथ रहे। इस मौके पर आरटीआई विभाग अध्यक्ष अयूब अंसारी, महिला अध्यक्ष शकुंतला पटेल, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष दुलीचंद विश्वकर्मा, एससी एसटी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र वाल्मीकि, सीताराम वर्मा, कमालुद्दीन, मोहम्मद फैजान उलहक, राजेश बुधौलिया, अशोक सक्सेना, शेर सिंह दोहर, अरविंद यादव, चांद मियां, दिनेश व्यास, कमल दोहर, असगरी बेगम, इंजीनियर मनमोहन सिंह जाटव, अमिताभ कुमार दीक्षित, जितेंद्र मिश्रा, नरेंद्र व्यास, योगेंद्र यादव, आदित्य कुमार मिश्रा, छाया पालीवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चन्दुर्रा में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोंच कोतवाली क्षेत्र के चन्दुर्रा गांव निवासी धीरज राठौर की पत्नी रिया 24 वर्ष ने सोमवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे पर लटक रहे पुत्रवधू के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया और पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। खबर मिलते ही सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल अरूण कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने फांसी के फंदे पर लटक रहे महिला के शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामले में सीओ अर्चना सिंह का कहना है कि मृतका के मायके वालों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# राजस्व वसूली में तेजी लाएं सभी विभाग: डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक में विकास और निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर और स्टांप विभाग के अधिकारियों को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण मांगा और प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, स्टांप क्रापवंचन में प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और धर-पकड़ अभियान चलाकर लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए। इसके अतिरिक्त, डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद्यान्न दुकानों से कालाबाजारी न होने पाए। जिन उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व पूर्ति अधिकारी कड़ी निगरानी रखें। उन्होंने खाद्यान्न दुकानों पर निरंतर जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## दो पक्ष में हुई मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पुलिस ने दो पक्षों की मारपीट के मामले में एक दूसरे की तहरीर पर दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतहराजू निवासी प्रथम पक्ष के राजू सिंह पुत्र देवी सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही अखिलेश उर्फ छुन्ना पुत्र धनपत समेत दो लोगों ने मिलकर उसके पिता के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष की महिला विमला देवी पत्नी अखिलेश ने भी पुलिस को दी।जिसमें बताया कि गांव के ही देवी सिंह पुत्र दलेल समेत दो लोगों ने मिलकर उसके परिजन के साथ मारपीट की और गाली गलौजकर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। फिलहाल पुलिस ने दोनों लोगों की तहरीर के आधार पर मामला दर्जकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड कर्वी की जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर डिलौरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जन चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे पाइपलाइन, नल कनेक्शन आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से ग्राम पंचायत वार जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति व अवशेष कार्यों के बारे में जानकारी ली। जिस पर कुछ ग्राम प्रधानों ने कहा कि अभी कुछ घरों में पानी की सप्लाई सहित रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष रह गया है। इस पर डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों, निर्माण कंपनी एवं टीपीआई को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य को जल्द पूर्ण कराने के दिशा-निर्देश दिए। कहा कि इस योजना के तहत कार्यदाई कम्पनियां दो-तीन में कार्य पूर्ण कर हैंडओवर करके चली जाएगी। इससे पहले ही ग्राम पंचायतों की पेयजल से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में अवगत कराएं। कहा कि रोड की गुणवत्ता अच्छी न होने पर अवगत कराए, उसे तत्काल कार्यदाई संस्थाओं द्वारा बनवाया जाएगा।

उन्होंने कार्यदाई संस्था एलएनटी व जीवीपीआर को निर्देशित किया की ग्राम प्रधानों द्वारा दी गई रिपोर्ट में कार्यदाई कम्पनियों की स्थिति खराब है। इसमें सुधार न होने पर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की टीम बुलाकर जांच कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि पेयजल व्यवस्था में कनेक्शन, सप्लाई व क्वालिटी तीन मुख्य उद्देश्य है ताकि सभी ग्राम पंचायत में पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। कहा कि अगली बैठक के पहले (15 दिन के अंदर) फीडबैक दें, जिससे रिपोर्ट को देखकर ही सहमति जताई जाएगी। कार्यक्रम में प्रधानों, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति सदस्यों व ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की टीशर्ट, कैप, बैग, कॉन्फ्रेंस पैड का वितरित किया गया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रधान संघ के अध्यक्ष विष्णु कांत पाण्डेय, जूनियर इंजीनियर हरिकेश कुमार, सहायक अभियंता गुलाम शिवताब सहित संबंधित अधिकारी सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, व्वयं सहायता समूत की महिलाएं आदि मौजूद रहे।

## पशुबाड़े से चोर उड़ा ले गए बकरियां

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** अज्ञात चोर पशुबाड़े में बंधी बकरियों को चोरी कर ले गए। पशु पालक ने बकरियां चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनपुरा निवासी पशुपालक सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पशुओं से अपना भरण पोषण करता है। उसके पास 22 बकरियां व 11 बच्चे हैं। रात में करीब घर के बगल में स्तिथ बाड़े में वह बकरियों व बच्चों को बंद करके घर सोने के लिए आ गया। रात करीब एक बजे अज्ञात व्यक्ति दो कार लेकर आए और पशु बाड़े का दरवाजा तोड़कर उसमे बंधी बकरियों और उनके बच्चों को कार में डाल लिया और कार लेकर जाने लगे। बकरियों की आवाज सुनकर जब पड़ोसियों ने उन्हें मोबाइल पर बकरियां चोरी की जानकारी दी तो वह जागकर बाहर निकला तो दोनों गाड़ियां जाती हुई दिखी। जिनमें उसकी बकरियां थीं। पीड़ित ने बताया उसने रात में ही डायल 112 को जानकारी दी। रात में पुलिस पहुंची लेकिन तब तक बकरियां चोर वहां से भाग चुके थे। पीड़ित पशुपालक ने उसकी बकरियां बरामद कराने की गुहार पुलिस से लगाई है।

# डीआईजी जेल ने कारागार का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उपमहानिरीक्षक कारागार प्रयागराज परिक्षेत्र राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष सुरक्षा बैरिकों में अपने समक्ष तलाशी कराई।

निरीक्षण के दौरान उपमहानिरीक्षक ने हाई सिक्योरिटी बैरकों की एनएलजेडी से तलाशी कराई तथा सर्कल में स्थित बैरकों व विशेष सुरक्षा बैरिकों को भी खंगाला। तलाशी के दौरान कोई भी निषिद्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। उपमहानिरीक्षक ने जिला कारागार में चल रहे शिक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी भौतिक निरीक्षण किया तथा शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा बंदियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पाकशाला में भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता को भी परखा तथा महिला बैरिक में बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के खानपान, पोषण व शिक्षा के बारे में भी जानकारी लेते हुए जेल अधीक्षक को विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों से चिकित्सकीय देखभाल संबंधी पूछताछ की। उपमहानिरीक्षक ने जेल अधीक्षक को जिला स्तर पर लंबित समयपूर्व रिहाई प्रकरणों के तीव्र निस्तारण के लिए निर्देश दिए तथा धारा 479 बीएनएसएस के तहत पात्र बंदियों के जमानत के लिए सम्बन्धित कोर्ट के तहत तीव्र कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, प्रभारी जेलर रजनीश सिंह, डिप्टी जेलर प्रमोद कुमार कन्नौजिया, जेल चिकित्साधिकारी विकास सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए गौशालाओं में लगवाएं तिरपाल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को निराश्रित व बेसहारा गौवंशों के संरक्षण एवं भरण पोषण के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। बैठक जिलाधिकारी ने गौशालाओं के लिए नामित नोडल अधिकारियों से गौशालाओं की समस्याओं की जानकारी ली जिस पर सभी नोडल अधिकारियों ने अपनी अपनी रिपोर्ट प्रेषित की। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि गौशालाओं में गौवंशों को हरा चारा के साथ पौष्टिक आहार भी दिए जाए, जिससे गौवंश बीमार न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में चारागाह की जमीन एवं हरा चारा उपलब्ध है, वहां जिओ ट्रैकिंग कराएं एवं जहां नहीं वहां संबंधित उपजिलाधिकारी से निजी जमीन पर जिओ ट्रैकिंग कराए। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में चारागाह की जमीन दो-तीन है, वहां से अन्यत्र गौशालाओं के लिए भी चारा भेजें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं समस्या आती है, तो अवगत कराए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया की तहसील व ब्लॉक स्तर पर लेखपाल के माध्यम से चारागाह के लिए जमीन चिन्हित कर जिओ ट्रैकिंग कराए। ठंड से बचाव के लिए सभी गौशालाओं में तिरपाल लगवाते हुए तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करें। अगर नहीं लगता है, तो पंचायती राज अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो नोडल अधिकारी नहीं है, आए हैं उनको कारण बताओं नोटिस जारी करें।

### मीरा भारती की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन

# ब्राम्हण समाज का अपमान नहीं होगा बर्दास्त – विनीता द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



यूपी के चित्रकूट में सोशल मीडिया (फेसबुक) प्लेटफार्म पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ दलित नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा किए गए अमर्यादित पोस्ट पर विवाद गहराता जा रहा है । सोमवार को मीरा भारती की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ब्राम्हण समाज की दर्जनों महिलाओं ने वरिष्ठ भाजपा विनीता द्विवेदी और ममता तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक चित्रकूट कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को ज्ञापन देकर जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री विनीता द्विवेदी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफॉर्म पर ब्राम्हण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया है। जिससे पूरा ब्राम्हण समाज आहत हुआ है। आरोप लगाया कि इस तरह की अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया प्लेटफार्म में वायरल करते हुए जिले में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।वही मानता तिवारी ने कहा कि अगर ब्राम्हणों का अपमान करने वाली मीरा भारती के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो ब्राह्मण समाज चुप रहने वाला नहीं है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने प्रदर्शनकारियों को इस मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

### छह लोगों पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गैंग बनाकर क्षेत्र में भय फैलाना और अवैध रूप से धन की उगाई करना व टावरों में लगी बैटरी चोरी करने जैसी अन्य घटनाओं को देखते हुए थानाध्यक्ष ने छह लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। गोहन थानाध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह ने गैंग लीडर मोहित तिवारी पुत्र बालमुकुंद तिवारी समेत 6 लोगों के खिलाफ गैंग बनाकर धन की उगाही करना टावरों से बैटरी चोरी कर आदि घटनाओं को अंजाम देने के चलते उन्होंने सभी छह अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की।

# शराबी पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर, प्राइवेट पार्ट को किया जख्मी

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जेसुखपुर में शराबी पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर उसके प्राइवेट पार्ट को जख्मी कर दिया। जिसे पड़ोसी ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जेसुखपुर निवासी रामकेश विगत 8 वर्ष पूर्व बिहार से एक महिला को खरीदकर लाया था। जिसने महिला से शादी कर ली थी और उसके दो बच्चे भी है। बताया गया कि रविवार को जब महिला घर में अकेली थी। तभी पति शराब पीकर आया, तो पत्नी ने ज्यादा शराब पीने से पति को मना कर दिया। पत्नी के द्वारा शराब पीने से मना करना नशेड़ी पति को इतना नगवार गुजरा कि उसने उसे बेरहमी से पीट दिया। इतना ही नहीं बल्कि मारपीट के साथ पत्नी के प्राइवेट पार्ट को बेहरमी से लहूलुहान कर दिया। जिससे प्राइवेट पार्ट से खून की घार बहने लगी। जिससे वह बेहोश हो गई और पति उसे उसी हालत मे छोड़कर घर से भाग गया। इस दौरान पडोसी युवक उसके घर गया, जिसने महिला को खून से लथपथ बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो वह उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वही मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिह ने कहा कि महिला को इलाज के लिए झांसी भेजा गया है। आरोपी पति की तलाश की जा रही है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


# जस्टिस शेखर कुमार यादव के विवादित बोल पर गरमाई राजनीति

# कठमुल्ला देश के लिए घातक बहुसंख्यकों की इच्छा से चलेगा देश



**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मौजूदा जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के एक विवादित बयान पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। राजनीतिक दलों के नेता खुलकर उनके बयान की कड़े शब्दों में निंदा कर रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने तो यहां तक कह दिया कि ऐसे जजों से अल्पसंख्यक न्याय की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में हाई कोर्ट के मौजूदा जज शेखर कुमार पहुंचे थे। उन्होंने यहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखते यूसीसी को देश के लिए जरूरी बताया। इस दौरान मंच साझा करते हुए जज जस्टिस शेखर कुमार ने मुसलमानों के लिए कठमुल्ला शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने चरमपंथियों को 卐कठमुल्ला卐 कहा और सुझाव दिया कि देश को उनके प्रति सतर्क रहना चाहिए। इतना ही नहीं उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हिन्दुस्तान बहुसंख्यकों के हिसाब से ही चलेगा। उन्होंने कहा कि इसे परिवार या समाज के संदर्भ में देखें, केवल वही स्वीकार किया जाएगा, जो बहुसंख्यकों के कल्याण और खुशी के लिए फायदेमंद हो। इस मौके पर हाईकोर्ट के एक अन्य न्यायाधीश जस्टिस दिनेश पाठक भी मौजूद थे।

### हलाला, तीन तलाक पर साधा निशाना

जज शेखर यादव ने मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। कहा कई पत्नियां रखना, तीन तलाक और हलाला जैसी प्रथाएं अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे कहते हैं कि हमारा पर्सनल लॉ इसकी अनुमति देता है, तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। आप उस महिला का अपमान नहीं कर सकते, जिसे हमारे शास्त्रों और वेदों में देवी की मान्यता दी गई है। आप चार पत्नियां रखने, हलाला करने या तीन तलाक के अधिकार का दावा नहीं कर सकते। आप कहते हैं, हमें तीन तलाक देने और महिलाओं को भरण-पोषण न देने का अधिकार है लेकिन यह अधिकार काम नहीं करेगा।

### सनातन धर्म की कुरीतियों का हुआ अंत

न्यायधीश यादव ने स्वीकार करते हुए कहा कि सनातन धर्म में भी बाल विवाह और सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयां थीं, लेकिन राम मोहन राय जैसे सुधारकों ने इन प्रथाओं को खत्म करने के लिए संघर्ष किया और आज समाज इन प्रथाओं से पूरी तरह मुक्त है। आज विधवा विवाह भी होता है और बेटी को माता का रूप में पूजा जाता है।

### जीवों पर दया करना हिन्दुओं के संस्कार में

जस्टिस यादव ने आगे कहा कि , हमारे देश में हमें सिखाया जाता है कि छोटे से छोटे जानवर को भी नुकसान न पहुंचाएं। चींटियों को भी न मारें और यह सीख हमारे अंदर समाई हुई है। शायद इसीलिए हम सहिष्णु और दयालु हैं। जब दूसरे पीड़ित होते हैं, तो हमें दर्द होता है, लेकिन आपकी संस्कृति में, छोटी उम्र से ही बच्चों को जानवरों का वध करने के बारे में बताया जाता है। आप उनसे सहिष्णु और दयालु होने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?卐

### कठमुल्ला शब्द के इस्तेमाल पर भड़के ओवैसी

हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि, 'एक हाई कोर्ट के जज ने 'कठमुल्ला' शब्द का प्रयोग किया और भारत में मुसलमानों के लिए शर्तें निर्धारित कीं (जैसे कि हमें उनकी अनुमति की आवश्यकता हो)। हैदराबाद के सांसद ने अपनी पोस्ट में 'रिस्टेटमेंट ऑफ वैल्यूस ऑफ ज्यूडिशियल लाइफ' (1997) से कुछ हिस्से भी साझा किए, जिसमें न्याय व्यवस्था में शामिल जजों को अपनी भूमिका और व्यवहार को लेकर सजग रहने की सलाह दी गई है।

### न्यायपालिका की साख को कमजोर करते हैं ऐसे बयान

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'प्रयागराज यूपी में विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव का बयान न्यायिक गरिमा, संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और समाज में शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी का गंभीर उल्लंघन है। 'कठमुल्ला' जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भी प्रश्न चिह्न लगाता है। ऐसे बयान समाज में सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देते हैं, जो न्यायपालिका जैसे पवित्र संस्थान के लिए अक्षम्य है. एक न्यायाधीश का कर्तव्य है कि वह अपने शब्दों और कार्यों से समाज को एकजुट करे, न कि वैमनस्य को बढ़ावा दे। ऐसे बयान न्यायपालिका की साख को कमजोर करते हैं और जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाते हैं। न्यायाधीश का धर्म केवल न्याय होना चाहिए, न कि किसी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह।

### 8वां बिन्दु के अनुसार

'कोई भी न्यायाधीश सार्वजनिक बहस में शामिल नहीं होगा या राजनीतिक मामलों या ऐसे मामलों पर सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं करेगा जो न्यायिक निर्णय के लिए न्यायालय के समक्ष लंबित हैं या आने वाले हैं।

### 16वें बिंदु के अनुसार

'प्रत्येक न्यायाधीश को हर समय इस बात के प्रति सचेत रहना चाहिए कि वह जनता की निगाह में है और उसके द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए जो उसके उच्च पद तथा उस सार्वजनिक सम्मान के प्रतिकूल हो, जिस पर वह आसीन है।

### अक्सर चर्चाओं में रहने वाले जस्टिस शेखर यादव के बारे में जानें

जस्टिस यादव वर्तमान में इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज हैं। 16 अप्रैल, 1964 को उनका जन्म हुआ। यादव ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कानूनी शिक्षा प्राप्त की। 1988 में कानून की डिग्री के साथ स्नातक किया। 1990 में उन्होंने एक वकील के रूप में नामांकन कराया और इलाहाबाद हाई कोर्ट में मुख्य रूप से सिविल और संवैधानिक कानून पर केंद्रित कानूनी करियर की शुरुआत की। जज शेखर यादव ने उत्तर प्रदेश राज्य के लिए अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता और स्थायी वकील के रूप में काम किया और बाद में अतिरिक्त मुख्य स्थायी वकील की ज़िम्मेदारी संभाली। उन्होंने भारत संघ और रेलवे के लिए वरिष्ठ पैनल वकील के रूप में भी काम किया और वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के स्थायी वकील के रूप में प्रतिनिधित्व किया। 12 दिसंबर 2019 को जस्टिस यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। 26 मार्च 2021 को उन्हें स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 15 अप्रैल 2026 है।

### विवादों से जस्टिस यादव का गहरा नाता

जस्टिस शेखर कुमार यादव का विवादों से गहरा नाता रहा है। मुस्लमानों को टारगेटेड हालिया बयान के अलावा जज साहब पहले भी कई विवादित बयान दे चुके हैं। इससे पहले साल सितंबर 2021 में गोहत्या अधिनियम के तहत गायों की चोरी और तस्करी के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए विवादित बयान से वे सुर्खियों में रहे थे। उन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग करने के साथ ही गोरक्षा को 'हिंदुओं का मौलिक अधिकार' घोषित करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि वैज्ञानिक का मानना है कि गाय एकमात्र ऐसा जानवर है जो ऑक्सीजन छोड़ता है। उसी साल, उन्होंने चुनाव आयोग को कोविड-19 के खतरे की वजह से चुनावी रैलियों पर प्रतिबंध लगाने और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव स्थगित करने का 卐सुझाव卐 दिया था।

### एक देश एक दंडात्मक कानून होना चाहिए

जस्टिस यादव ने देश भर में समान नागरिक संहिता की उम्मीद जताते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में वक्त लगा, लेकिन वह दिन दूर नहीं जब यह साफ हो जाएगा कि अगर एक देश है, तो एक दंडात्मक कानून होना चाहिए। जो लोग धोखा देने या अपना एजेंडा चलाने की कोशिश करते हैं, वे लंबे वक्त तक नहीं टिकेंगे।

### भगवद्गीता और रामायण जैसे ग्रंथों को सम्मान देने के लिए बने कानून

अक्टूबर 2021 में जस्टिस यादव ने केंद्र सरकार से भगवान राम, भगवान कृष्ण, रामायण, महाभारत, भगवद गीता और अन्य को सम्मान देने के लिए एक कानून लाने की अपील। जज यादव ने कहा था कि राम इस देश के हर नागरिक के दिल में बसते हैं, वह भारत की आत्मा हैं। इस देश की संस्कृति राम के बिना अधूरी है। भगवान कृष्ण और राम के सम्मान के लिए कानून लाने के साथ देश के सभी स्कूलों में इसे अनिवार्य विषय बनाकर बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता है, क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति सुसंस्कृत बनता है और अपने जीवन मूल्यों और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होता है।

### 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' चार्टर का उल्लंघन है जस्टिस यादव का बयान

सुप्रीम कोर्ट ने साल 1997 में 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' नामक चार्टर अपनाया था जिसके अंतर्गत 16 बिंदुओं को स्पष्ट किया गया था जो एक न्यायायिक लाइफ के बारे में स्पष्ट करतें हैं। जस्टिस यादव का विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में जाना ही न्यायायिक लाइफ का उल्लंघन है। जैसा कि 8वें और 16वें बिन्दु से स्पष्ट है।

## मकान कब्जा कराने के आरोप में तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में मकान कब्जा कराने के गंभीर आरोप के बाद तीन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। कृष्णानगर थाने में तैनात दरोगा सुनील मौर्या, हेड कांस्टेबल कप्तान सिंह और कांस्टेबल मामोहन को सस्पेंड कर दिया गया है। यह मामला कृष्णानगर के आजाद नगर इलाके का है, जहां इन पुलिसकर्मियों पर बुजुर्ग के मकान को कब्जा कराने में सहयोग का आरोप लगा था। जांच के बाद डीसीपी साउथ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इस घटना के बाद कृष्णानगर थाने के अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। डीसीपी साउथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीसीपी साउथ को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी है। डीसीपी ने स्पष्ट किया है कि दोषी पाए जाने वाले अन्य पुलिसकर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न केवल पुलिस की छवि पर सवाल उठाता है, बल्कि कानून के रक्षक की भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी को लेकर गंभीर बहस का विषय बन गया है।








**भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का 41वां स्थापना दिवस**
**11 दिसम्बर 2024 को विशेष 'ओपन डे'**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ 11-12 दिसंबर, 2024 के दौरान अपना 41वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर, 11 दिसंबर, 2024 के 'ओपन डे' के विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाता है।

**क्या देखें:**
- **गंगा एक्वेरियम:** अत्याधुनिक एक्वेरियम में स्वदेशी और विदेशी सजावटी मछली प्रजातियों, जिनमें समुद्री जीव भी शामिल हैं, को जानें तथा जलीय जीवन की विविधता के बारे में भी जानें।
- **राष्ट्रीय मत्स्य संग्रहालय एवं कोष:** मछली के नमूनों का एक विस्तृत संग्रह (हिमालय से लेकर लक्षद्वीप तक) देखें, जिसमें क्रायोबैंक, ऊतक, डीएनए और माइक्रोबियल संग्रह शामिल हैं। इंटरएक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से देश की मछली विविधता के बारे में जानकारी प्राप्त करें। भारत में मात्स्यिकी में उपयोग किए जाने वाले क्राफ्ट और गियर्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन का आनंद लें।

**आने का कारण:**
- **शैक्षिक अनुभव:** यह ओपन डे छात्रों को मछली विविधता, संरक्षण प्रयासों और संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में ज्ञान बढ़ाने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

**प्रमुख उपलब्धियां:**
- भारत की मत्स्य आनुवंशिक संसाधनों का अन्वेषण और सूचीकरण।
- विज्ञान के लिए नई 60 फिश/शेलफिश प्रजातियों की खोज।
- मत्स्य अनुसंधानकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए ऑनलाइन डेटाबेस।
- देशभर में मीठे, खारे और समुद्री मछली संसाधनों के लिए सजीव जर्मप्लाज्म संसाधन केंद्र।
- 30 से अधिक मछली प्रजातियों के लिए मिल्ट क्रायो प्रिजर्वेशन प्रोटोकॉल।
- मछली रोगों पर अखिल भारतीय निगरानी कार्यक्रम।
- अनुसंधान और विकास के लिए मछली सेल लाइनों का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह।
- मछली रोगों की रिपोर्टिंग और प्रबंधन के लिए "रिपोर्टफिशडिजीज" (आरएफडी) ऐप एवं मत्स्य अन्वेषण हेतु इक्सोटिक फिश सर्वे एप।
- खाद्य और सजावटी मछलियों, साथ ही क्रस्टेशियंस की दो दर्जन प्रजातियों के केप्टिव प्रजनन के लिए प्रौद्योगिकी।
- ग्रामीण, तटीय और द्वीप क्षेत्रों के लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकियों का प्रसार और क्षमता निर्माण।

**मत्स्य किसान और अन्य हितधारकों के लिए सेवाएं:**
- नदी रैंचिंग और मत्स्य पालन गतिविधियों के लिए गुणवत्तापूर्ण मछली बीजों का उत्पादन और वितरण।
- प्रजनन कार्यक्रमों के लिए क्रायोप्रिजर्व्ड मिल्ट के उपयोग पर प्रशिक्षण और प्रक्षेत्र प्रदर्शन।
- उद्यमशीलता विकास के लिए मत्स्य किसानों को तकनीकी समर्थन।
- जलीय कृषि में मछली रोगों के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए परामर्श।
- मछलियों में ऊमाइसीट रोगों के उपचार के लिए "ऊनील"।

स्थान
**भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो**
कैनाल रिंग रोड, तेलीबाग, लखनऊ-226002

अन्वेषण, शिक्षा और उत्सव का एक दिन हमारे साथ बिताएं। भारत के मत्स्य आनुवंशिक संसाधनों को सूचीकृत, संरक्षित और सतत उपयोग करने के कार्यों को देखने का अविश्वसनीय अवसर प्राप्त करें। देश के प्रमुख मत्स्य आनुवंशिक अनुसंधान संस्थान का दौरा करने का यह अनूठा अवसर न चूकें।
**ओपन डे पर ज्ञान और विद्वता साथ स्थापना दिवस मनाएं।**

**विद्यालय के छात्रों के लिए मुफ्त प्रवेश:**
मान्य आईडी कार्ड (विद्यालय द्वारा जारी) रखने वाले छात्र अपने साथ आने वाले शिक्षकों के साथ गंगा एक्वेरियम और राष्ट्रीय मछली संग्रहालय एवं कोष का मुफ्त दौरा कर सकते हैं।
दिनांक: 11 दिसंबर, 2024, समय: सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक



जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण में राष्ट्र की 41 वर्षों की गौरवशाली सेवा


# संभलकर कहीं आप पैक्ड मिनिरल वाटर तो नहीं पी रहे



**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**

- एफएसएसएआई ने पैक्ड मिनिरल वाटर को हाई रिस्क कैटेगिरी में रखा
- पानी बेचने वाली कंपनियों को अब बीआईएस सर्टिफिकेट भी लेना होगा

**राज्य मुख्यालय।** कहते हैं स्वच्छ जल ही जीवन का आधार हैज और इसके बिना संसार की कल्पना करना भ्रम है। लेकिन अब यही साफ जल लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। जी हां! यह बात 100 फीसदी सच है। ऐसा हम नहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) कह रहा है। प्राधिकरण ने हाल ही में पैकेज्ड ड्रिंकिंग और मिनरल वाटर को हाई रिस्क वाले फूड कैटेगिरी में शामिल किया है।

### तेज धूप के संपर्क में आने से खराब होता है पैक्ड वाटर

सेहत की बात है तो यह जानना बेहद जरूरी है कि आखिर पैक्ड पानी हानिकारण क्यों है? दरअसल गर्मियों के दिनों में अक्सर सड़कों पर पानी पाउच और प्लास्टिक बोतलों में रखा पानी तेज धूप के संपर्क में आता जिस कारण प्लास्टिक की बोतल में मौजूद पॉलीइथिलीन टेरेफ्थेलेट लीचिंग प्रक्रिया शुरू कर देता है, जिससे पानी की गुणवत्ता पर बुरा असर होता है। यह पानी जब शरीर के अंदर जाता है तो ये रासायनिक पदार्थ शरीर में जमा होकर हार्मोनल असंतुलन, कैंसर और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। लंबे समय तक रखे गए बोतलबंद पानी में बैक्टीरिया बढ़ सकते हैं, यदि बोतल ठीक से सील नहीं की गई हो।

### भारतीय मानक ब्यूरो का सर्टिफिकेट जरूरी

अब पैक्ड पानी और मिनिरल वाटर को बाजार में उतारने से पहले पैकेज्ड पानी और मिनरल वाटर बनाने वाली कंपनियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का लाइसेंस लेने के साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो से सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा। इसके लिए पैक्ड पानी बेचने वाली कंपनियों के प्रोडक्ट को कई मानकों से होकर गुजरना होगा। यह सिद्ध करना होगा कि पानी पीने योग्य और सुरक्षित है। यदि कहीं भी गड़बड़ मिली तो लाइसेंस नहीं दिया जाएगा।

### ऐसे तैयार होता है पैकेज्ड पानी

भारतीय मानक ब्यूरो का सर्टिफिकेट यह सुनिश्चित करता है कि पैकेज्ड पानी पीने योग्य है या नहीं। पैकेज्ड वॉटर की यूनिट में पानी को फिल्टर करके साफ किया जाता है और फिर इसमें जरूरी खनिज मिलाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। दूषित पानी के कारण कई महामारियां फैलती हैं, इसलिए पैकेज्ड पानी की यूनिट को यह सुनिश्चित करना होता है कि उनका पानी पीने के लिए सेफ है या नहीं।

### सरकार की मंशा सकारात्मक

सरकार की मंशा है कि लोगों को खाने-पीने की शुद्ध चीजें मिलें, इसीलिए सरकार ने पानी के प्रोडक्ट को हाई रिस्क कैटेगिरी में रखा है। अब पानी बेचने वाली छोटी-मोटी कंपनियों को लाइसेंस लेने के लिए कड़ी मशक्क़त करनी होगी। या तो पानी को पीने योग्य बनाकर बाजार में उतारा जा सकेगा या फिर कई कंपनियां इस कारोबार से ही हाथ खींच लेंगी।

### बाजार में वही टिकेगा, जिसका शुद्ध होगा पानी

एफएसएसएआई के आदेश के बाद बंद बोतल पानी बेचने वाली कंपनियों में हलचल पैदा हो गई है। कंपनी की अब धांधली नहीं चलेगी। प्रोडक्ट की क्वालिटी सुधारने पर जोर देना होगा। बाजार में बने रहने के लिए कॉम्पटीशन भी बढ़ेगा। कुछ नई कंपनियां इस कारोबार में हाथ आजमाएंगी तो कई नामचीन कंपनियां खुद को बाजार में बनाए रखने के लिए जद्दोजहद भी करेंगी। खैर जो भी हो, लेकिन इतना तो तय है कि लोगों को अब पानी की गुणवत्ता में सुधार मिलेगा।

### खुलेआम बिक रहे बंद पानी पाउस पर प्रशासन करे कार्रवाई

एफएसएसएआई के आदेश के बाद पुलिस प्रशासन को ऐसी फैक्ट्रियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, जो एफएसएसएआई और बीआईसी के लाइसेंस बिना संचालित हैं। प्रदेश में सैकड़ों की तादाद में इस तरह की फैक्ट्रियां हैं।

### त्रस्तरीय जांच से गुजरना होता है हाई रिस्क पैक्ड फूड को

बता दें एफएसएसएआई के इस नये फैसले के बाद से वाटर और बंद बोतल मिनिरल वाटर को अब त्रस्तरीय जांच से गुजरना होगा। इस श्रेणी में शामिल चीजों को अनिवार्य निरीक्षण के साथ ही तीसरे पक्ष के ऑडिट के बाद ही लोगों को उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है।

### लोग पैक्ड वाटर बोतल को मानते हैं सेफ

अक्सर सफर में रेल, बस और हवाई यात्री मिनिरल वाटर के नाम पर बंद बोतल के पानी का इस्तेमाल करते हैं। यह पानी आसानी से कहीं भी उपलब्ध हो जाता है। पान के खोखे से लेकर वीवीआईपी होटल्स और मॉल्स में पैक्ड पानी मिल जाता है। वहीं आम दुकानों गली-मोहल्लों भी पैक्ड पानी को खरीदा जा सकता है। लेकिन लोगों को शायद ये नहीं मालूम था कि वे बंद बोतल पानी के रूप में धीमा जहर ले रहे हैं।

## पत्नी ने की पुलिस कार्रवाई की प्रशंसा तो मिला तलाक

**महिला ने संभल जिले में स्थानीय मस्जिद में कोर्ट के आदेश के बाद भड़की हिंसा को रोकने में पुलिस की भूमिका की प्रशंसा की थी**

- 36 वर्षीय महिला की शिकायत को महिला पुलिस थाने भेज दिया गया है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुरादाबाद में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि गुरुवार को पति ने उसे मौखिक रूप से तीन तलाक दे दिया, क्योंकि उसने संभल जिले में स्थानीय मस्जिद में कोर्ट के आदेश के बाद भड़की हिंसा को रोकने में पुलिस की भूमिका की प्रशंसा की थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सतपाल अंतिल ने घटना की पुष्टि की और कहा कि 36 वर्षीय महिला की शिकायत को महिला पुलिस थाने को भेज दिया गया है। एसएसपी अंतिल के अनुसार काठघर इलाके की एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है। उसने बताया है कि संभल में हुई हिंसा का वीडियो देखने और पुलिस की तारीफ करने के बाद उसे तीन तलाक दे दिया गया। उसने कई अन्य आरोप भी लगाए हैं।

## पैथोलॉजी में गड़बड़झाला, एचआईवी नेगेटिव को पॉजिटिव दिखा डाला

**मामला डॉक्टर नारायण पैथ लैब्स से जुड़ा है कई मरीजों की रिपोर्ट को सौ गुना तक बढ़ाने- घटाने का आरोप भी लगा है**

- पैथोलॉजी संचालक का आरोप है कि रिपोर्ट में हेराफेरी उनके पूर्व मैनेजर ने की
- पैथोलॉजी के डॉक्टर हर्ष कुलकर्णी की आईडी हैक कर भी कई मरीजों की रिपोर्ट में हेर फेर का आरोप
- पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जांच चल रही है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



एक पैथोलॉजी द्वारा एचआईवी नेगेटिव रिपोर्ट को पॉजिटिव दिखाने समेत कई अन्य गलत जांच रिपोर्ट देने का एक अजीबोगरीब मामला राजधानी लखनऊ में सामने आया है। पैथोलॉजी संचालक का आरोप है कि रिपोर्ट में हेराफेरी उनके पूर्व मैनेजर ने की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जांच चल रही है। मामला डॉक्टर नारायण पैथ लैब्स से जुड़ा है। कई मरीजों की रिपोर्ट को सौ गुना तक बढ़ाने- घटाने का आरोप भी लगा है। इस संबंध में लैब की संचालक डॉक्टर अर्चना सिंह ने पूर्व मैनेजर अंकुर वर्मा पर विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

लखनऊ के विजयंतखंड इलाके से संचालित डॉक्टर नारायण पैथ लैब्स का एक सेंटर बाराबंकी के डॉक्टर केएन सिंह हॉस्पिटल एंड मेडिकल साइंसेज में भी है। इस पैथोलॉजी का मैनेजर अंकुर वर्मा था। अप्रैल 2024 में यहां नौकरी शुरू करने वाले अंकुर ने मालिकों से मतभेद के चलते नवंबर में नौकरी छोड़ दी। लैब की ओर से अंकुर को मिले मोबाइल फोन पर मरीजों की रिपोर्ट आती थी, जिसे अंकुर ने नौकरी छोड़ने के बाद भी वापस नहीं किया।

अब लैब संचालकों ने अंकुर पर एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि अंकुर वर्मा ने तमाम मरीजों की रिपोर्ट से छेड़छाड़ की। यही नहीं, पैथोलॉजी के डॉक्टर हर्ष कुलकर्णी की आईडी हैक कर भी कई मरीजों की रिपोर्ट में हेर फेर का आरोप लगाया गया है।

### शक होने पर की गई जांच में हेरफेर पकड़ में आई

अंकुर वर्मा पर पैथोलॉजी के कई कर्मचारियों को धमकाने का भी आरोप लगा है। लैब संचालक का कहना है कि गड़बड़ रिपोर्ट्स मरीजों तक नहीं पहुंच पाई थीं। शक होने पर की गई जांच में ही हेरफेर पकड़ ली गई थी। मामले में विभूतिखंड पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने जिला आयुष समिति की किया समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक की।बैठक में उन्होंने सबसे पहले उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की।इसके उपरांत डीएम ने आयुष विभाग के निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों के उच्चीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर,प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर सैंपल एकत्रित कर जांच करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि समस्त चिकित्सालयों में मरीज हेतु समस्त मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक दवावों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।और जिन चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है,उनको समिति के समक्ष प्रस्तुत कर हैंडोवर कराया जाए।जिससे कि आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके।जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह स्वयं निगरानी करते हुए टीम गठित कर छापेमारी,मूलभूत सुविधाओं इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शारदन,राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बड़गांव तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पच्चीस शैय्या अमेठी में संचलित हैं।उन्होंने बताया कि जनपद में योग एवं आयुष विद्या को आधिकाधिक जनसुलभ बनाने हेतु नगरीय क्षेत्र में,पार्कों में,आवास विकास एवं नगर विकास विभाग के सहयोग से योग सत्र का संचालन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 18 आयुर्वेद चिकित्सालय तथा 9 यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं।उन्होंने कहा कि आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में अंशकालिक योग प्रशिक्षक महिला के पांच पद पद रिक्त हैं।जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें आवश्यक कार्यवाही कर रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती का निर्देश दिया।जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने कहा कि आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में ब्लड शुगर,हिमोग्लोबिन,गर्भावस्था की निऱ्शुल्क जांच की जा जाती है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आयुष समिति के समस्त सदस्य एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# संगठन चुनाव को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक जसवंत सैनी ने की चर्चा

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज/अमेठी**




भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव प्रक्रिया तेज कर दी है।पंद्रह दिसम्बर तक मंडलों के गठन और तीस तक जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।भाजपा ने संगठन चुनाव के लिए योगी सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी को सुलतानपुर,अमेठी व प्रतापगढ़ का चुनाव पर्यवेक्षक बनाया है।राज्य मंत्री जसवंत सैनी सोमवार को जिले में पहुंच कर जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय की उपस्थिति में पार्टी के जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों मंडल चुनाव अधिकारी और मंडल अध्यक्षों के साथ चर्चा किया।इस दौरान उन्होंने संगठन चुनाव को पारदर्शी ढंग से कराने और श्रेष्ठ कार्यकर्ता चुनने के संबंध में आवश्यक चर्चा किया।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्री सैनी एमएलसी समेत विधायकों,पूर्व जिलाध्यक्षों,अन्य जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं से मिलकर संगठन चुनाव के सम्बन्ध में समीक्षा किया। पर्यवेक्षक का प्रमुख कार्य पार्टी के संगठनात्मक चुनावों की निगरानी करना होगा।जिससे पार्टी की आंतरिक संरचना मजबूत और पारदर्शी बनी रहे।ये चुनाव बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे को बेहतर बनाने और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने की दिशा में अहम कदम हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला,पूर्व विधायक तेजभान सिंह,एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह,काशी प्रसाद तिवारी,पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित,राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री रामकृष्ण भारती पूर्व जिला महामंत्री एवं आशा बाजपेई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष,मनोज जायसवाल जिला मंत्री अशोक मौर्य जिला मंत्री भागीरथी मौर्य जिला महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिलक भवन में गरीबों को कंबल व भंडारा प्रसाद नि :शुल्क शिविर सहित कई कार्यक्रम संपन्न हुए

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति माननीय सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर जिलाकांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया विशेष रूप से रक्तदान कार्यक्रम व कंबल वितरण भंडारा प्रसाद जिला कार्यालय कांग्रेस कमेटी तिलक भवन में गरीबों को कंबल बांट कर व भोजन प्रसाद बांटा गया इसी क्रम में शहर के प्रतिष्ठित सिम्हैंस हॉस्पिटल में सिमहैंस के डायरेक्टर व सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ मनीष सिंह चौहान द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस मौके पर हॉस्पिटल के सभी लोग उपस्थित रहे जिला चिकित्सालय में मरीजो को फल वितरण किया गया साईं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पर अमरीश वाजपेई ने केक काटकर अपनी नेता का जन्मदिन मनाया इस अवसर पर सभी कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री निर्मल शुक्ला सईदुल हसन अजीत सिंह शशिकांत पांडे नौशाद खतीब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव फिरोज खान सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती सुधा द्विवेदी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी इलियास उर्फ मन्नी एआईसीसी सदस्य रमेश कुमार शुक्ला वीके शुक्ला संतोष त्रिवेदी रामखेलावन पासी अनवर खान लाल आशकिरण सिंह मनोज मिश्रा सूर्यकुमार बाजपेई कल्याण चंद्र श्रीवास्तव घनश्याम शुक्ला सतगुरु देव लोधी विवेकानंद चौरसिया सुमित्रा रावत दिनेश यादव राजकुमार दीक्षित रमाकांत त्रिपाठी अतुल शर्मा आयुष द्विवेदी हाफिज रियाज रमाकांत सिंह उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

त्याग समर्पण बलिदान और विषमपरिस्थितियों में अदम्य साहस की परिचायक यूपीए चेयरपर्सन रायबरेली की लोकप्रिय सांसद रही माननीया श्रीमती सोनिया गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर आज के दिन को सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया रक्तदान शिविर का आयोजन अखिल भारतीय कमेटी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट वीरेंद्र यादव द्वारा किया गया सामाजिक सद्भावना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव श्री सुशील पासी जी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सोनकर जी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रायबरेली प्रभारी फिरोज खान जी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री वी के शुक्ला जी उपस्थित रहे कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रायबरेली की जनप्रिय सांसद रहीं सोनिया गांधी जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की इस अवसर पर पुष्पेंद्र यादव सुधांशु मौर्य अभिषेक लल्ला मौर्य जितेंद्र पासी विनोद चौधरी प्रशांत कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश यादव शिवा शिवचरित्र मौर्य शैलेश कुमार शिवाकांत तिवारी लालागोपाल यादव सुल्तान खान बृजेश कुमार रवि कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## राममंदिर निर्माण के साथ बाजारों में धनवर्षा, सिर्फ तीन साल के आंकड़े कह रहे विकास की कहानी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राममंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या के बाजारों में कारोबार को पंख लग गए हैं। स्टेट जीएसटी के अयोध्या जोन के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं। साल-दर-साल राजस्व संग्रह में इजाफा हो रहा है। राममंदिर निर्माण के साथ अंतरराष्ट्रीय विवाद का पटाक्षेप हुआ तो इसका असर आसपास के जिलों में भी दिखा। अनुकूल माहौल में कारोबार को पंख लगे। बाजारों में धनवर्षा हुई तो सरकारी खजाना भी खूब भरा। स्टेट जीएसटी के साल-दर-साल बढ़ रहे आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। इसके अनुसार राजस्व संग्रह में जीएसटी ने तेजी से छलांग लगाकर विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। एक समय अयोध्या की पहचान विवादों की नगरी में रूप में थी। आए दिन आंदोलनों, धरना-प्रदर्शन आदि के कारण अक्सर यातायात परिवर्तित रहता था, जिससे लोग अयोध्या समेत आसपास के जिलों में भी कारोबार में दिलचस्पी नहीं लेते थे। अयोध्या की आय मठ-मंदिरों और छोटे-मोटे व्यवसायों पर ही निर्भर थी। नौ नवंबर, 2019 को ऐतिहासिक फैसले ने सिर्फ बड़े विवाद का खात्मा ही नहीं किया, बल्कि विकास की नई इबारत भी लिखी। मंदिर निर्माण के फैसले से लोग यहां कारोबार को लालायित हुए। तमाम तरह के व्यवसायों का ताना-बाना बुनना शुरू हुआ। पांच अगस्त, 2020 को मंदिर के भूमिपूजन के बाद जैसे-जैसे मंदिर की दिव्यता और भव्यता निखरती रही, यहां कारोबार भी फलते-फूलते रहे। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तो कारोबार दोगुनी रफ्तार से फर्राटा भर रहा है।

## अयोध्या से हुई रामायण कॉन्क्लेव की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में रामायण कॉन्क्लेव का शुभारंभ हो गया है। इस बार इसका आयोजन विदेश में भी किया जाएगा। कॉन्क्लेव का आयोजन राम वन गमन मार्ग के चार स्थलों समेत छह प्रदेश के साथ देश के 10 स्थानों पर किया जाएगा। श्रीराम की नगरी अयोध्या में रामायण कॉन्क्लेव का उद्घाटन हुआ। इस बार अयोध्या ही नहीं विदेश तक रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। राम वन गमन मार्ग के चार स्थलों समेत छह प्रदेश के साथ देश के 10 स्थानों पर रामायण कॉन्क्लेव का उद्घाटन होगा। इसके अलावा श्रीलंका और नेपाल में भी रामायण कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। आम जन को रामायण और राम से जोड़ने का यह अनूठा प्रयास संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग की ओर से किया जा रहा है। रामायण कॉन्क्लेव का उद्घाटन सोमवार को हुआ। मंगलवार को भी अयोध्या में रामायण कॉन्क्लेव होगा। इसमें तमाम सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। रामायण कॉन्क्लेव का पहली बार विदेश में आयोजन होने जा रहा है। भारत के छह राज्यों में 10 स्थानों पर रामायण का उद्घाटन होगा। इसमें मुख्य रूप से चार स्थान वो होंगे, जिस मार्ग से भगवान श्रीराम वन गए थे। अंतरराष्ट्रीय रामायण वैदिक शोध संस्थान के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग के साथ मिलकर करता है। कॉन्क्लेव शब्द विश्व को आकर्षित करता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर के रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय व दीवानी कचहरी परिसर में केक काटकर मनाया श्रीमती सोनिया गांधी जी का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती शैलजा सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रायबरेली में उन्होंने अपनी नेता सोनिया गांधी जी का जन्मदिन अपनी महिला संगठन के साथियों के साथ केक काटकर व मिठाई बांटकर मनाया इस अवसर पर महिला संगठन की किरण मिश्रा बबीता सिंह रतन सिंह मंजू यादव बीना मिश्रा प्रिया गुप्ता पूनम यादव तृप्ति दर्शनी रूप अलका गुप्ता सहित महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं इसी क्रम में युवा नेता ने सोनिया गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली के पूर्व छात्र नेता एनएसयूआई के ऋषभ राघवेंद्र बाजपेई ने अपने तमाम साथियों के साथ प्राथमिक विद्यालय में प्यारे छोटे बच्चों के साथ केक काटकर फल एवं मिठाई वितरण कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और उनकी दीर्घ आयु कि कामना कि गई इस अवसर पर महेश्वर सिंह सुभाष सोनकर प्रशांत पांडे अरविंद चौधरी प्रियांशु यादव मनु त्रिपाठी मयंक बाजपेई हरीश कुशवाहा सहित तमाम लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी से मिला रायबरेली राणा बेनी माधव बक्स सिंह समिति का प्रतिनिधि मंडल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शुक्रवार को रायबरेली राणा बेनी माधव बक्स सिंह समिति का प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिला समिति के पदाधिकारियों ने 5 कालिदास मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात करते हुए उपचुनाव एवं एवं महाराष्ट्र चुनाव में मिली अपार सफलता की बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की इसके साथ ही जनपद रायबरेली में अमर शहीद राना बेनी माधव बक्स सिंह की स्मृति बन रहे सभागार की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही पहले फेज का काम पूरा कराने के साथ ही अगस्त 2025 में लोकार्पण कराने के सम्बन्ध में चर्चा हुई समिति के सुझावों पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपना सहयोग देने की बात कही एवं महाकुंभ मेले से पूर्व रायबरेली में एक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी महराज जी ने आश्वासन दिया है। इस अवसर पर श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष श्री हरिहर सिंह, उपाध्यक्ष श्रीरविन्द्रसिंह, उपाध्यक्षश्री राकेश सिंह उपाध्यक्षश्री आशुतोष सिंह, सचिव श्री उपमेन्द्र सिंह, संयोजक राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति, रायबरेली उपस्थित रहे।

# समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

समाजवाादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष गिरजाशंकर ''बबलू लोधी'' के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक का सफल संचालन जिला महामन्त्री दिलीप यादव ने किया। बैठक में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिनेश यादव एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान में जो भाजपा की सरकार चल रही है, वह गरीब, मजदूर के तबके की हितैशी नहीं है, वह बड़े पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष श्री लोधी ने कहा कि हर किसान, मजदूर, नौजवान के लिए समाजवादी पार्टी काम कर रही है, लेकिन भाजपा में पिछड़े वर्ग के लोगों की कहीं भी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है, अगर पिछड़ों का कहीं सम्मान है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ0प्र0 सरकार के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने पिछड़े वर्ग के लोगों को बराबर सम्मान देने का कार्य कर रहे हैं।बैठक में मुख्य रूप सेउमाशंकर लोधी, सत्यम कुशवाहा देवनरायन लोधी सरवन लोधी हार्दिक रावत पुत्तन लाल पासवान, शंखदेव लोधी आदि लोग उपस्थित रहे। आए हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापन जिला सचिव शिवपाल यादव द्वारा किया गय।

## प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मा 0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु यातायात पुलिस, रायबरेली के सहयोग से उपलब्ध प्रचार वाहन को अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ए0डी0आर0 सेन्टर छजलापुर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम जनमानस के मध्य लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेगा। इसअवसर पर डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउसिंल सिस्टम जय सिंह यादव, पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति, पवन कुमार श्रीवास्तव, वीरेन्द्र कुमार, सौम्या मिश्रा, पूनम सिंह , नियाज अहमद व नागेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# एम्स में मंदित/मूक बधिर दिव्यांगजनों के परीक्षण व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि समेकित शिक्षा योजनान्तर्गत दिव्यांग बच्चो को दिव्यांग प्रमाण पत्र/यू0डी0आई0डी0 निर्गत करने हेतु मेडिकल असेसमेन्ट कैम्प 23 जुलाई 2024 से 22 अगस्त 2024 तक आयोजित किये गये थे। जिनमें परीक्षणोपरान्त दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में दिव्यांग बोर्ड द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभिन्न परीक्षण हेतु रेफर किया गया है, रेफर किये गये दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण एम्स, रायबरेली/जिला चिकित्सालय, रायबरेली में 19, 23, 26, 31 दिसम्बर 2024 एवं 02, 06 जनवरी 2025 को किये जाएगे। पूर्व में मानसिक मंदित/मूक बधिर दिव्यांग जनों को परीक्षण हेतु लखनऊ जाना पड़ता था जिससे उन्हें अत्यन्त परेशानी का सामना करना पड़ता था मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली अर्पित उपाध्याय ने इसको संज्ञान में लेकर संवेदनशीलता के साथ जनपद रायबरेली में ही मानसिक मंदित/मूक बधिर दिव्यांगजनों का परीक्षण कराने के लिए एम्स रायबरेली में व्यवस्था कराई। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रायबरेली मोहन त्रिपाठी ने एम्स रायबरेली/ जिला चिकित्सालय रायबरेली से समन्वय स्थापित कर इस कार्य की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत कीउपरोक्त तिथियों में दिव्यांग बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं स्पेशल एजूकेटर के नाध्यम से उक्त बच्चों को परीक्षण स्थल पर लाने हेतु व्यवस्था की गयी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं का रहा बोल वाला

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**


सोमवार को जनपद के सिंहपुर विकास खंड परिसर में समाज कल्याण विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें दो सौ नवासी जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ।जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि समारोह में तिलोई, सिंहपुर, बहादुरपुर,जामो विकास खण्डों के 289 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।जिसमें 238 हिंदू तथा 51मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।इस योजना के अंतर्गत 51000 रुपए प्रति जोड़ा धनराशि व्यय की जाती है।जिसमें 35000 रुपए कन्या के दांपत्य जीवन में खुशहाली हेतु बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है।दस हजार की उपहार सामग्री बर बधू को प्रदान की जाती है।तथा छ हजार धनराशि समारोह के आयोजन में खर्च किया जाता है।उन्होंने बताया कि गरीब परिवार के जोड़ों के विवाह हेतु वैवाहिक सामग्री जैसे कपड़े चांदी की बिछिया व पायल स्टील डिनर सेट प्रेशर कुकर ट्रॉली बैग वैनिटी कीट एवं दीवार घड़ी आदि प्रदान की जाती है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तिलोई कृष्ण कुमार सिंह रहे।



*मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था का बोल बाला रहा*

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मिलने वाले उपहार को पाने के लिए पक्ष को घंटो लाइन लगाकर जोर आजमाइस करनी पड़ी।तब कहीं दस हजार रूपये का उपहार मिला।अव्यवस्था के बीच हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपहार के लिए लाइन लगाए दूल्हे पक्ष के कारण कुछ जोड़ों को देर हो गयी।जहां कुछ जोड़ों की शादी सम्पन्न हो गयी।तो वहीं कुछ जोड़े विवाह कार्यक्रम समापन के समय तक अपनी जगह तलाशने में जुटे रहे।विवाह समारोह समापन के समय तक विवाह मंडप की कुछ बनाये गए सीटें,जँहा वर वधू को बैठना था,खाली पड़ी रही।और जोड़े मौजूद नहीं रहे।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ जोड़े औपचारिकता भर के लिए उपस्थित रहे।एडीओ समाज कल्याण प्रवीण सिंह ने बताया की सरकार की तरफ से इक्यावन हजार रूपये का बजट है।जिसमें वर वधू को दस हजार का उपहार वहीं पैंतीस हजार वधू के बैंक खाते में भेजा जायेगा।और बचे छः हजार से वर वधू के परिजनों के भोजन की व्यवस्था की गयी है।

# कानपुर ज्योति हत्याकांड में प्रेमिका हुई बरी, पति को सजा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर का हाई प्रोफाइल ज्योति श्याम दासानी हत्याकांड मामले में हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी पीयूष श्याम दासानी की प्रेमिका मनीष मखीजा को मामले में बरी कर दिया है। पीयूष समेत पांच आरोपियों की सजा बरकरार रखी गई है। इन पांचों आरोपियों की अपील कोर्ट ने खारिज कर दी। जबकि मनीषा मखीजा की अपील स्वीकार कर ली है। ज्योति के पिता शंकर नागदेव ने कहा कि वह मनीष मखीजा को रिहा करने वाले आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। सूत्रों के मुताबिक 27 जुलाई 2014 को ज्योति की हत्या हुई थी। मामले में पीयूष श्याम दासानी, सोनू कश्यप, रेनू उर्फ अखिलेश कनौजिया, आशीष कश्यप, अवधेश चतुर्वेदी, और मनीषा मखीजा को सेशन कोर्ट से 20 अक्टूबर 2022 को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। इन सभी ने सेशन कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में अपील कर चुनौती दी थी। अपील पर न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने सुनवाई की। हाई कोर्ट ने सभी आरोपियों के साक्ष्यों और गवाहों के बयान की समीक्षा करने के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने में सफलता हासिल की। अभियोजन ने जो सबूत पेश किया उसे षड्यंत्र और हत्या की पूरी चैन खुलकर सामने आ गई। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों को सजा सुनाए जाने का निर्णय पूरी तरीके से सही है। और इसमें हस्तक्षेप करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

## मनीषा मखीजा के षड्यंत्र में शामिल होने के वक्त प्रमाण प्राप्त नहीं

ज्योति श्याम दासानी हत्या किस मामले में आरोपी मनीषा मखीजा के मामले में हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को नजर अंदाज किए जाने और मात्र आशंका के आधार पर सजा सुनाई जाने को गलत करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि मनीषा के इस षड्यंत्र में शामिल होने के पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं। अभियोजन यह भी साबित करने में असफल रहा कि मनीषा को ज्योति की हत्या के षडयंत्र और पीयूष के इरादे की पहले से ही जानकारी थी। सिर्फ आशंका और संभावना के आधार पर साक्ष्य की चेन पूरी नहीं होती है। इसलिए मनीषा संदेह का लाभ पाने की हकदार है। मनीषा पहले से जमानत पर है। कोर्ट ने उसके बिल बंद निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

आपको बताते चलें सेशन कोर्ट के फैसले में स्पष्ट किया गया कि पीयूष ने ज्योति के अपहरण और हत्या का आपराधिक षडयंत्र रचकर उसे किडनैपर के हवाले किया था। सजेशन ज्योति के शव को न केवल छुपाया बल्कि गलत सूचना देकर पुलिस को भ्रमित भी किया। मनीषा प्रत्यक्ष रूप से घटनास्थल पर मौजूद नहीं थी लेकिन पीयूष और सह अभियुक्तों के साथ लगातार फर्जी नाम से लिए गए सिम लगाकर मोबाइल से बात करना मनीषा के षड्यंत्र में शामिल होने की पुष्टि करता है। इसी तरह अवधेश रेनू और सोनू ने ज्योति का अपहरण कर हत्या की और जेवर लूट लिए थे। आशीष ने भी हत्या और सबूत मिटाने में मदद की थी। इसलिए सभी हत्या के दोषी पाए गए थे। सेशन कोर्ट ने मनीषा मखीजा के अलावा बाकी पांच अभियुक्तों को अपहरण हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी माना था। मनीषा को सिर्फ हत्या और साक्षी मिटाने का दोषी माना गया था।

## सेशन कोर्ट से कैसे मिली थी इन सभी को सजा

ज्योति हत्याकांड की विवेचना के बाद पुलिस में कोर्ट ने 109 गवाहों के आधार पर लगभग 2700 पेज की कैसे तारीख कोर्ट में दाखिल की थी। विवेचना के लिए विवेचक के सहयोग के लिए 6 सह विवेचकों की टीम भी लगाई गई थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान कोर्ट में अभियोजन की ओर से 37 बचाव पक्ष की ओर से 5 और साक्षी के रूप में तीन गवाकोट में पेश किए गए थे। 27 जुलाई 2014 को ज्योति श्यामदासानी की अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 21 अक्टूबर 2022 को अपर जिला जज प्रथम अजय कुमार त्रिपाठी ने धनतेरस के एक दिन पहले शहर के चर्चित ज्योति हत्याकांड का फैसला सुनाया था।

# कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी का 78वां जन्मदिन मनाया

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा देश की यशस्वीं महानायिका यू पी ए की चेयरपर्सन, राज्य सभा सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी के 78 वें जन्मदिवस पर लेनिन पार्क चौराहा ,पी रोड पर सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में भव्य समारोह आयोजित कर केक काट कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। जहां पर सभी कांग्रेस जनों ने 31 होकर उनकी लंबी आयु की कामना की इस मौके पर सहायक कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी जी आदमी संबोधित करते हुए कहा श्रीमती सोनिया गांधी जी ने इस देश को उन हालात से बाहर निकलने का काम किया जिस समय देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था सीमाएं सुरक्षित नहीं थी पाकिस्तान से कारगिल युद्ध भारत लड़ रहा था तत्पश्चात उनके संघर्ष के द्वारा ही कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में यूपीए की सरकार बनी और उसके नेतृत्व के लिए श्री मनमोहन सिंह जी को प्रधानमंत्री बनाया गया। देश आर्थिक तंगी से बाहर आया और उन्होंने कभी भी सत्ता व पद के लिए एक लम्हा भी काम नहीं किया। उनकी प्राथमिकता में देश की एकता अगर अखंडता भाईचारा रहा गरीब मजलूमों की आवाज को बुलंद किया। उनकी देन थी कि देश में मनरेगा जैसी योजना जिससे श्रम करने वाले मजदूरों को आर्थिक ताकत मिली रोजगार मिला और देश को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए सूचना का अधिकार जैसा कानून मिला किसने की जमीनों को और किसानों की ताकत को कोई चुनौती न दे पाए इसलिए भूमि अधिग्रहण जैसे कानून किसानों के हित में मिले और देश को शिक्षित करने के लिए जहां कोई गरीब का बच्चा शिक्षा के अभाव में ना रहे उसके लिए शिक्षा का अधिकार जैसे कानून इस देश में हर बच्चे को शिक्षा के लिए उपलब्ध कराए गए और जब उनके हाथ में था कि वह प्रधानमंत्री की शपथ लेती उसी पल उन्होंने देश की राजनीति को त्याग और समर्पण का नया आयाम दिया और प्रधानमंत्री पद को ठुकरा दिया और पूर्ण कालिक कांग्रेस पार्टी और देश की सेवा में अपना जीवन लगा दिया। इसलिए हर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता को गर्व है कि उन्हें श्रीमती सोनिया गांधी जी से एक सशक्त नेतृत्व प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह भादौरिया व संयोजन महेश मेघानी ने तथा धन्यवाद विशाल सोनकर ने दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, मनीष बाजपेई, हरीश गुप्ता, संजीव मिश्रा, दीपक त्रिवेदी, डॉ.हलीम उल्ला खां, रवि शंकर तिवारी, शिव किशोर मिश्र, आर के त्रिपाठी, निर्भय अवस्थी, मुकेश बाल्मिकी, संजय शिखर, रमेश गुप्ता दऊवा, डॉ संतोष त्रिपाठी, संजय सोनकर, राज लक्ष्मी सिंह, आसिफ इकबाल, अजय त्रिपाठी, नागेंद्र यादव, आतिफ रहमान, जितेंद्र ब्रह्म, कैलाश पाल, शांतनु दीक्षित, संजय दीक्षित डब्बू, मो.अख्तर, शकील मंसूरी, नूर अहमद, वेद प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह टिल्लू, राज किशोर वर्मा, राकेश द्विवेदी, राकेश बाजपेई, हिमांशु मिश्रा, राजेंद्र गौड़ मझले, फुजैल अंसारी आदि सैकड़ों कांग्रेस जनों ने मा सोनिया गांधी जी की दीर्घायु होने की कामना की।

# विश्व हिंदू परिषद ने श्रीरामलला आरोग्यधाम सेवा ट्रस्ट को सौंपे 4 आक्सीजन कंसंट्रेटर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त द्वारा श्रीरामलला आरोग्यधाम सेवा ट्रस्ट को 4 आक्सीजन कंसंट्रेटर सौंपे गए। विश्व हिन्दू परिषद् केन्द्रीय सह संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे, विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र जी, विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, विभाग मंत्री गौरांग ने श्रीरामलला आरोग्यधाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ उमेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष भवानीभीख तिवारी, डॉ सौरभ को 4 आक्सीजन कंसंट्रेटर लोक कल्याण हेतु सौंपे। विनायक राव ने इस अवसर पर कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, जनमानस के हितार्थ ही विश्व हिन्दू परिषद् कार्य करता है। गजेन्द्र जी ने कहा कि सामाजिक सहयोग से समाज के हितार्थ समाज के लिए कार्य करते रहने का भाव सदैव कार्यकर्ताओं के मन में रहता है। आगे उन्होंने कहा कि हमारी सामाजिक ऊर्जा सदैव सकारात्मक प्रयोजनों में लगे, राष्ट्रचेतना का भाव समाज में जागृत करते रहे, सामाजिक समरसता के लिए, सेवा के लिए हम कार्य करते हैं।

# आज बड़ा चौराहा पर हिंदू रक्षा संघर्ष समिति करेगी धरना




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कल दोपहर 1 बजे बड़ा चौराहा में बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने शास्त्री नगर काली मठिया से से शंख घंटा घड़ियाल के साथ एक विशाल जलूस को निकालकर आम जनमानस को कल के प्रदर्शन में आमंत्रित किया।जुलूस को संबोधित करते हुए दीपू पांडे ने कहा जिस प्रकार हमारे पड़ोसी बांग्लादेश में साधु संतों और हिंदू समाज के ऊपर हिंसा और नरसंहार की घटनाएं हो रही है। हिंदू समाज को बड़ी क्रूरता के साथ प्रताड़ित किया जा रहा हम हिंदू समाज के लिए ही नहीं मानवता के लिए भी हम इस हिंसा को बर्दास्त नहीं कर सकते। दीपू पांडे ने कहा कि कल का प्रदर्शन राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि हिन्दू भाई बहनों को अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करना हैं। उन्होंने सभी नगर वाशियो का कल के धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आवाहन किया। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के कल के कार्यक्रम का पूर्ण समर्थन कर रही। जलूस में प्रमुख रूप से मनोज कांत मिश्रा,जगदीश तिवारी, आनंद मिश्रा, वास्ते त्रिपाठी, राघवेंद्र मिश्रा घनश्याम गुप्ता हनुमान पांडे, राकेश तिवारी अजय चौरसिया राधा पांडे यश जायसवाल रवि साहनी, अंकित जायसवाल आदि लोग थे।

# सरकार किसानों से बातचीत करके उनकी मांगों का समाधान निकाले- अनिल दुबे

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने किसानो की मांगो को जायज ठहराते हुए कहा है कि सरकार किसानो से बातचीत करके उनकी मांगो का समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, किसान अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं और सरकार को उनकी जायज सभी मांगें मान लेनी चाहिए। श्री दुबे आज जाजमऊ गंगापुर, कानपुर में कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा किये गए स्वागत के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समय किसानो से हुई वार्ता में किसानो की मांगे मानने का आश्वाशन दिया गया था जिसे अब पूरा करने का वक्त आ गया है। श्री दुबे ने आगे कहा उत्तर प्रदेश में 3 नवंबर से चीनी मीलों का संचालन शुरू है लेकिन अभी तक गन्ना किसानो का समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया गया है जिसकी वजह से किसान क्रेशर और कोल्हू पर औने पौने दामों पर गन्ने को बेचने को मजबूर हैं। हमारी मांग है की राज्य सरकार किसानो की बढ़ी हुई लागत को देखते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य 400 रूपये प्रति क्विंटल घोषित करे। पार्टी प्रदेश के सभी मंडलों में कम से कम एक विधानसभा सीट चुनाव लड़ने का काम करेगी। एक सवाल के जवाब में श्री दुबे ने कहा कि किसान हितैषी बनने का दवा करने वाली कांग्रेस का इतिहास ही किसान विरोधी रहा है और वो आज भी किसानो का हितैषी बनने का दवा कर रहे हैं, उन्हें किसानो के मुद्दे पे बोलने से पहले अपने पुराने पन्ने खंगालने चाहिए। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश में माननीय योगी जी एवं माननीय जयंत चौधरी जी के नेतृत्व में किसानो की स्थिति सुधारने के प्रयास हुए हैं और लगातार हो रहे हैं। किसानो को फसलों का समर्थन मूल्य बढाकर दिया जा रहा है, फसल बीमा का स्वरुप बदल कर उसका दायरा भी बढ़ाया गया है और पहली बार किसी सरकार ने किसान निधि के जरिये किसानों को सम्मान दिया है। कानपुर घाटमपुर की चीनी मिल के प्रश्न पर उत्तर देते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी पार्टी के उपाध्यक्ष श्री सुरेश गुप्ता जी की है यह पूरा प्रकरण समझ कर और इसकी बारे में चर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंत्री कौशल विकास श्री जयन्त चौधरी से बात कर चीनी मिल को चलाने का काम किया जाएगा। इसके पूर्व जाजमऊ गंगापुल पहुंचने पर श्री दुबे का कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया प्रमुख रूप से सुरेश गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, नरेंद्र यादव प्रदेश महामंत्री, मोहम्मद उस्मान नगर अध्यक्ष, राजकुमार तिवारी जिला अध्यक्ष देहात मोहम्मद इकराम दीपक त्रिवेदी रतिराम यादव, मोहम्मद अहमद, रेबिल गुप्ता प्रवीण मिश्रा अक्षय दुबे अक्षय दुबे विनीत वाजपेई शेखू सिद्दीकी संदीप पांडे रघुवीर तिवारी रतिराम यादव विजय गुप्ता शरद गुप्ता राजीव तिवारी घनश्याम गुप्ता संदीप यादव आदि प्रमुख थे आदि, कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया गया, जिससे अभिभूत होकर उन्होंने दिए गए सम्मान पर अपना आभार प्रकट किया।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के सदस्यों ने गोविंद नगर विधायक के कार्यालय के बाहर कटोरा लेकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



सोमवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने बीते दिन विधायक सुरेन्द मैथानी के कार्यालय में कटोरा लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंप कर न्याय की मांगा भीख। विधायक सुरेन्द मैथानी ने मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। ज्ञात हो कि दिव्यांग महागठबन्धन के आवाहन पर जनप्रतिनिधियों का घेराव कर दिव्यांग कोटे के मुख्य सेविका व लेखपाल पद के अभ्यर्थियों को नौकरी देने, दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी, दिव्यांग पेंशन पांच हजार रूपया देने कि मांग के लिए दिव्यांग संगठन लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे हैं। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अगर सरकार 19 दिसम्बर तक हमारी मांगों को पुरा नहीं करती है तो 20 दिसम्बर को राजभवन का पर पुरे उत्तर प्रदेश के दिव्यांग संगठन व दिव्यांगजन कटोरा लेकर न्याय कि भीख मांगेगे।

घेराव पुरे उत्तर प्रदेश के दिव्यांग संगठन व दिव्यांगजन करेंगें। उन्होंने सरकार व शासन पर दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों से वंचित करने का आरोप लगाया है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि यू.पी.तृपल एस. सी.आयोग चलन क्रिया वाले दिव्यांगो के लिये सरकारी नौकरियों में विज्ञापन जारी करने के बाद अक्षम व नाट क्वालिफाई दिखा कर सरकारी नौकरियों से बाहर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यू.पी.तृपल एस. सी. आयोग को चलन क्रिया वाले दिव्यांगो को नौकरी नहीं देना था तो विज्ञापन क्यों जारी किया। शिक्षित बेरोजगार दिव्यांगजनों को सरकार नौकरी न देकर आत्महत्या के लिये उकसा रही है। लेखपाल पद पर चयन होने के बाद नियुक्ति न मिलने के कारण गाजीपुर के दिव्यांग अभिषेक ने सदमें में आकर आत्महत्या कर ली। यू.पी.तृपल एस. सी. आयोग अभिषेक के आत्महत्या के लिये दोषी है। आयोग के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित,सरला बृजेश कुमार, मीरा कुशवाहा, गोमती वर्मा, याशमीन, राहुल विश्वकर्मा, अनिल श्रीवास्तव, राम जानकी, आशीष कुमार आदि शामिल थे।

# मां अन्नपूर्णा के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आवास विकास तीन में मां अन्नपूर्णा की पूजा, अर्चना कर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मां की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया।

भंडारे में सैकड़ों की तादात में श्रद्धालुओं ने आकर भंडारे के प्रसाद को चखा। कार्यक्रम आयोजन दया शंकर शुक्ला ने बताया कि आवास विकास तीन में मां अन्नपूर्णा भोग भंडारा द्वारा प्रतिदिन भोग का कार्यक्रम चलता ही रहता है। वर्ष में एक बार वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाता है।

मां अन्नपूर्णा की इस वार्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य यह है, कि मां अन्नपूर्णा सभी क्षेत्रवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घर धन-धन से भरे रहें।

आयोजन में प्रमुख रूप से सीमा शुक्ला, कुशाग्र शुक्ला, मनोज पांडे, विजय कुमार पांडे, अनूप बाजपेई, प्रदीप यादव, ईशान तिवारी, सुजाता शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक में बच्चे कुमारी टक्कर मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सचेंडी थाना क्षेत्र के गज्जा पुरवा में एक तेज रफ्तार बाइक सवारी युवक ने 4 साल के बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। भाई कितनी तेज रफ्तार में थी कि बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आक्रोशित परिजनों ने बाइक सवार युवकों को दबोच लिया और जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से दोनों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम करके जमकर हंगामा काटा। सूत्रों के मुताबिक सचेंडी मैं रहने वाले कोमल चौहान उर्फ दीपू ने बताया कि उसका 4 साल का बेटा हिमांशु बच्चों के साथ सोमवार को घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक स्वरों ने टक्कर मार दी। नशे में दूध युवा के बाइक से इतनी तेज रफ्तार में थे की जोरदार टक्कर लगने के बाद बच्चा उछलकर पास के एक सूखे तालाब में जा गिरा। इस गार्डन की हड्डी टूटने के साथ ही सिर पर गंभीर चोटे आई और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चों की के पर्सन मोहल्ले के लोगों ने बाइक सवार दोनों युवकों को दौड़कर दबोच लिया। इसके बाद दोनों युवकों की जमकर पिटाई की। सूचना पर सचेंडी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद बाइक स्वरों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। इस दौरान बच्चों के परिजनों व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख सचेंडी के साथ ही पनकी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद अधिकारों ने आक्रोशित भीड़ को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों और उपयोग को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। परिजनों की तारीख के आधार पर दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। प्राथमिक जांच में दोनों बाइक सवार युवक नशे में दूध पाए गए हैं। दोनों का मेडिकल भी कराया जा रहा है। हादसे के बाद से पिता दीपू उर्फ कोमल मां गुड़िया और 6 साल की बहन अदिति रो-रोकर बेहाल है।

## जाड़े में नसें सिकुड़ीं, हृदय की पंपिंग 30 फीसदी घटी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

रात का तापमान कम होने का असर शरीर की नसों पर पड़ने लगा है। नसें सिकुड़ने से हृदय की पंपिंग प्रभावित हो रही है। एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट में हार्ट अटैक के लक्षण लेकर आ रहे रोगियों में हृदय की पंपिंग क्षमता 30 से 35 प्रतिशत कम पाई गई है। रोगियों की संख्या भी 40 फीसदी बढ़ गई है। हृदय रोग के अलावा अन्य रोगों की जटिलताएं बढ़ रही हैं। कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि हृदय की सामान्य पंपिंग क्षमता 55 से 60 इजेक्शन फैक्शन (ईएफ) के बीच होती है। लेकिन, जो रोगी अस्पताल आ रहे हैं, उनकी जांच में पंपिंग क्षमता 30 से 35 ईएफ पाई जा रही है। गंभीर हालत में आने वाले कुछ रोगियों की क्षमता इससे भी कम होती है। ठंड आते ही अस्पताल में रोगी बढ़ने लगे हैं। इमरजेंसी में औसत सवा सौ रोगी आ रहे हैं।

# शिवराजपुर ब्लॉक अंतर्गत दो दिन में 10352 बच्चों को पिलाई पोलियो

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर के शिवराजपुर ब्लॉक में दो दिनों के भीतर 10352 बच्चों को जीवन दायनी पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई है। पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार को कानपुर शहर में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक रंजन द्वारा पोलियो की खुराक पिलाकर की गई थी। शिवराजपुर सीएचसी प्रभारी डॉ अनुज दीक्षित ने बताया कि ब्लॉक में रविवार बूथ बनाकर चलाए गए अभियान में 7942 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई थी। वहीं अभियान के दूसरे 42 टीमें बनाई गई थी। जिसमें 39 टीमों ने घर घर जाकर 2410, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई है। इसके अलावा तीन टीम में सक्रिय रही जिन्होंने मोबाइल पर कांटेक्ट कर बच्चों को दवा पिलवाने में सहयोग किया। डॉ दीक्षित ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर के लिए 20 बच्चों को दवा पिलाई जाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें रविवार और सोमवार को मिलाकर अब तक 10352 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि पोलियो ऐसी बीमारी है जो बच्चों को सामान्य जिंदगी जीने में अवरोध उत्पन्न करती है। अभी हम लोगों के पास चार दिनों का समय और शेष है। हमारा प्रयास है कि जो हम लोगों को जो टारगेट मिला है उसे पूरा कर लिया जाए।

# कोर्ट में तमंचा लेकर पेशी पर पहुंच बदमाश

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन सोमवार को कोर्ट पेशी पर एक बदमाश तमंचा लेकर पहुंच गया। तमंचा गिरने के बाद वकीलों ने देखा तो उसे दबोच लिया। इसके बाद आरोपी को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। जांच में पता चला कि उसका एक साथी भी तमंचा लगाकर पहुंचा था। लेकिन उसके दबोचा जाने के बाद वह वहां से भाग निकला। कोतवाली पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि महाराजपुर थाने का हत्या के प्रयास का आरोपी है। इस मुकदमे में वह जमानत पर बाहर है। और तारीख पर सोमवार को कोर्ट में आया था। कोर्ट में पैसे के बाद तारीख लेने के दौरान उसकी कमर में लगा तमंचा जमीन पर गिर गया। तमंचा कोर्ट में गिरते ही हड़कंप पहुंच गया। वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने बदमाश अनुराग को दबोच लिया और कोतवाली थाने में सूचना दी। सूचना मिलती ही कोतवाली थाना प्रभारी और कचहरी चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए। आरोपी को विरासत में ले लिया। अधिवक्ताओं ने बताया कि इस दौरान बदमाश अनुराग के साथ मौजूद एक युवक भागने में कामयाब हो गया। दोनों युवक तमंचा खोज कर तारीख पर पेश होने आए थे।

## जल्द ही लाल-पीले रंग में दिखेगा सेंट्रल स्टेशन का विरासत भवन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। सेंट्रल स्टेशन पर महाकुंभ मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। परिसर की सफाई के साथ ही विरासत भवन (हेरिटेज बिल्डिंग) को नए रंग में रंगा जा रहा है। पहले यह टेराकोट रंग की थी, अब लाल और पीले रंग में नजर आएगी। महाकुंभ मेले में देश और विदेश से करोड़ों की संख्या में यात्री संगम और पतित पावनी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

# बादलों से बढ़ा रात का पारा, हवाओं से दिन का गिरा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बादलों के आने से दिन का पारा 24 घंटे में 1.4 डिग्री गिरा और रात का 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्र से आ रहीं उत्तर पश्चिमी हवाओं ने माहौल में ठंडक बढ़ा दी। शहरियों को एक स्वेटर पहनना पड़ा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि दिन के तापमान में कमी आने से ठंडक अधिक बढ़ती है। आने वाले 48 घंटों में उत्तर पश्चिमी हवाएं ठंडक और बढ़ाएंगी। इसके साथ ही जेट स्ट्रीम के नीचे आने से नमी बढ़ेगी। इससे भी ठंड में इजाफा होगा। लेकिन दिसंबर में शीत लहरी चलने का अनुमान नहीं है। सीएसए के मौसम विभाग के मुताबिक सुबह को धुंध बनी रहती है। सोमवार को सामान्य दो किमी की तुलना में दृश्यता आठ सौ मीटर रही है। विभाग के मौसम तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को धुंध और बढ़ जाएगी। इसके साथ ही उत्तर पश्चिमी हवाओं में निरंतरता का अनुमान है। इसके साथ ही हल्के और मध्यम श्रेणी के बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। 24 घंटे में माहौल में 19 फीसदी नमी में कमी आई है। ठंडी हवाओं की रफ्तार बढ़ने पर नमी बढ़ेगी। उत्तर पश्चिमी हवाएं अभी 2.7 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही हैं।

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इसके साथ ही छह सौ किमी की रेंज में जेट स्ट्रीम भी नमी ला रही हैं। दूसरी तरफ अभी पश्चिमी विक्षोभ की नमी है। लेकिन इन नमी के आपस में न मिलने के कारण कानपुर परिक्षेत्र में बूंदाबांदी नहीं हुई। लेकिन बादल आ गए हैं।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# डॉलर का दबदबा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था

**अमेरिकी व्यापार घाटा शेष विश्व को डॉलर मुहैया कराती है। अगर आपूर्ति में उल्लेखनीय कमी आती है तो दुनिया विकल्प तलाशने पर विचार करेगी। भारत की बात करें तो गिफ्ट सिटी की स्थापना कुछ वित्तीय सेवाओं को देश में लाएगी और कंपनियों की लागत में कमी आएगी। ऐसे में निकट भविष्य में डॉलर पर निर्भरता कम होती नहीं नजर आती। अगर युआन अधिक लोकप्रिय होता है तो भी डॉलर भारत की प्राथमिकता वाली मुद्रा बना रहेगा। डॉलर की पुरानी मजबूती के अलावा भारत के हित भी चीन के बजाय अमेरिका से अधिक जुड़े हैं।**

*यह संकेत कहीं से भी अच्छे नहीं कहे जा सकते, अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति अप्रत्याशित है और देश के बड़े अर्थशास्त्री संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। वस्तुतःअमेरिका के साथी और विरोधी दोनों डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। इस बात के साफ संकेत हैं कि उनका दूसरा कार्यकाल मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए उनके पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक अप्रत्याशित और शायद अधिक उथल-पुथल भरा हो सकता है और भारत भी इससे सुरक्षित नहीं रहेगा। संबंधित विभाग ने अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति का आकलन किया और संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। सबसे पहले शुल्क में कमी का मामला बनता है, लेकिन भारत को अपनी स्थिति प्रस्तुत करने के लिए अमेरिकी प्रतिष्ठान के साथ अधिक सक्रियता से संबद्धता दिखानी होगी। यह दिलचस्प बात है कि ट्रंप ने हाल ही में ब्रिक्स देशों को धमकी दी है कि अगर उन्होंने ब्रिक्स मुद्रा बनाई या अमेरिकी डॉलर के स्थान पर किसी अन्य मुद्रा को तरजीह दी तो वह उन पर 100 फीसदी शुल्क लगा देंगे। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं और इसका विस्तार करके अन्य देशों को स्थान दिया जा सकता है। यह स्पष्ट नहीं है कि किस बात ने उन्हें यह टिप्पणी करने के लिए विवश किया लेकिन इससे मुद्रा बाजार में अस्थिरता आई। पहली बात, फिलहाल जैसे हालात हैं उनमें अमेरिकी डॉलर को कोई खतरा नहीं दिखता। बैंक ऑफ इंटरनैशनल सेटलमेंट्स के 2022 के नोट के मुताबिक 90 प्रतिशत मुद्रा व्यापार में डॉलर शामिल था। करीब 60 प्रतिशत विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में हैं। दूसरा, किसी मुद्रा को आरक्षित मुद्रा का दर्जा देने की इच्छा का कोई खास अर्थ नहीं है। इसके अलावा अब तक संभावित ब्रिक्स मुद्रा का आकार और उसकी कार्यविधि को लेकर भी कुछ पता नहीं है। ट्रंप शायद ब्रिक्स के सदस्य देशों को हतोत्साहित करना चाह रहे थे। खासतौर पर वह चीन को मुद्रा परियोजना आगे ले जाने देने से रोकना चाहते थे। चाहे जो भी हो भारत को ऐसे प्रयासों से बचना चाहिए। चूंकि चीन एक बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए योजना में उसका कद भी बड़ा होगा। हालांकि यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि इसे कैसे तैयार किया गया है। तीसरी बात, कुछ वैश्विक व्यापार समय के साथ युआन में स्थानांतरित हो सकता है क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बड़ा है और उसके व्यापक कारोबारी संबंध हैं। बहरहाल, ऐसा सीमित दायरे में होगा क्योंकि चीन का पूंजी पर तगड़ा नियंत्रण है। मुद्रा भंडार की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार 2024 की दूसरी तिमाही में चीनी मुद्रा में करीब 245 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा रखी गई थी जबकि अमेरिकी डॉलर वाला मुद्रा भंडार 6.6 लाख करोड़ डॉलर था। विभिन्न देश कारोबारी लेनदेन की सुगमता और वित्तीय बाजारों की गहराई को देखेंगे जो डॉलर के पक्ष में है। यह बात ध्यान देने लायक है कि अगर डॉलर की स्थिति समय के साथ कमजोर पड़ती है तो इसकी वजह अमेरिकी राजनीति होगी। डॉलर के दबदबे वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना कुछ देशों पर विकल्प तलाशने का दबाव बनाएगी। इतना ही नहीं ट्रंप द्वारा उच्च कर को प्राथमिकता और व्यापार घाटे को समाप्त करने की कोशिश डॉलर के खिलाफ जा सकती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे। यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं। पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा।**



डॉ. आर.के.सिन्हा

**दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर में ही वोट देने की सुविधा दी जा सकती है। फिलहाल तो दिव्यांग जनों को मतदान केन्द्रों में काफी कष्ट होता है। इस तरफ गंभीरता से सोचना होगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पंचायत, नगरपालिका, विधान सभा और लोकसभा चुनावों में मतदान को बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है।**

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66 प्रतिशत आंका गया है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66 प्रतिशत आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25 प्रतिशत का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07 प्रतिशत का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान



**हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर। जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से।**

में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है। हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है।शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60त्न और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं। यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र ( सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर। जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा। आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे।

## एक्सप्रेस कविता

*एहसास दिल में न दबा देना तुम,*
*होंठों से जरा सा मुस्कुरा देना तुमद्य*
*ये दिल की लगी है न घबराना,*
*जरा आंखों से मुस्कुरा देना तुम।*
*नया रूप है तुम्हारे यौवन का,*
*एहसासो से महक जाना तुम।*
*जरा आओ सूरज की रोशनी में,*
*रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,*
*रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,*
*आंखों का सितारा बन जाना तुम।*
*हमसे छुपने की अदा बड़ी प्यारी,*
*सामने तो पलकें झुका देना तुम।*
*दिलों के एहसास खास हैं हमारे,*
*सामने सब के मासूम बन जाना तुम।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**जिंदगी में सबसे बड़ा धनवान वो इंसान होता है, जो दूसरों को अपनी मुस्कुराहट देकर उनका दिल जीत लेता है**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 27:41 तक |
| नक्षत्र: | उत्तरभाद्रपदा 13:19 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | व्यतिपाता, 21:54 |
| सूर्योदय: | 07:06 |
| सूर्यास्त: | 17:20 |
| चंद्रमा: | मीन राशि में |
| राहुकाल: | 14:46-16:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:53-12:33 |

## जन एक्सप्रेस

### है मिला उपहार !

*अंदर बाहर हो रहे ।*
*खेलने को खेल ।।*
*बढ़ ना जाए ख़तरा ।*
*कर लें तनिक मेल ।।*
*है मिला उपहार ।*
*करने को प्रचार ।।*
*सख़्त है हिदायत ।*
*रहना खबरदार ।।*
*व्यस्त रहेगा कार्यक्रम ।*
*रख कदम संभाल ।।*
*भावनाओं को अभी ।*
*है बनाना ढ़ाल ।।*
*होंगे हमले तेज़ ।*
*है यह आखिर तय ।।*
*धीरे-धीरे उसी दिशा में ।*
*लगी बनने लय ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में नहाने के बाद सरसों के तेल से मसाज करने से क्या फायदे मिलते हैं

**सर्दियों** में हर व्यक्ति को त्वचा का खास ख्याल रखना होता है। सर्दियों के मौसम में तेज सर्द हवाएं त्वचा के मॉइस्चर को कम करने और त्वचा में रुखापन बढ़ाने का काम करती है। ऐसे में कई बार लोगों को समझ नहीं आता है कि वह रुखेपन को दूर करने के लिए किस तेल से मसाज करें। बाजार में, सरसों, तिल, बादाम और जैतून आदि कई तेल उपलब्ध होते हैं। हर तेल में अलग-अलग पौष्टिक गुण होते हैं। ऐसे में सही तेल का चुनाव करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सामान्य त्वचा के लिए आप किसी भी तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन, इसमें भी आसानी उपलब्ध होने वाला सरसों का तेल त्वचा के लिए फायदेमंद माना जाता है। इस तेल का उपयोग सदियों से किया जा रहा है। साथ ही, नहाने के ठीक बाद आप इस तेल से त्वचा पर मसाज कर सकते हैं।

**स्किन को मॉइस्चराइज करें:** सर्दियों में ठंडी हवाएं से बचने के लिए आप नहाने के बाद सरसों के तेल की मालिश कर सकते हैं। इससे त्वचा को गहराई से नमी मिलती है। इसमें मौजूद फैटी एसिड त्वचा की नमी को लॉक करके इसे मुलायम और चमकदार बनाए रखते हैं।



**जोड़ों के दर्द में राहत प्रदान करें:** सर्दियों में जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। सरसों के तेल की गर्म प्रकृति जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को कम करने में मदद करती है। मालिश करने से दर्द में राहत और शरीर में गर्माहट का एहसास होता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करें:** सरसों के तेल की मालिश से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। जब आप हल्के हाथों से मालिश करते हैं, तो यह मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है और शरीर में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का प्रवाह बढ़ाता है। यह विशेष रूप से सर्दियों में आलस्य और ठंड से जकड़े शरीर को राहत देता है।

**संक्रमण से बचाव करें:** सरसों का तेल एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। सर्दियों में यह त्वचा पर मौजूद बैक्टीरिया और फंगस को खत्म करके संक्रमण से बचाने में मदद करता है। यह ठंड के कारण होने वाले फटे और रूखे हिस्सों को भी जल्दी ठीक करता है।

### त्वचा को प्राकृतिक चमक बढ़ाएं सरसों का तेल विटामिन ई का

- अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा के लिए एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है। यह त्वचा की डैमेज कोशिकाओं को ठीक करके उसे स्वस्थ और चमकदार बनाता है। नियमित मालिश से त्वचा पर प्राकृतिक निखार आता है।
- सरसों के तेल की मालिश कैसे करें?
- नहाने के तुरंत बाद त्वचा को हल्के तौलिए से सुखाएं।
- गुनगुना सरसों का तेल लें और इसे शरीर के विभिन्न हिस्सों पर लगाएं।
- हल्के हाथों से 5-10 मिनट तक मालिश करें।
- बेहतर परिणाम के लिए इसे नियमित रूप से करें।

## एक्सप्रेस विशेष



-डॉ. सत्यवान सौरभ

**व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है।**

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

**नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है।**

**हाल** ही में एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6 प्रतिशत) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2 प्रतिशत शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8 प्रतिशत) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66प्रतिशत) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7 प्रतिशत बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58 प्रतिशत है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की ज़रूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के ज़रिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7 प्रतिशत बनाम 2.1 प्रतिशत) से तीन गुना ज़्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज़्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज़ से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए डार्क नेट और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है।

# पुलिस ने पीड़ित का ही कर दिया शांति भंग में चालान

■ फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में बढ़ा अपराधों का ग्राफ रोक लगाने में पुलिस नाकाम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




जमीनी विवाद में हुए लड़ाई झगड़े में थाना फूलबेहड़ की पुलिस ने एक छुट भैया नेता के इशारे पर पीड़ित का ही शांति भंग में चालान कर दिया। आपको बता दें कि थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुथरी में आपसी लड़ाई झगड़ा और जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने स्थानीय एक नेता के हस्तक्षेप से पीड़ित का ही शांति भंग में चालान कर दिया।थाना फूलबेहड़ पुलिस नेता के इशारे पर अपना काम कर रही है जिससे पीड़ित थाना फूलबेहड़ में न्याय नहीं पा रहे हैं।आपको बता दें कि पीड़ित धीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया है कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई करने का काम कर रही है पीड़ित का आरोप है कि पुलिस दूसरी पार्टी से मिली हुई है और थाने में मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है पीड़ित ने बताया कि 5 दिसंबर को मेरी पत्नी सीतू देवी को मेरी भाभी किरन देवी,भतीजी हिमांशी और सपना ने मिलकर मारा पीटा था जिनकी तहरीर 6 दिसंबर को थाना कोतवाली फूलबेहड़ में दी गई थी लेकिन पुलिस ने एक रिश्तेदार के कहने पर मेरी कोई सुनवाई नहीं की और विपक्षी पार्टी से मिलकर मेरा ही शांति भंग में चालान कर दिया।मेरा विवाद जमीन को लेकर था मेरी माता लल्ली देवी के नाम से जो जमीन है उस पर कर्ज था जिसको मेरे द्वारा अदा किया गया है उसके बाद मुझे जमीन नहीं मिल रही है इसी बात को लेकर घर पर विवाद हुआ था लेकिन पुलिस विपक्षी पार्टी से मिलकर मेरा ही शांति भंग में चालान कर दिया है। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है वहीं पुलिस अपराधों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है आपको बता दें कि 5 दिसंबर की रात में दो घरों में चोरी हुई थी जिस पर पुलिस ने मुकदमा तो लिख लिया है और जांच करने की बात कर रही है। क्षेत्र में आए दिन अपराध घटित हो रहे हैं लेकिन थाना क्षेत्र की पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है वहीं पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी फूलबेहड़ पर इस कदर मेहरबान है कि बढ़ते हुए अपराधों के बाद भी थाना प्रभारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है ऐसा लग रहा है कि पुलिस विभाग में कोई अच्छे अधिकारी नही है।बढ़ते अपराधों के बाद भी थाना प्रभारी को चार्ज दिया गया है इससे साफ होता है कि थाना प्रभारी पर पुलिस अधीक्षक की मेहरबानी बनी हुई है जिससे बढ़ते अपराधों के बाद भी थाना प्रभारी पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले सुखबीर सिंह पुत्र महीपत सिंह के यहां दिनांक 05.12.24 की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी थी और बगल में बने उनके भतीजे वेद प्रकाश सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह के घर पर भी चोरी हो गई है।

## फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपेक्षित प्रगति ना होने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

बहराइच

■ एक सप्ताह में सुधार न होने पर दंडित होंगे जिम्मेदार अधिकारी, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक

जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पीएम-किसान के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने सम्बंधी कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर राजस्व विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जिले के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने में रूचि न लेने के कारण अत्यन्त कम प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने जिलाधिकारी को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एप में कतिपय तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। डीएम ने कहा कि जिन किसानों के डाटा में मिसमैप होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं तैयार हो रही है ऐसे किसानों का विवरण पोर्टल पर सही कराने का प्रयास किया जाय तथा जिन किसानों का डाटा सही है उन्हें शत प्रतिशत समय सीमा के अन्दर आच्छादित किया जाय।

डीएम मोनिका रानी ने उपस्थित राजस्व लेखपाल तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि 31 दिसम्बर 2024 तक शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करें। अन्यथा सबका उत्तरदायित्व निर्धारित कर प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना की गूगल सीट तैयार कर एक-एक कार्मिकों के प्रगति की समीक्षा करें जो कार्मिक अपेक्षित प्रगति नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर अवगत कराये।

डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गौरव रंजन श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि सप्ताह में कम से कम दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों तथा राजस्व निरीक्षकों/राजस्व लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक करें। प्रगति कम पाये जाने पर उप जिलाधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव प्रस्तावित करें। किसी भी दशा में निर्धारित समय सीमा के अन्दर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उप निदेशक कृषि श्री शाही को निर्देश दिया कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ सप्ताह में दो दिवस मंगलवार का शुक्रवार को गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित कर समीक्षा करें।

कार्य संतोषजनक न करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर अवगत कराये। बैठक में उपस्थित मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल ने सभी राजस्व लेखपाल राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारियों को समयबद्ध फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कृषि अधिकारी डॉ.सबूदार यादव, एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार, मोतीपुर के संजय कुमार, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, कैसरगंज आलोक प्रसाद (आईएएस), अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा यादव, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदयशंकर सिंह, कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, वरिष्ठ प्राविधक सहायक ग्रुप ए सुधाकर शुक्ला, पंकज कुमार, अरविन्द, राम प्रकाश, कुलदीप वर्मा तथा कृषि विकास के सहायक विकास अधिकारी, प्राविधिक सहायक, बीटीएम, एटीएम तथा जनपद के समस्त नायब तहसील, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व लेखपाल उपस्थित रहे।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 दिसम्बर को

जन एक्सप्रेस । बहराइच

सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है।

सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी।

## जिले में शहीदी दिवस पर याद किए गए पंडित अमर शहीद राज नारायण मिश्र

■ अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था अमर शहीद पंडित राज नारायण मिश्र ने, ब्रिटिश सरकार ने दी थी फांसी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी



ब्राह्मण परिवार सेवा समिति लखीमपुर-खीरी के पदाधिकारियों द्वारा अमर शहीद पंडित राज नारायण मिश्र के 80वें शहीदी दिवस पर लखीमपुर-खीरी में कार्यक्रम का आयोजन कर पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

ब्राह्मण परिवार सेवा समिति जिला अध्यक्ष अवधेश मिश्र ने अमर शहीद राज नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण राष्ट्रगान में भाग लेकर गोष्ठी में आए लोगों को सम्बोधित किया वही जिलाअध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने पंडित राज नारायण मिश्र को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।?अवधेश मिश्रा ने कहा कि पंडित अमर शहीद राज नारायण मिश्रा की फांसी लखनऊ जेल कारागार में 9 दिसंबर सन 1944 में दी गई थी मात्र 24 वर्ष की अवस्था में फांसी के समय 6 पाउंड वजन बढ़ा था यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम हेतु अंग्रेजों द्वारा अंतिम फांसी थी।इस अवसर पर ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, संरक्षण मंडल उमेश पाण्डेय, अनिल मिश्रा, शशि सर अवस्थी, प्रेम प्रकाश बाजपेई, विजय अवस्थी, विजय मिश्र उर्फ राजू, विनोद मिश्रा, उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश शंकर, प्रभाकर शर्मा, मधुरेश शर्मा, धर्मेंद्र बाजपेई, ब्रह्म शुक्ला, सुनील पाठक, उमेश दीक्षित, संगठन मंत्री प्रशांत त्रिवेदी गट्टू,मीडिया प्रभारी रवि पाण्डेय, शत्रोहन अवस्थी, कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## गमगीन माहौल के साथ वीआरसी मोहम्मद अजीम की हुई विदाई



वीआरसी मो. अजीम की विदाई पर तहसील परिसर में सभी की आंखें नम रही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए तहसील स्टॉफ व अधिवताओं ने अजीम को विदा किया

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

मनुष्य के कर्म ही उसे उन्नति के मार्ग पर अग्रेषित करते हैं जैसे कर्म होते हैं वैसी ही समाज में प्रतिष्ठा कायम करता है कुछ ऐसा ही मोहम्मद अजीम ने अपनी छवि बनाए रखा जो की निघासन तहसील में वर्ष 2014 में पहली तैनाती मतदाता पंजीकरण केंद्र पर कंप्यूटर सहायक के पद पर रहे तकरीबन दस वर्ष तैनाती के दौरान मोहम्मद अजीम ने एक शिद्दत वाली प्रतिष्ठा कायम की है जो कि उदाहरण का पर्याय बना हुआ है मोहम्मद अजीम का तहसील मोहम्मदी में तबादला होने से तहसील परिसर में एक गमगीन माहौल में बदल गया आपको बता दें कि हमेशा चेहरे पर एक मीठी सी मुस्कान लेकर व्यवहार के धनी अजीम ने अपनी एक साफ सुथरी छवि कायम की है जो कि दस वर्षों की अच्छी पारी रही तबादला होने से अधिकारी समेत स्टाफ की आंखें नम हुई इसी दौरान एसडीएम राजीव निगम जो अपने दरियादिली व सभी के प्रति अपनी अलग छवि रखते हैं एसडीएम दफ्तर में सभी कर्मचारियों को एकत्र कर अजीम का मुंह मीठा कराया व उपहार देकर सभी लोगों ने माला पहनाई इसी दौरान एसडीएम राजीव निगम व स्टॉफ ने गाजे बाजे के साथ अजीम को सरकारी वाहन में बिठाकर विदाई दी साथ ही तहसीलदार भीमचंद ने अजीम को गले लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की वहां पर मौजूद सभी लोगों ने मोहम्मद अजीम की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की व नम आंखों से विदाई की इस दौरान तहसीलदार भीमचंद नायब तहसीलदार हरिराम व दिव्यांशु शाही लेखपाल शिवम गुप्ता,ज्योति प्रकाश वर्मा,महेश वर्मा समेत अधिवक्ता व तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

## आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार सुबह 10 बजे राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर में बताते जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार सुबह 10 बजे से होगा। इसमे जनपद के सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के बाल वैज्ञानिक अपने नवाचारी मॉडल के साथ प्रतिभाग करेंगे । साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज के निर्धन छात्रों के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी समापन सत्र के साथ संपन्न होगा।

## सेमरहना में आयोजित शिविर में 6660 से अधिक लोगों का हुआ संतृप्तिकरण

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत शनिवार को विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का संतृप्तिकरण किया गया।

शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 558 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण, 126 मरीजों को ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन, 76 लोंगो को आयुष्मान कार्ड, आर.बी.एस.के./आर.के.एस.के. टीम द्वारा 115 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 120 लोंगो का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरण, 114 लोंगो को परिवार नियोजन संसाधनों का वितरण, गैर संक्रामक रोगों के लिए 406 के स्वास्थ्य की जांच, 83 लोंगो की पैथालोजी जांच, वीएचएसएनडी सत्र अन्तर्गत 16 की जाचं, 123 लोगों की आभा आई.डी. बनायी गयी तथा किशोर/किशोरी कार्यक्रम अन्तर्गत 240 किशोरियों को सेनेटरी पैड व आयरन फेलिक एसिड का वितरण किया गया।

शिविर के दौरान पुलिस विभाग द्वारा पिंक बूथ के माध्यम से 252 महिलाओं को जागरूक किया गया, राजस्व विभाग द्वारा निर्विवाद वरासत के 05, आईजीआरएस के 01, धारा-24 के 07, आय के 17, जाति के 08 व निवास के 10, फार्मर रजिस्ट्री के 06 आवेदन-पत्रों का निस्तारण किया गया तथा 06 खाताधारकों को खसरा का वितरण किया गया। महिला कल्याण (प्रोबेशन) विभाग द्वारा निराश्रित महिला पेंशन व बेबी किट वितरण योजना से 42 लोंगो को लाभान्वित किया गया। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत मीटर बदलने, बिल संशोधन तथा ओटीएस से सम्बन्धित 17 आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 85 नवीन आधार निर्गत करने के साथ-साथ 138 लोंगो के मोबाइल नम्बर को आधार से लिंक किया गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत 620 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया तथा 07 समूहों के गठन, 01 को आर.एफ. प्रपत्र, 02 को प्रशस्ति पत्र व 02 को सीसीएल जारी किया गया। कृषि विभाग द्वारा 04 की फार्मर रजिस्ट्री, 73 को पीएम किसान सम्मान निधि व 04 कृषकों को बीमा योजना से आच्छादित किया गया। बैंकिंग सेवा अन्तर्गत इण्डियन बैंक व आर्यावत बैंक के द्वारा 58 लोंगो के नवीन खाता खोलने व जेजेवाई व केवाईसी से सम्बन्धित कार्यवाही की गई। ई-डिस्ट्रिक्ट अन्तर्गत 15 लोंगो के आधार अपडेट करने के साथ-साथ मोबाइल से लिंक करने की कार्यवाही की गई। श्रम विभाग द्वारा 108 मनरेगा मज़दूर सहित 25 अन्य को श्रमिक कार्ड जारी किये गये, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड के सम्बन्ध 23 व यूनिट वृद्धि हेतु 25 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा केवाईसी व पेंशन से सम्बन्धित 24 आवेदन-पत्रों का निस्तारण किया गया। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आवासीय योजना से सम्बन्धित 752 आवेदन प्राप्त किये गये तथा 46 लोंगो को फैमली आईडी व 152 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया तथा 59 लोंगो को जाबकार्ड का वितरण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 208 लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई तथा स्वच्छ शौचालय हेतु 66, जन्म प्रमाण-पत्र हेतु 65 व मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु 35 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये। पशुपालन विभाग द्वारा 493 पशुओं का टीकाकरण, 580 का उपचार एवं औषधि का वितरण, 04 का कृत्रिम गर्भाधान किया गया, केसीसी के सम्बन्ध में 28, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 18 व पशुधन बीमा के समबन्ध में 15 आवेदन प्राप्त किये गये। लघु सिंचाई विभाग द्वारा उथले बोरिंग योजना के तहत 14 आवेदन प्राप्त किये गये। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा 207 की पोषण काउन्सलिंग, 87 का आधार पंजीकरण, 130 का वज़न, 15 को सामुदायिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई तथा 106 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### डी फार्मा में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कल से, प्रवेश के लिए आज से ही केडीसी में बुलावा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। किसान पीजी कॉलेज में डी फार्मा की कक्षाओं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 11 दिसंबर से शुरू हो रही है। इसके लिए कालेज में 10 दिसंबर कालेज में बुलाया गया है। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ विनय सक्सेना ने बताया कि उनके कालेज में डी फार्मा की कक्षाओं के संचालन को फार्मास्युटिकल कौंसिल आफ इंडिया से हरी झंडी मिल चुकी है। काउंसलिंग के बाद प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। उन्होंने बताया कि सीटें सीमित हैं इसलिए प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राएं कालेज में संपर्क कर तत्काल समस्त औपचारिकताओं को पूरा कर लें जिससे कक्षाओं का संचालन समय से शुरू कराया जा सके। मालूम हो कि डी फार्मा में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की तिथि पूर्व में घोषित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उस तिथि को स्थगित कर दिया गया था। अब एक बार फिर काउंसलिंग की तिथि घोषित करने के बाद से प्रवेशार्थी अपने भविष्य को लेकर आशान्वित हुए हैं। देखना यह है कि इस बार घोषित तिथि प्रवेशार्थियों की उम्मीद को बनाए रखने में कितनी सफल होती है।

### नाबालिग लड़की के अपहरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच। थाना मोतीपुर की पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण में वांछित पाक्सो के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने अभियुक्त को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि उनके द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम जुर्म जरायम के संबंध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हीरालाल कनौजिया के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा रविवार को नाबालिग के अपहरण के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त मुस्लिम पुत्र फन्दी निवासी ग्राम अंटहवा थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को थाना क्षेत्र अन्तर्गत गायघाट तिराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.12.24 को अभियुक्त मुस्लिम पुत्र फन्दी निवासी ग्राम अंटहवा थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिस पर अपहृता के पिता द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 596/24 धारा 137(2)/65(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र गिरि, हेड कांस्टेबल अमरेश कुमार राय तथा कांस्टेबल अनूप ओझा आदि शामिल रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर से दो बाइक सवार घायल, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

जन एक्सप्रेस । बहराइच। बहराइच- गोण्डा राजमार्ग पर रविवार रात चिलवरिया के निकट दो बाइक सवार गन्ना लदी ट्रॉली की ठोकर से घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम उन्नैसा निवासी सर्वजीत (40) पुत्र बहोरी व पवन (17) पुत्र छोटेलाल दोनों अपने घर से रविवार रात बाइक से चिलवरिया बाजार सब्जी खरीदने गए थे। जब यह दोनों मछियाही चौराहे से घर वापस आ रहे थे कि अचानक एक गन्ने से लदी ट्राली- ट्रैक्टर ने इन्हें ठोकर मार दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया। इस संबंध में घायल सर्वजीत के पिता बहोरी ने बताया कि दुर्घटना के समय मौके पर ट्रैक्टर- ट्रॉली के सामने एक रोडवेज बस के आ जाने से ट्रैक्टर चालक भाग न सका और उसे लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। चिलवरिया पुलिस चौकी प्रभारी ओ.पी. यादव ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता की बात हुई है। पीड़ित पक्ष की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## इटहा गांव में मिले दो बंदरों के शव पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस । बहराइच



थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इटहा में बंदरों के दो शव पाए जाने से सनसनी फ़ैल गई। जागरुक ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों बंदरों के शवों को लाल कपड़े में लपेटकर अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली नानपारा अंतर्गत इटहा ग्राम पंचायत में अज्ञात कारण से दो बंदर की मौत होने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह ने लाल वस्त्र मंगाकर दोनों बंदरों का सम्मानपूर्वक दाह संस्कार करवाया गया। इटहा गांव के आम के बाग में हुई बंदरों के मौत के मामले में ग्राम प्रधान से प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर भी मांगी है। प्रभारी निरीक्षक नानपारा के इस संवेदनशील मौके पर दिखाई गई समझदारी और संवेदनशील व्यवहार की हर ओर सराहना की जा रही है। पुलिस की सक्रियता से किसी भी वर्ग को राजनीति की रोटी सेंकने का मौका नहीं मिल पाया।

### वैवाही गांव में बिना परमिट काट दिए गए शीशम के छः हरे पेड़

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जनपद के वैवाही गांव के निकट बिना परमिट के लकड़ी के ठेकेदार ने शीशम के 6 हरे पेड़ों को कटवा दिया। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैवाही के पास तालाब के किनारे एक किसान के खेत में कई हरे शीशम के पेड़ लगे थे। शिवपुर निवासी एक लकड़ी के ठेकेदार ने बिना परमिट के उसमें से 6 पेड़ बीते शनिवार को काट लिया। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी जिस पर सोमवार को नानपारा रेंज के वन कर्मी पहुंचे तो पता चला कि जिस जगह पेड़ों की कटाई हुई है वो मोतीपुर रेंज में पड़ता है जिसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर एस के तिवारी को दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जानकारी मिली है। मौके की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। लेकिन लगातर हरे पेड़ों की कटान से पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं।

## सड़क पर चलती कार अचानक 50 फीट खाई में जा गिरी, ड्राइवर की मौत



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां निर्माणाधीन सड़क पर चलती कार 50 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकलवाया। फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताते चलें सिंगाही थाना क्षेत्र कि निर्माणाधीन सड़क पर सांकेतिक बोर्ड नहीं लगा था। जिस वजह से कार ड्राइवर बेधड़क गाड़ी को चलाए जा रहा था। लेकिन आगे सड़क गड़बड़ थी। ऐसे में ड्राइवर कार पर कंट्रोल नहीं रख पाया और गाड़ी खाई में जा गिरी।हादसे का शिकार कार अर्टिगा बताई जा रही है। करीब 50 फ़ीट गहरी खाई में गिरने से उसके परखच्चे उड़ गए। वहीं, ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान सालिब के रूप में हुई है। फिलहाल, उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सिंगाही कस्बे का रहने वाला सालिब अपनी अर्टिगा कर से निघासन की ओर जा रहा था. सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते वहां पर कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगा था, जिस कारण अजमत अपनी तेज रफ्तार कर लेकर करीब 50 फीट गहरी खाई में जा घुसा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किए गए किसान पीजी कॉलेज के 6 एनसीसी कैडेट्स



जन एक्सप्रेस । बहराइच

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की ओर से अपने बहराइच सिविल लाइंस स्थित आवास पर शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में किसान पीजी कॉलेज के 6 एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। बाद में इन एनसीसी कैडेट्स को किसान पीजी कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने भी शाबाशी दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स पर्यावरण जागरूकता नशा उन्मूलन समेत सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहते हैं आवश्यकता पड़ने पर जिला प्रशासन का विभिन्न मामलों में सहयोग भी करते हैं। मेजर डॉ सिंह ने बताया कि बीते दिनों होमगार्ड की हड़ताल के दौरान यातायात नियंत्रण के लिए भी जिला प्रशासन के बुलावे पर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने अपना योगदान दिया उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को तरसते में कॉलेज के पंकज सिंह का विशेष योगदान रहा है उनके योगदान का परिणाम है कि आधा दर्जन से अधिक एनसीसी कैडेट एस आइटीबीपी तथा आर्मी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस मौके पर कॉलेज के कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह,एनसीसी के पंकज सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर आनंद श्रीवास्तव डॉक्टर जितेंद्र मौर्य, अनूप शुक्ला, अशोक सिंह समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक समिति की बैठक में संयोजक तथा सह संयोजकों का चयन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में सोमवार को सांस्कृतिक समिति के संयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सेमेस्टर परीक्षा को देखते हुए संस्थापक सप्ताह समारोह 01 से 07 फरवरी को कराने का निर्णय लिया गया। वहीं अन्तर संकाय विविधा प्रतियोगिता के लिए संयोजकों और सह संयोजक भी नामित किये गए।

जानकारी के अनुसार 9 दिसंबर को समिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने कहा कि सांस्कृतिक प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। ऐसे प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य होता है विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करना। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का मकसद, प्रतिभागियों के बीच अंतर-सांस्कृतिक जागरूकता और प्रशंसा को बढ़ाना होता है । सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के ज़रिए, लोगों को अपनी संस्कृति, परंपराओं, और विरासत के बारे में ज़्यादा जानकारी मिलती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, टीम वर्क, और सहयोग जैसे गुण विकसित करना और रचनात्मकता, विविधता, और कलात्मक गुणवत्ता को समाज का अभिन्न अंग बनाना । सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने बैठक में 01 से 07 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले प्रतियोगिता की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया कि सभी की सहमति के आधार पर 05 फरवरी को अन्तर संकाय विविधा प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जिसमे कला, विज्ञान, वाणिज्य व शिक्षा संकाय के मध्य गीत संगीत का महामुकाबला होगा। इसके लिए प्राचार्य जी के अनुमोदन से संयोजक व सहसंयोजक भी नामित किया गया। कला संकाय की संयोजक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा तथा सह संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व मणिका मिश्रा को बनाया गया है। विज्ञान संकाय की संयोजक प्रो0 वीणा सिंह व सह संयोजक डॉ भानु प्रताप सिंह व वर्षा सिंह, शिक्षा संकाय के संयोजक की जिम्मेदारी प्रो0 एस पी मिश्र, सह संयोजक डॉ राम रहीस व डॉ मिथिलेश मिश्रा तथा वाणिज्य संकाय के संयोजक की जिम्मेदारी डॉ के पी मिश्र, सह संयोजक डॉ के के सिंह व सिद्धार्थ मोहन्ता को दी गई है। मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने बैठक में सभी सदस्यों से 01 से 07 फरवरी तक संस्थापक सप्ताह समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं की सहभागिता बढ़ाने और प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग करने पर जोर दिया । इस अवसर पर प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी, प्रो0 विमल प्रकाश वर्मा, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ पूजा मिश्रा, प्रखर त्रिपाठी, डॉ भावना सिंह, डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ पी एन पाठक, डॉ आनंद वाजपेयी, डॉ वर्षा सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाथरूम में गैस गीजर से बेहोश हुई युवती

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

बाथरूम के अंदर नहाते समय गैस गीजर की वजह से एक युवती बेहोश हो गई। करीब एक घंटे बाद परिजन को पता चला तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शाम के समय उसे होश आया। अभी भी उसे अस्पताल में ऑक्सीजन सिलिंडर पर रखा गया है। मोहल्ला धोबियान भूरी सिंह माथुर की बेटी निशा माथुर रविवार की दोपहर 12 बजे बाथरूम में नहाने गई थी। गर्म पानी के लिए उसने गैस गीजर खोल लिया था। इसके बाद करीब एक घंटे तक वह नजर नहीं आई। इस पर बड़ी बहन ने आवाज दी लेकिन जवाब नहीं मिला। उसने बताया तो परिजन बाथरूम के बाहर पहुंच गए। काफी देर तक बाथरूम का दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से आवाज नहीं आई। तेजी से हिलाने से करीब 10 मिनट बाद दरवाजे की कुंडी खुल गई। बाथरूम में अंदर निशा बेहोश पड़ी मिली। परिजन तत्काल उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां भर्ती कर इलाज शुरू हुआ। शाम तक उसे होश आ गया था और हालत में सुधार बताया गया।

# फिर बिगड़ी शहर की हवा, तीन चौराहे रेड जोन में, 300 के पार पहुंचा एक्यूआई

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़




मसूदाबाद, एटा चुंगी, दूबे का पड़ाव, सेंटर प्वाइंट और आगरा रोड चौराहा की एक्यूआई 300 के करीब पहुंच गया है। ये चौराहे आरेंज जोन में हैं। यानी सात चौराहों की हवा जहरीली है।

एक बार फिर अलीगढ़ शहर की हवा बिगड़ गई है। तीन चौराहे रेड जोन में आ गए हैं, जबकि पांच चौराहों की हवा जहरीली होने के कगार पर है। अचानक जहरीली हुई हवा से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होने लगा है। शहर में जगह-जगह चल रहे सरकारी और गैर सरकारी निर्माण कार्यों के कारण उड़ने वाले धूल, आतिशबाजी, घरों, होटलों, रेस्टोरेंटों व कारखानों से निकलने वाले धुएं से हवा जहरीली हो गई है। चार दिसंबर को भी कलक्ट्रेट और कंपनी बाग की हवा जहरीली हो गई थी। मगर समय रहते नगर निगम ने काबू पा लिया था। जिसके कारण हवा में सुधार हुआ था। लेकिन रविवार को एक बार फिर से कलक्ट्रेट, रसलगंज और कंपनी बाग चौराहे का एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया। जिसके कारण यह रेड जोन में हैं। वहीं, मसूदाबाद, एटा चुंगी, दूबे का पड़ाव, सेंटर प्वाइंट और आगरा रोड चौराहा की एक्यूआई 300 के करीब पहुंच गया है। ये चौराहे आरेंज जोन में हैं। यानी सात चौराहों की हवा जहरीली है। जिसके कारण बुजुर्ग और बीमार के साथ बच्चों को सांस लेने और त्वचा रोग की परेशानी आ रही है।

शहर में वायु प्रदूषण एक बार फिर से बढ़ गया है। एक्यूआई रिपोर्ट में तीन चौराहे रेड और पांच ऑरेंज जोन में हैं। ऐसे में इन सभी चौराहों की हवा को शुद्ध करने के लिए हर दिन दोनों समय एंटी स्मॉग गन से छिड़काव कराया जा रहा है। पेड़ों व सड़कों की धुलाई के साथ धूल को हटाया जा रहा है। जल्द ही हवा में सुधार आएगा। - विनोद कुमार, नगर आयुक्त

## कल मनायी जाएगी मोक्षदा एकादशी

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



वर्ष के प्रत्येक महीने में दो बार एकादशी व्रत किये जाते हैं। इस प्रकार वर्ष भर में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती है।मार्गशीर्ष महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोक्षदा एकादशी कहा जाता है, मोक्षदा एकादशी को मौना एकादशी भी कहा जाता है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार मोक्षदा एकादशी को अत्यंत शुभ एवं फलदाई माना गया है। इस बार एकादशी तिथि का प्रारंभ कल यानि 11 दिसंबर को प्रातः 03:42 मिनट से हो रहा है,जिसकी समाप्ति अगले दिन रात्रि 01:09 मिनट पर होगी अतः कल मोक्षदा एकादशी मनाई जाएगी। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में गीता का उपदेश दिया था अतः यह तिथि गीता जयंती के नाम से भी जानी जाती है। स्वामी जी ने बताया मोक्षदा एकादशी के महत्व के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस दिन तुलसी की मंजरी, धूप, दीप, नैवेद्य, आदि से भगवान श्री कृष्ण का पूजन एवं व्रत करने से मनुष्य के समस्त पाप,संताप एवं कष्टों का नाश होता है। अतः एकादशी व्रत रखने वाले व्यक्तियों को प्रातः काल उठकर स्नान करने के बाद व्रत का संकल्प लेकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा करनी चाहिए। साथ ही इस रात्रि में जागरण करके सम्पूर्ण गीता पाठ कर महाआरती करनी चाहिए। एकादशी महात्म की कथा श्रवण करने के बाद अगले दिन यानि द्वादशी को व्रत का पारण प्रातः 07:07 से 09:09 मिनट तक करके कम से कम पाँच ब्राह्मण और संतों भोजन करवाकर अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दक्षिणा दें।

## ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की गई जान, परिवार में छाया मातम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अमित कुमार रंगाई-पुताई का काम करते थे। वह बाइक से गांव लौट रहे थे तभी तेहरा मोड़ से गांव के लिए आगे बढ़ते ही ईंट भट्ठे के पास ट्रक ने बाइक सवार अमित कुमार को टक्कर मार दी। इससे वह ट्रक के नीचे आ गए। पहिये के नीचे आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

शाम करीब साढ़े छह बजे तेहरा मोड़ के पास ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। इससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव भिलावली निवासी अमित कुमार (25) पुत्र राजेंद्र सिंह रंगाई-पुताई का काम करते थे। 8 दिसंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे वह बाइक से गांव लौट रहे थे तभी तेहरा मोड़ से गांव के लिए आगे बढ़ते ही ईंट भट्ठे के पास ट्रक ने बाइक सवार अमित कुमार को टक्कर मार दी। इससे वह ट्रक के नीचे आ गए।

# शैक्षिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने सीखे योगासन, किया योगाभ्यास

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान इंडो नेपाल बार्डर पर जानकारी हासिल की । योग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छात्र-छात्राओं ने योग अभ्यास भी किया ।

जानकारी के अनुसार 9 दिसंबर को 09 दिसम्बर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर के कक्षा-7, 9 एवं 12 तक के छात्र-छात्राओं को ''शैक्षिक भ्रमण'' हेतु नेपाल बार्डर एवं जरवा के नजदीक के जंगलों में ले जाया गया जहां पर बच्चों ने पहाड़ी क्षेत्रों तथा बहुत से पेड़ पौधों का नजारा देखा तथा इसी क्रम में बच्चे आनंद मार्ग जूनियर हाईस्कूल जरवा में भी गये। आनंद मार्ग जूनियर हाईस्कूल जरवा विद्यालय में योगासन तथा खेल कूद में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। आनंद मार्ग संस्थान जरवा के तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन संस्थान के महासचिव आचार्य रागानुगानंद अवधूत के सानिध्य में प्रारंभ किया गया। शिविर में उपस्थित आंगतुको को आध्यात्मिक जीवन के महत्व एवं योग के सकरात्मक प्रभावों से परिचित कराया गया। जनपद बलरामपुर के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों ने योगाभ्यास के माध्यम से उत्कृश्ट जीवन शैली अपनाने के विचारों को समझा। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने धूम्रपान से होने वाले शारीरिक नुकसान, सौर मंडल की संरचना के साथ चंद्रमा, सूर्य एवं पृथ्वी की गतियों, शुक्ल पक्ष, कृश्ण पक्ष तथा पूर्णिमा एवं अमावस्या को विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से सीखा एवं समझा । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि शैक्षिक भ्रमण का अर्थ होता है कि छात्र-छात्राओं को खुले वातावरण में शिक्षा के प्रति एक अनुभूति जागृत होना, जिससे वे भारत की विभिन्नता जैसे-विज्ञान, इतिहास और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकें। इस शैक्षिक भ्रमण के अन्तर्गत नये-नये स्थानों को देखना, और ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सामाजिक विषयों के बारें में विभिन्न स्तर से जानकारी प्राप्त करना होता है। भ्रमण द्वारा इतने शैक्षिक लाभ होते है कि सभी का आसानी से वर्णन नही किया जा सकता। अंग्रेंजी के प्रसिद्ध लेखक वेंकन का कहना है कि युवा वर्ग के लिए भ्रमण शिक्षा का अंग है, जबकि बड़े लोगों को इससे अनुभव मिलता है। भ्रमण से हम वह सभी चीजें सीखते है जो पुस्तकों से सीखना कठिन हो जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर के प्राचार्य डॉ0 जेपी पांडेय, पूर्व सांसद चंद्रभाल मणि तिवारी, डॉ0 शिवानंद पाण्डेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग एमएलके कालेज बलरामपुर एवं आनंद मार्ग संस्थान के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी धी के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने काटा केक, दी बधाई

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 78 वां जन्मदिवस सोमवार को केक काटकर मनाया गया ।

जानकारी के अनुसार 09 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता विपक्ष सोनिया गांधी के 78 वें जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा केक काट कर श्रीमती सोनिया गांधी के लंबी आयु की कामना की । जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग की प्रतिमूर्ति हैं । इटली में पैदा होने के बावजूद उनका भारतीय संस्कृति में रम जाना और उसका पूरी तरह से पालन करना उनके उत्तम व्यक्तित्व को साबित करता है । साल 1968 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के साथ परिणय सूत्र में बंधने के बाद उन्होंने भारत की संस्कृति को आत्मसात कर लिया और भारत देश के हर उस नागरिक के लिए सेवा भावना से काम करने लगीं जो कमजोर उपेक्षित रहा हो । 2004 में लोकसभा चुनावों में प्रचंड जीत हासिल करने के बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री पद ठुकराकर एक मिसाल कायम किया और यह संदेश भी दिया कि व्यक्ति का पद उसके संस्कार के कहीं छोटा होता है । गांधी परिवार संस्कारों में पूरी तरह भारतीय संस्कृति की तरह उत्तम है और पद की लालसा नहीं रखता । 2004 में सोनिया गांधी ने दुनिया के सबसे शिक्षित व्यक्ति और अर्थशास्त्र के पुरोधा डाक्टर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में एक नायाब प्रधानमंत्री दिया जिनके कार्यकाल में कांग्रेस ने दस सालों में भारत को हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां प्रदान हुईं, जिसमें से भोजन का अधिकार, काम का अधिकार, सूचना का अधिकार, जननी सुरक्षा योजना, पेयजल योजना, शिक्षा का अधिकार राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना किसानों के जमीनों के उचित मूल्य जैसी योजनाओं तो फलीभूत हुई ही साथ में देश के लाखों बेरोजगारों को रोजगार भी मिला ।

उन्होंने कहा कि सोनिया जी के मार्ग दर्शन में कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनमानस की लड़ाई इस फिरका परस्त सरकार से लड़ती रहेगी । और हमें हमारे आजादी के नायकों के सपनों को इस नफरती सरकार को हराकर देश में अमन-चैन कायम करना होगा ।महासचिव विनय कुमार मिश्रा ने श्रीमती गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि सोनिया गांधी भारत के संस्कारों की सबसे बड़ी द्योतक हैं । उन्होंने जिस तरह भारत के लोगों के लिए अपने सर्वस्व जीवन को राजीव गांधी की पहले पत्नी और फिर विधवा के रूप में न्योछावर कर दिया वो एक भारतीय नारी ही कर सकती है । आज़ जो भारत के प्रधानमंत्री हैं उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का पद तब छोड़ा जब वो साम दाम दण्ड भेद से 2014 के आम चुनाव को जीतकर प्रधानमंत्री का शपथ लेने जा रहे थे, जबकि श्रीमती गांधी ने अपने बल पर 2004 का आमचुनाव जीता और प्रधानमंत्री का पद त्याग दिया । इतना ही नहीं अपने किसी परिवार को भी इस पद पर ना बैठाकर देश को मनमोहन सिंह जैसा काबिल प्रधानमंत्री दिया । उन्होंने कहा कि हम सोनिया जी के अगुवाई में देश सेवा करते रहेंगे । आज़ उनके जन्मदिन पर यह शपथ लेते हैं कि हमेशा देश की उन्नति और बेसहारों की आवाज को उठाते रहेंगे। जिला प्रवक्ता घनश्याम मिश्रा ने कहा सोनिया जी लौह महिला हैं जिनके मन में भारत के हर गरीब लाचार महिला युवा सबके लिए प्यार है । हम कांग्रेस जन उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर मोहम्मद जमील, मास्टर हनीफ, अमेरिका प्रसाद कुरील व विशाल कश्यप सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ की कार्यकारिणी घोषित, ये दिए गए दायित्व

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ की कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिला अध्यक्ष धनगर महेश बघेल ने कार्यकारिणी की घोषणा की। पवन होलकर और प्रमोद धनगर को महामंत्री बनाया गया है।

जिला अध्यक्ष धनगर महेश बघेल ने बताया कि कार्यकारिणी में पवन होलकर और प्रमोद धनगर को महामंत्री, श्यौराज सिंह धनगर (प्रधान), पी.सी.धनगर,कुलदीप धनगर, राकेश धनगर,वीरी सिंह धनगर,नरेश कुमार धनगर और चरन सिंह धनगर उपाध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह धनगर,मुकेश चन्द्र धनगर,जगवीर सिंह धनगर,सतेन्द्र सिंह धनगर,केशव देव धनगर और मनोज धनगर मंत्री, प्रधान राजेश धनगर कोषाध्यक्ष, आशुतोष धनगर मीडिया प्रभारी, धनगर सुमित होलकर सोशल मीडिया प्रभारी, ललित धनगर को सह-सोशल मीडिया प्रभारी, राजेश धनगर विधानसभा संयोजक छर्रा, मुकेश धनगर विधानसभा संयोजक अतरौली,जय प्रकाश धनगर विधानसभा संयोजक बरौली,समीर प्रताप सिंह धनगर विधान सभा संयोजक इगलास,सचिन धनगर विधानसभा संयोजक अलीगढ़, राजपाल सिंह धनगर विधानसभा संयोजक कोल और नेकराम सिंह धनगर को विधानसभा संयोजक खैर बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष महेश धनगर ने बताया कि डॉ उमेश धनगर, देवेन्द्र सिंह धनगर, सत्यवीर सिंह धनगर (प्रधान), लालाराम धनगर, हरीश चन्द्र धनगर संरक्षक रहेंगे। कमेटी में एक दर्जन कार्यकारिणी सदस्य और लगभग दो दर्जन साधारण सदस्य बनाए गए हैं।

## स्पैम सॉल्यूशन के लॉन्च के बाद दिखे नेटवर्क ट्रेंड का किया विश्लेषण

जन एक्सप्रेस । आगरा

भारत के पहले स्पैम-फाइटिंग नेटवर्क भारती एयरटेल ने अपने एआई-संचालित स्पैम-फाइटिंग सॉल्यूशन को लॉन्च करने के ढाई महीने के भीतर ही 8 अरब स्पैम कॉल और 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया है। इस एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से, एआई-संचालित नेटवर्क ने हर दिन लगभग एक मिलियन स्पैमर्स की पहचान सफलतापूर्वक की है।

पिछले ढाई महीनों में कंपनी ने लगभग 25.2 करोड़ यूनिक कस्टमर्स को इन स्पैम कॉल्स के बारे में सतर्क किया है और देखा गया है कि ऐसे कॉल्स का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12त्न की कमी आई है। एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉल्स में से 6त्न को स्पैम कॉल्स के रूप में पहचाना गया है, जबकि कुल एसएमएस का 2त्न भी स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि 35त्न स्पैमर्स ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है।

दिल्ली के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को। सबसे ज्यादा स्पैम कॉल दिल्ली से की गई, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक से। एसएमएस के मामले में सबसे ज्यादा एसएमएस गुजरात से भेजे गए, फिर कोलकाता और उत्तर प्रदेश से। सबसे ज्यादा ग्राहक मुंबई, चेन्नई और गुजरात के निशाने पर रहे। रिपोर्ट में सामने आए ट्रेंड के मुताबिक, 76त्न स्पैम कॉल पुरुष ग्राहकों को की गई है। उम्र के आधार पर भी स्पैम कॉल की संख्या में अंतर देखा गया है।

# डीएम ने दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण किया वितरित

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद में ब्लाक संसाधन केंद्र, टाण्डा, फत्तेपुर के प्रांगण में समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत एलिम्का कानपुर के सहयोग से 6 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों हेतु निःशुल्क उपकरण वितरण समारोह अयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश सिंह जिलाधिकारी एंव भोलेन्द्र प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के साथ आये उनके अभिभावक भी उपस्थित रहें। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को बुके एंव अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया एंव सभी दिव्यांग बच्चों के अभिभवकों एंव उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा कुल 179 उपकरण जिसमें ट्राई साइकिल 8, व्हील चेयर 34, सीपी चेयर 9, क्रंच वैशाखी 2, वाकिंग स्टिक 5, रोलेटर 18, ब्रेलकिट 6, टी0एल0एम0 किट प्राथमिक ग्रुप 31, टी0एल0एम0 किट सेकेंड्री ग्रुप 16, सुगम्य केन 5, हियरिंग एड 24 एवं कैलीपर 21 वितरित किया गया, साथ ही अपने सारगर्भित सम्बोधन में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों को ज्ञानवर्धन एवं प्रेणाप्रद उद्बोधन के माध्यम से प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाये, यदि किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो जिला प्रशासन हर सम्भव मदद के लिए तैयार है।

इस अवसर पर जिला अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से निवेदन किया गया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाये।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा इस वर्ष हाई स्कूल एंव इण्टर परीक्षा में पास होने वाले टाप 5 छात्राओं को स्कूटी देने की भी घोषणा गई।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी टाण्डा, जिला समन्यवक समेकित शिक्षा शिक्षा के साथ ही एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञ अमित कुमार, बाल गोपाल चौधरी, ऋषि, आर0डी0 सिंह आदि उपस्थित रहें।

## छह तमंचे सहित असलहा बेचने वाले छह आरोपी पुलिस ने पकड़े, दो बाइक और रुपये भी बरामद

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

पकड़े गए सभी आरोपी असलहों की खरीद फरोख्त कर रहे थे, तभी रंगे हाथ पकड़े गए। आरोपियों के पास से छह देसी तमंचे, चार कारतूस, मोबाइल, दो बाइकें, 55 सौ रुपये बरामद हुए हैं।

7 दिसंबर की रात अकराबाद थाना पुलिस ने गांव नगला कमलू जाने वाले रजबहा के रास्ते पर छह लोगों को पकड़ा। उनके पास से छह देसी तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। थाना पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी आरोपी असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले हैं। इनमें एक दिल्ली के रंजीत नगर थाना क्षेत्र का निवासी है।थाना पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी आरोपी असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले हैं। इनमें एक दिल्ली के रंजीत नगर थाना क्षेत्र का निवासी है।

क्षेत्राधिकारी बरला जेएस मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अकराबाद पुलिस ने 7 दिसंबर की रात गोपी-विजयगढ़ मार्ग पर गांव नगला कमलू के लिए जाने वाले रजबहा के रास्ते से छह लोगों को पकड़ा गया। इनमें रंजीत निवासी नगला कमलू, भोला ठाकुर उर्फ अरुण निवासी गोपी चांदपुर, तनुज निवासी जिरौली हीरा सिंह, हर्ष निवासी नानऊ, विशाल निवासी बमनोई थाना अकराबाद और हर्ष निवासी शादीपुर थाना रंजीत नगर नई दिल्ली शामिल हैं। सीओ के अनुसार यह सभी असलहों की खरीद फरोख्त कर रहे थे, तभी रंगे हाथ पकड़े गए। आरोपियों के पास से छह देसी तमंचे, चार कारतूस, मोबाइल, दो बाइकें, 55 सौ रुपये बरामद हुए हैं।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करें राजस्व वसूली: जिलाधिकारी

- पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाये निस्तारित
- तहसीलदार अमरिया/कलीनगर द्वारा गत माह में जीएसटी की आरसी की वसूली न होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। कर करेत्तर की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, टाइगर रिजर्व, बाढ़ खंड, मण्डी, खनन, बाट माप, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्धारित किये गए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की गई राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की गई। वाणिज्य कर की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारी को कडे निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाये। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान एआरटीओ को निर्देश दिये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाये। बाट माप विभाग की समीक्षा करते हुये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिये। नगर विकास की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाए जाने पर वसूली बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता विद्युत लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के निर्देश दिये। मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली ठीकठाक पाई। स्टाम्प की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिये।

राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी निर्देश दिये गये अपने यहां 03 वर्ष व 05 वर्ष से अधिक समय के लम्बित पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें। भू-राजस्व/राजस्व संहिता के वाद अधिक समय तक लम्बित न रखा जाये तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में स्वामित्त योजना व रियल टाइम खतौनी की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारियों को सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे एवं तालाबों को कब्जा मुक्त कराने, पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन प्रकरण, पुराने वादों का निस्तारण करने निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया सार्वजनिक स्थलों व चकरोड से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विरासत सम्बन्धी प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार एव नायब तहसीलदारों से राजस्व वादों की समीक्षा की गई और इस माह में लक्ष्य के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये अधिक से अधिक लम्बित वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), नगर मजिस्टेऊट, समस्त उप जिलाधिकारी, एआरटीओ, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, खनन अधिकारी, आबकारी अधिकारी, मण्डी सचिव, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सहायक निदेशक डॉ प्रवीण कुमार कपिल ने खेती के बारे में दी विस्तार जानकारी




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

सोमवार को सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर के चीनी मिल पीलीभीत क्षेत्र के ग्राम दियोरिया में वृहद गन्ना कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

डॉ प्रवीण कुमार कपिल सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर द्वारा उपस्थित कृषकों को गन्ने की आधुनिक वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कपिल द्वारा बताया गया कि किसान भाई गन्ना बुवाई हेतु बीज चयन मे सावधानी बरतें। बुवाई के लिए कीट एवं व्याधि रहित बीज का चयन करें।

गन्ना फसल के पोषण प्रबंधन, कीट रोग प्रबंधन एवं गन्ने की नवीनतम किस्मों के बारे में जानकारी दी गई।



किसानो से अनुरोध किया गया कि वह भूलकर भी को. 0238 की बुवाई न करे द्य यह किस्म रोग ग्रसित हो चुकी हैं। गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही उनके द्वारा गन्ने की सहफसली खेती के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि किसान भाई गन्ने के साथ दलहनी, तिलहनी, सब्जी, एवं मशाले वाली फसलों की खेती कर सकते हैं।

सहफसली खेती से अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। के.बी.शर्मा प्रधान प्रबंधक चीनी मिल पीलीभीत द्वारा गन्ना आपूर्ति के बारे में जानकारी देते हुए कृषकों की समस्याओं का समुचित निराकरण किया गया। इफको एम सी के प्रतिनिधि आशुतोष द्विवेदी द्वारा इफको के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी गई।

मनोज कुमार साहू ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर द्वारा गोष्ठी में आए अधिकारियों एवं कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। गोष्ठी में प्रेम शंकर प्रसाद गन्ना पर्यवेक्षक सहित मो.मुकीम, राम मोहन तिवारी, हरि ओम सिंह, सत्यवीर सिंह, गोविन्द मिश्रा, रजनीश सिंह, हारून खान आदि सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में बच्चों को परेशान करता था पिता, कर दी हत्या

- पुलिस ने आरोपित को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल
- पिता के सिर पर लोहे की राड से हमला कर उतारा था मौत के घाट



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

शराब पीने के बाद पुत्र वधू और बच्चों के साथ गाली गलौज से परेशान होकर आरोपित पुत्र ने पिता की हत्या की थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी लिखकर आरोपित की निशानदेही पर आला कत्ल बरामद कर लिया। पुलिस ने पकडे गए आरोपी को जेल भेज दिया।

रविवार देर शाम नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी राजमिस्त्री शिशुपाल की उसके इकलौते बेटे रवि ने सिर में राड मारकर रविवार की शाम के समय हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपित ने स्वयं को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ में रवि ने बताया कि पिता शिशुलाल शराब के आदी थे। रोजाना ही आकरण घर पहुंचकर उसके और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते थे। घर में एक गाय पाल रखी है। वह उसे खोलकर भगा देते थे। घर से भगाने की धमकी देते थे। रोज पारिवारिक कलह होने से वह दुखी था। रविवार भी वह शराब पीने के बाद घर पंहुचे। पत्नी और बच्चों के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया। अचानक लोहे की राड उठाकर उसको मारने के लिए दौड़े। वह बचाव करते हुए छत पर पहुंच गया। वहां भी वह पहुंच गए। उसने राड छीनकर सिर में मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

इंस्पेक्टर कोतवाली अपराध गजेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त राड बरामद कर ली गई है। शिुशलाल के भाई सुरेश की तरफ से प्राथमिकी लिखी गई।

आरोपित रवि को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पिता शिुशलाल के गाली गलौज करने, घर से भगाने आदि से परेशान होकर रवि ने हत्या करने की बात कही है।





## भूत पूर्व सैनिकों ने साथी जवान को दी श्रृद्धाजंलि

सिलीगुड़ी सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर जैसे ही भूतपूर्व सैनिकों को हुई तो साथी जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करने शहाबुद्दीनपुर गांव पहुंच गए ।इस दौरान मृतक साथी जवान के पार्थिक शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को सांत्वना देकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, दिनेश यादव, सुभाष यादव, अनिल यादव, हवलदार यादव, जयप्रकाश शुक्ला, के.के.दुबे, आर एस यादव, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मां ने अपने बेटे को जय हिंद कहा, फिर माथा चूम कर किया दुलार

सेना के जवान का पार्थिव शरीर जैसे ही पैतृक निवास शहाबुद्दीनपुर गांव पहुंचा तो माता मालती देवी ने अपने पुत्र को पहले जय हिंद कहा,फिर माथा चूम कर दुलार किया और बाद में अर्थी को परिवार सहित कंधा देकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए अंतिम विदाई दी। सोमवार को सेना के जवान राजेश यादव के घर पर इस मार्मिक दृश्य से हर किसी की आंख में आंसू ला दिया।

# सिलीगुड़ी में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

केराकत। तिरंगे में लिपटे जवान का पार्थिव शरीर जैसे शहाबुद्दीनपुर गांव पहुंचते ही गमगीन हो उठा पहले से ही हाथों में तिरंगा लेकर सेना के जवान राजेश यादव के पार्थिव शरीर को रिसीव करने के लिए सभी समुदाय के लोगों ने फूल माला लेकर पार्थिक शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।तत्पश्चात घर के पास बनाये गए मंच पर पार्थिव शरीर को रखा गया जहां परिजनों और ग्रामीणों ने दिवंगत सैनिक को श्रद्धासुमन अर्पित किया।मां भारती के लाल को देखने के लिए देखते ही देखते जनसैलाब उमड़ पड़ा।




गौरतलब हो कि शहाबुद्दीनपुर ग्राम प्रधान धन्नी लाल के पांच संतानों में मृतक सेना के हवलदार राजेश यादव 35 वर्ष तीसरे नंबर पर थे।राजेश यादव वर्ष 2010 में सेना में भर्ती हुए थे वह एक उत्कृष्ट फुटबॉल खिलाड़ी थे।सेना की फुटबॉल टीम में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके थे उनकी खेल- कला और कर्तव्यनिष्ठा ने उन्हें सहकर्मियों और गांव वासियों के बीच खास पहचान दिलाई। राजेश यादव न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए प्रेरणा थे उनकी खेल उपलब्धियों और सेना में दी गई सेवाओं ने गांव का नाम रोशन किया उनकी मृत्यु से क्षेत्र में एक कर्तव्यनिष्ठ सैनिक और प्रेरणादायक खिलाड़ी खो दिया।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान राजेश यादव अपनी पत्नी प्रियंका उर्फ गुड़िया 33 वर्ष व रियांश 5 वर्ष व अयांश 3 वर्ष के साथ सिलीगुड़ी में रहते थे आने वाली 13 दिसंबर को चचेरी बहन की शादी पड़ी थी जिसने शामिल होने के लिए राजेश यादव घर आने वाला था।

### सेना के जवान का गोमती नदी घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

सेना के जवान का पार्थिव शरीर जैसे ही अंतिम संस्कार के लिए गांव से निकला पूरा वातावरण देशभक्ति के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। काफी संख्या में लोग फूल माला और तिरंगे के साथ जुलूस की शक्ल में अंतिम संस्कार के लिए निकले। सेना के जवान का काफिला शहाबुद्दीनपुर से निकल कर सिहौली चौराहे से गुजरा तो रस्ते में खड़े लोगों ने सेना के जवान के पार्थिक शरीर पर पुष्प वर्षा की। धीरे-धीरे काफिला गोमती नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम पहुंचा। यहां सेना के जवानों ने जवान के पार्थिक पर पुष्पांजलि के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद हिन्दू रीति रिवाज के साथ जवान का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पिता धन्नी लाल यादव ने दी।

### पत्नी ने पति के पार्थिक शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया सलाम

मृतक सेना के जवान की पत्नी प्रियंका उर्फ गुड़िया का जहां रो-रोकर बुरा हाल था वहीं उसने इस घड़ी पर हौंसले का परिचय भी दिया और अपने पति की पार्थिक शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सलाम किया।वही आंखों से आंसू दो दिन से लगातार थम नहीं रहे हैं। वह दहाड़े मारकर रोती जा रही है। गांव की महिलाएं व युवतियां समझाने का प्रयास कर रही हैं कि उसकी तबियत खराब हो जाएगी, लेकिन वह अपने पति को जेहन से नहीं हटा पा रही है अपने दोनों बच्चों को अनाथ होते देख रोते बिलखते बेहोश हो जा रही है।


## एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रेन की चपेट में आकर नाबालिक युवक की कटकर मौत

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव नवादा महेश निवासी एक नाबालिक की ट्रेन की चपेट लगने से कटकर मौत हो गई सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक के पिता घासीराम ने बताया कि मेरा पुत्र ओमपाल उम्र 17 वर्ष दोपहर 1:00 बजे अपने घर से निकला था। जो की परिजनों के अनुसार मानसिक रूप से भी कमजोर था। गांव के ही किनारे रेलवे ट्रैक पर चलता हुआ जा रहा था। उधर पीलीभीत से शाहजहांपुर ट्रेन की तरफ लगभग 3:15 बजे जा रही थी। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। ट्रेन के ड्राइवर द्वारा कुछ देर ट्रेन रोककर मृतक के शव को ट्रेन में लाद कर बीसलपुर की ओर ले गये। मृतक के पिता काशीराम मजदूरी करके अपने परिवार को पालन पोषण करते है। उनके दो पुत्र थे ।जिसमें मृतक छोटा था थाना पुलिस ने शव के पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय के पास भेज दिया।

### चेयरमैन सहित सभासदों और भाजपा नेताओं ने देखी दा साबरमती रिपोर्ट फ़िल्म

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने सोमवार को सभासदों और भाजपा नेताओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी।



सोमवार को डॉ आस्था अग्रवाल ने सभी के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। फिल्म देखने वालों में पालिका अध्यक्ष के साथ पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, भाजपा जिला महामंत्री दिनेश पटेल, अशोक बाजपेई, प्रमोद अग्रवाल, सभासद रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, शिवम श्रीवास्तव, राशिद हुसैन, निजाकत अली कादरी, सुरेश लोधी, चेतन गंगवार, राजू फौजी, इकबाल हजरत, मोहम्मद शरीफ, शिवली अहमद, विकास बाबू, जगन्नाथ प्यारे, विपिन त्यागी, रईस अहमद, विपिन मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, मनोज मिश्रा मोनू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### क्रय केन्द्रों पर बिचौलिया हावी, केन्द्र प्रभारी कमा रहे हैं मोटा मुनाफा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** नवीन मण्डी समिति में लगे क्रय केन्द्रों पर बिचौलिया हावी हैं। किसान अपना धान तुलवाने के लिए भटक रहे हैं। केन्द्र प्रभारी बिचौलियों का धान खरीदकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। किसानों के लिए क्रय केन्द्रों पर कम से कम 5 बाटर कूलर होने चाहिए लेकिन सेंटरों पर एक ही बाटर कूलर रखा जा रहा है जिससे किसान पानी पीने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। इस समय धान क्रय केन्द्रों पर बिचौलियों को धान खरीदे जा रहे हैं लाइस मिलर्स से सांठ गांठ कर केन्द्र प्रभारी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। किसान अपना धान बेचने के लिए मण्डी में लगे क्रय केन्द्रों के चक्कर लगा रहे हैं। केन्द्र प्रभारी उनका धान नहीं खरीद रहे हैं। रमेश कुमार के द्वारा बाटर कलरों का बाउचर बनाकर विभाग से पैसा निकाल लिया जा रहा है लेकिन किसानों के लिए पानी पीने की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। प्रति क्रय केन्द्र पर कम से कम 5 वाटर कूलर होने चाहिए लेकिन क्रय केन्द्र पर एक ही बाटर कूलर रखा जा रहा है। जिससे किसान पानी पीने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं।



## जिलाधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाऐं




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

सोमवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का त्रि-मासिक निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सी.सी.टी.वी., मशीनों के रख रखाव की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि/ जिला प्रभारी चन्द्रशेखर आजाद, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि/ जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि/ जिला प्रभारी विनोद कुमार भारती, जिला निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

# शारदा सागर खंड शाहजहांपुर नहर की पटनिया ब्रांच पर लगे हरे भरे कीमती वृक्षों को कटवाया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शारदा सागर खंड शाहजहांपुर नहर की पटनिया ब्रांच पर कई वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा शीशम आम के अलावा कई बेस कीमती पौधों का वृक्षारोपण कराया गया। वन विभाग की देख रेख में वृक्षों की परवरिश काफी बढ़िया हो गई। ग्रामीणों ने बताया की आम के पौधों पर पिछली बार काफी आम की फसल भी आई और शीशम के भी वृक्ष काफी मोटे हो गए। माइनर पर लगे शीशम और आम के पेड़ जब नहर विभाग के अधिकारियों ने देखा तो उनकी नियत बिगड़ गई और अपने बेलदार माखनलाल को आदेशित कर कहा इन पेड़ों को अपनी मौजूदगी में कटवा लेना। माखनलाल बेलदार ने अधिकारियों के कहने पर पटनिया ब्रांच पर लगे वेश कीमती पेड़ों को कटवाना शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों ने पटनिया ब्रांच पर लगे पेड़ों के कटान के बारे में पूछा कि आप यह पेड़ क्यों कटवा रहे हो। उक्त बेलदार ने ग्रामीणों को बताया कि हम अपने विभाग की अनुमति से यह पेड़ कटवा रहे हैं। आप लोगों से इसका कोई मतलब नहीं है। वहां पर कुछ जागरूक लोगों ने उक्त बेलदार से कहा नहर विभाग को पेड़ कटवाने का कोई हक नहीं है। जब तक वन विभाग इसका मूल्यांकन न करें लेकिन आपके पास ऐसा कोई आदेश नहीं है। ग्रामीणों ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर से पटनिया माइनर पर लगे पेड़ों के काटन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा मुझे कुछ नहीं मालूम और फोन काट दिया। दोबारा ग्रामीणों ने फिर डिप्टी रेंजर को फोन कर पूछा तो उन्होंने कहा हम इसकी जांच करवा लेंगे। अभी मेरे संज्ञान में कोई ऐसा मामला नहीं है। ग्रामीणों ने जब इसकी सूचना चुर्रासकतपुर चौकी इंचार्ज को दी। चौकी इंचार्ज ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध तरीके से काटे जा रहे पेड़ों को रुकवा दिया। नहर विभाग अपनी तानाशाही के चलते दिनदहाड़े पेड़ कटवाता रहा और वन विभाग ने उसको देखने के लिए जहमत नहीं की। ऐसा लगता है वन विभाग अपने कर्तव्यों से पूरी तरह लापरवाह दिखा।



# दो अलग-अलग सड़क सड़क हादसे में दो युवकों की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मुंगराबादशाहपुर। मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र में बीती रात दो अलग अलग सड़क हादसे में अज्ञात वाहनो की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सुजानगंज मार्ग पर मधुपुर गांव के पास बीती रात करीब 10 बजे पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें मधुपुर गांव के निवासी 43 वर्षीय गोरेलाल सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। यह मछली का व्यापार भी था।इसी कड़ी में दूसरी घटना जौनपुर रायबरेली हाईवे पर इटहरा बार्डर पर हुई। जिसमें पेट्रोल पंप से नौकरी करके अपने घर जा रहे एक बाइक चालक युवक 24 वर्षीय कमलेश यादव पुत्र फूलचंद यादव निवासी गांव पचहहटिया खुर्द, थाना फतनपुर, जिला प्रतापगढ़ को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने एंबुलेंस द्वारा उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में ले आकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दोनो सड़क हादसों में हुई दोनो युवकों की हुई मौत के पश्चात स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

# सिरकोनी के परिषदीय विद्यालयों के खिलाड़ियों को ज्ञानप्रकाश सिंह द्वारा दिया गया 100 ट्रैक शूट

- पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं खेल रैली में दिखाया छात्रों ने दमखम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जफराबाद। शासन के निर्देश के क्रम में पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर विकासक्षेत्र सिरकोनी में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ गोरखनाथ पटेल ने दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मनुष्य का सर्वांगीण एवं पूर्ण विकास होता है इसलिए सदैव पढ़ाई के साथ खेल को खेलते रहना चाहिए। मुख्य अतिथि के द्वारा सिरकोनी विकास क्षेत्र के परिषदीय खिलाड़ियों को भाजपा नेता एवं समाज सेवी ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा प्रदत्त 100 ट्रैक शूट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राएं बेहद प्रतिभाशाली और सौभाग्यशाली हैं जिन्हें यह अवसर मिला है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और खेल के माध्यम से अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और टीम भावना जैसे गुण विकसित होते हैं। खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान सुचिता सिंह ने कहा कि विजयी होने के बाद अभिमान नहीं करना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रति ईर्ष्या का भाव भी नहीं रखना चाहिए। इससे पूर्व अतिथियों के द्वारा फीता काटकर एवं झंडी दिखाकर दौड़ के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।



### खेल प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा

- 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में धीरज चौहान
- 200 मीटर बालक वर्ग में शिवम प्रथम स्थान
- 600 मीटर में शिवम यादव प्रथम स्थान
- बालिका वर्ग 200 मीटर में प्रथम स्थान
- 200 मी बालिका वर्ग में काजल प्रथम स्थान

# कप्तान साहब आपकी पुलिस नहीं करती यातायात नियम का पालन

## क्या पुलिस के नहीं है कोई नियम कानून ?

जन एक्सप्रेस । दिलीप उपाध्याय






बस्ती। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाने वाले पुलिसकर्मी ही नियमों की धज्जियां स्वयं उड़ा रहे हैं। बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाते हैं। जबकि यातायात के नियमों का पालन न करने वाले आम लोगों का चालान काटा जा रहा है, लेकिन खुद सारे नियमों को दरकिनार कर पुलिस कर्मी बिना हेलमेट व हाई सिक्योरिटी नंबर के घूम रही है। वही हाई सिक्योरिटी नंबर के नाम आम जनता का पुलिस दिन भर चालान काटने से नहीं थकती, लेकिन खुद नियम की धज्जियां उड़ाने में पीछे नहीं रहती है। वही पुलिस अधीक्षक बस्ती के ऑफिस में दर्जनों ऐसी गाड़ियां बिना हाई सिक्योरिटी नंबर के ऑफिस में पार्क होती लेकिन किसी भी अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ती। वही एस डीएम साहब भी यातायात नियमों का पालन नहीं करते उनकी बोलेरो गाड़ी क्र32 ग्न 1774 बिना हाई सिक्योरिटी नंबर के दिन भर दौड़ती है लेकिन मजाल कि कोई पुलिस कर्मी उनका चालान कर दे। वही शिक्षक व ज्योतिषाचार्य सूर्य प्रकाश शुक्ला का कहना है कि यातायात नियम सबके लिए समान है और सबको जिम्मेदारी से उसका पालन करना चाहिए अगर जिम्मेदार ही नियम का पालन नहीं करेंगे तो आम जनता कैसे नियम का पालन करेगा। इसको लेकर पत्रकार कमलेश सिंह का मानना है कि यातायात नियम सभी के लिए एक समान है,किसी को भी यातायात नियमों को तोड़ने का अधिकार नहीं है। लेकिन पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी नियम का पालन नहीं करते हैं तो वहां मौजूद अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि उनका चालान बिना किसी भेदभाव के करना चाहिए।

# विकसित यूपी में आर टी आई का योगदान : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



राज्य सूचना आयुक्त डॉ.दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि विकसित यूपी में जन सूचना के अधिकार का भी योगदान सुनिश्चित होना चाहिए। सूचना के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान संभव है। विकास यात्रा में यह योगदान भी महत्वपूर्ण है। राज्य सूचना आयुक्त कन्नौज सर्किट हाउस में ग्राम विकास के जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरटीआई में जनकल्याण और पारदर्शिता की भावना समाहित है। इसके माध्यम से ग्रामीणों, निर्धनों की समस्या का समाधान होता है। इनको वांछित सूचना मिल जाने मात्र से इनकी समस्या का समाधान आसान हो जाता है। जनसूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाने का रास्ता बना दिया है। अभी यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। यूपी की पहचान से निकालकर समर्थ और सक्षम राज्य की बन चुकी है। प्रतिव्यक्ति आय दोगुनी से अधिक पहुंच गई है। नए भारत के नए यूपी के रूप में उभारने में सफलता प्राप्त की है प्रदेश को नम्बर वन बनाने का संकल्प लिया है। प्रदेश के बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हुई तथा जीडीपी में भी दोगुने से अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश में दूसरे स्थान पर आ गया है। केन्द्र सरकार की पचास से अधिक योजनाओं में प्रदेश प्रथम स्थान पर है। एक्सप्रेसवे के किनारों पर औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जा रहा है।

## सरौंद गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम को 11 का बढ़ा मिला रक्तचाप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। औरास। एक महीने में हृदयगति रुकने से दो सगे भाई सहित 12 लोगों की मौत के बाद रविवार को सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सरौंद गांव पहुंची। चार सदस्यीय टीम ने 53 ग्रामीणों की जांच की। इसमें 11 में उच्च रक्तचाप की बात सामने आई। शनिवार को ग्राम प्रधान सुरेश यादव ने सीएचसी प्रभारी को गांव में हाई ब्लड प्रेशर की वजह हो रहीं मौतों की जानकारी दी। इसके बाद रविवार को डॉ. शोएब अली के नेतृत्व में फार्मासिस्ट प्रेमकुमार, बेसिक हेल्थ वर्कर अजीत कुमार व वार्ड बॉय सुनील कुमार गांव पहुंचे। टीम ने 53 ग्रामीणों की जांच की। इसमें 11 लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा मिला। टीम ने दोबारा जांच की तो भी इन लोगों में ब्लड प्रेशर बढ़े होने की बात सामने आई। टीम के सदस्यों ने मृतकों के परिजनों से बातचीत की। साथ ही परिजनों से अन्य बीमारियों की भी जानकारी ली। अविरल (27), शिवप्यारे (54), नन्ही देवी 70), रामचंद्र (55), अर्पित (26), ज्ञानेंद्र (30), सुभाष चंद्र (45), अशोक (42), कमला (65), मोतीलाल (41), चंद्रमुखी (30)।

# पत्रकार पर आगजनी के फर्जी मुकदमें पर पत्रकारों ने की एसपी से मुलाकात

■ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन बोले पुलिस अधीक्षक होगी निष्पक्ष जांच

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मण्डल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक पत्रकार उत्पीड़न का ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी और किसी भी बेगुनाह को आरोपी नही बनाया जायेगा। जानकारी के अनुसार, बीती 6 दिसम्बर की रात को लगभग 10 बजे कोतवाली देवा क्षेत्र के ग्राम पलटा के निकट स्थित मांझारी होटल चलाने वाले दयाशंकर मिश्रा के होटल में संदिग्ध अवस्था में आग लग गयी थी। इसके बाद दयाशंकर आदि लोगों ने कुछ दूरी पर स्थित अपने होटल में सो रहे ग्राम पलटा के ही निवासी जयकरन मिश्रा की पिटाई शुरु कर दी थी। चीख पुकार मचने पर जयकरन मिश्रा के दो पुत्र मौके पर पहुंचे तो दोनो पक्षों से जमकर मारपीट हुई। इसी बीच जिला मुख्यालय से कोतवाली देवा जा रहे क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी ने होटल में आग लगी देखी तो उन्होंने अपनी गाड़ी वहीं रोक करके होटल में लगी आग को बुझाने में लग गये। वह अपने काफिले सहित वहीं रुक गये और इसके बाद उनको पूरी घटना की जानकारी हुई। दयाशंकर मिश्रा ने कोतवाली देवा में जा करके एक लिखित तहरीर दी जिसमें उन्होंने जयकरन मिश्रा और उनके पुत्र मुकेश मिश्रा आदि लोगों को नामजद कर दिया। मुकेश मिश्रा राजधानी से प्रकाषित एक हिन्दी दैनिक के जिला संवाद्दाता के पद पर कार्यरत हैं। घटना के समय मुकेश मिश्रा शहर में एक वैवाहिक समारोह में शामिल थे। इस बात की जानकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएषन उ.प्र. के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला को हुई तो उन्होंने उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए सोमवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह से उनके कार्यालय पर जा करके मुलाकात की। उन्होंने सारी हकीकत पुलिस अधीक्षक से बतायी और एक ज्ञापन देकर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले को गम्भीरता से लेते हुए पत्रकारों को आष्वासन दिया कि किसी भी निर्दोष को इस मामले में प्रताड़ित नही किया जायेगा। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इस मामले की जांच सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी से करवा रहे हैं। साथ ही में पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से यह भी कहा कि अगर कोई बात होगी तो मुझसे फिर आकर आप लोग मुलाकात कर सकते हैं। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से संगठन के पदाधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, अंकित मिश्रा, रंजीत गुप्ता, उमेष श्रीवास्तव, मो. वसीक, मनीष सिंह, षिवम सिंह, सुभाष मिश्रा, नीरज शुक्ला सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# एलयूसीसी कम्पनी के निवेशकों के करोड़ों रूपये का गबन, गन्ना परिसर मे पीडितों का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



एलयूसीसी कम्पनी द्वारा निवेशकों और ऐजेटों द्वारा जमा धनराशि का भुगतान न होने और कम्पनी के मालिकों द्वारा भुगतान न कर फरार हो जाने व गिरफ्तारी न होने से आहत हजारों लोगों ने गन्ना संस्थान में हजारों की संख्या में तजपा संगठन के बैनर तले हजारों की संख्या में धरना प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा बताते चले कि यह लोग गन्ना परिसर में सौ दिनो से धरना दे रहे है। तपजप संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल आजाद ने हजारों ऐजेटों और निवेशकों के बीच हुंकार भरते हुए कहा कि न्याय की इस लडाई को सड़क से सदन तक लड़ा जायेगा। जिस किसी भी ऐजेंट ने सभी औपचारिकता पूरी करते हुए निवेशकों को कागजात सौंपें है उन निवेशकों का एक एक पाई उन्हें दिलाया जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि निवेशकों और ऐजेटों के साथ पुलिस प्रताड़ना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा एलयूसीसी, ब्लू धाव, सहारा पल्स जैसी तीन लाख कम्पनियों ने देश के 42 लाख लोगों को ढगी का शिकार बनाया। तपजप संगठन की तरफ से सक्षम अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकार द्वारा भुगतान पटल ओपेन विंडो किया जाए। अधिकारी व सक्षम अधिकारी पीडितों के आवेदन नहीं ले रहे इस व्यवस्था को शुरू किया जाए। पीडितों की समस्या के लिए सरकार द्वारा बनाये गए आनलाइन पोर्टल को चालू किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है

कि सरकार द्वारा भुगतान की जिम्मेदारी लेने के बाद भी कुछ दबंग निवेशक जमाकर्ता अपने भुगतान का आवेदन नहीं कर रहे। एजेंटों को प्रताड़ित न किया जाए। डीएम प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपने वालो में जिलाध्यक्ष व प्रभारी अयोध्या मंडल कमाल अहमद, जिला वरिष्ठ संरक्षक लायक राम वर्मा, कोषाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र में डोर टू डोर चलाया प्लस पोलियो अभियान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित क्षेत्र के गांवों में सोमवार को पोलियो की दवा बच्चों को पिलाया गया।जिसमें इस अभियान के तहत को सीएचसी बिल्हौर समेत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर जाकर बिल्हौर अधिक्षक डॉ.दिलीप कटियार एवं स्वास्थयकर्मीयों के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर रविवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व क्षेत्र में बूथों पर जाकर लगभग दो सौ बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य पूरा किया गया वहीं इस अभियान को सफल बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को इस अभियान के तहत समुदायिक स्वास्थ्य के कई गांवों का दौरा कर बिल्हौर अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कटियार दिशा-निर्देश देते हुए खुद मौके पर जाकर अपनी टीम के साथ बच्चों को पोलियो पिलाई इस मौके पर स्वास्थयकर्मी मौजूद थे।

# ककवन विकासखंड के विद्यालयों में खेलकूद संपन्न हुए, बीईओ ने सरस्वती वंदना कर शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत ककवन विकासखंड की प्रतियोगिता आयोजन आरजीएलवी इंटर कॉलेज अलियापुर मैदान में किया गया। शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं झंडी दिखाकर किया। विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं में ककवन विकासखंड के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने उत्साह पूर्ण प्रतिभाग किया 100 मी, 50 मीटर, 200 मीटर दौड़ ऊंची कूद, लंबी कूद, खो- खो और कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें ककवन ब्लॉक के सभी न्यायपंचायत के बालक और बालिका ने प्रतिभाग किया । कब्बड्डी जूनियर वर्ग में बालक व बालिका वर्ग में विजेता ककवन व उपविजेता विषधन एवं बछना की टीम रही । खो-खो में विजेता ककवन व उपविजेता उठ्ठा की टीम रही। सभी वर्गों में प्रथम द्वितीय बालक बालिकाओं के ट्रॉफी मेडल व प्रशस्ति पत्र विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी ककवन द्वारा प्रदान किया गया। सभी न्यायपंचायत में ककवन न्यायपंचायत द्वारा सभी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्रदान किया गया।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मुख्य संचालन डॉ अनुराग पांडे द्वारा किया गया खेल शिक्षक अमित बाजपई ने प्रमुख योगदान दिया उक्त अवसर पर ककवन विकास खंड के सभी एआरपी अजय कटियार, अश्वनी पांडे, अनिल राय, अमर चंद था सभी न्यायपंचायत के संकुल शिक्षक के साथ-साथ वीरेंद्र राव, नरेंद्र भारती, श्याम कुमार, शशांक दुबे, अरविन्द त्रिवेदी, संजय भारती, नीलेंद्र, जग नारायण, अंशु लता, पूर्णिमा, नीति नेहरू, ज्योति लता, अमित सिंह, राजेंद्र शुक्ला ने सहयोग प्रदान किया अंत में अजय यादव संरक्षक आरजीएलवी इंटर कॉलेज ने सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

ककवन ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के स्थान को लेकर अध्यापकों में मतभेद रहा वहीं पर जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी व्यक्त की ककवन कस्बे में कई विद्यालय और कई ग्राउंड हैं वहां पर नहीं कराई गई प्रतियोगिता ब्लॉक के दूसरे छोर और दूसरे ब्लॉक के अंतर्गत विद्यालय में कराई गई। ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं विनय यादव ने बताया कि बीईओ का रवैया ठीक नहीं है ना समय से विद्यालय खुलते हैं और ना समय से बंद होते हैं जब जो विद्यालय में अध्यापकों का आना हुआ आए और चले गए कोई पूछने वाला नहीं है। देश के कर्णधार बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। ककवन ब्लॉक प्रमुख किरणलता ने जिलाधिकारी से लिखित में शिकायत की है।

## तीन साल में मात्र एक आवेदन, उसे भी मंजूरी नहीं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

साधन संपन्न लोगों का साथ लेकर गांवों के विकास के लिए शुरू की गई मातृभूमि योजना में तीन साल में मात्र एक आवेदन आया। इसे भी शासनस्तर पर मंजूरी नहीं मिली। इससे योजना आगे बढ़ने से पहले ही धड़ाम हो गई। 15 सितंबर 2021 को प्रदेश सरकार ने उप्र मातृभूमि योजना शुरू की थी। योजना के तहत सरकार ने आर्थिक रूप से मजबूत लोगों के साथ मिलकर उनकी मातृभूमि का विकास करने की रुपरेखा तैयार की थी। इसमें देश-विदेश में रहने वाले लोगों को सरकार का सहयोगी बनाने की तैयारी की गई थी। इसके तहत ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराने के इच्छुक लोगों का सरकार ने पूरा सहयोग करने की बात कही थी। मातृभूमि के विकास के लिए काम की लागत का 60 प्रतिशत धन व्यक्ति को और 40 फीसदी धनराशि सरकार को देनी थी। इसमें आर्थिक मदद देने वाले का शिलापट पर नाम भी लिखवाया जाना था।

# एक्सप्रेस खबरें...

## 16वें दिन भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। कचहरी में वकीलों की सोलहवें दिन भी



बदस्तूर हड़ताल जारी रही। हड़ताल कब खत्म होगी इसकी कोई समय सीमा अभी निर्धारित नहीं की गई है। कलमबन्द हडताल से समस्त न्यायालयों व रजिस्ट्री का कार्य पूर्णतय: बाधित रहा। जिससे फरियादी हलकान रहे। ज्ञात हो रजिस्ट्री कार्यालय स्थानान्तरण को लेकर वकील लामबन्द होकर 16 दिन से तहसील परिसर व उपनिबन्धक कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जता रहे हैं। सोमवार को धरना स्थल पर बैठे अधिवक्ताओं से कोई भी अधिकारी वार्ता करने नही पहुंचा। दोपहर बाद उपनिबन्धक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल वार्ता करने के लिए बुलाया गया। इस वार्ता के दौरान परिणाम शून्य रहा। उपनिबन्धक ने वकीलों से आग्रह किया कि नवाबगंज की हडताल खत्म हो गयी है आप लोग भी हडताल को समाप्त कर दीजिये और प्रस्तावित नवीन परिसर में निर्माण कार्य के बाद भी अधिवक्ताओं और दस्तावेज नवीसों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान मुहैय्या करा दिया जायेगा। जिससे अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल में राजीव नयन तिवारी, ओम प्रकाश मिहिर, अलीउद्दीन शेख शामिल रहे। और इन लोगो का कहना है कि प्रशासन से वार्ता के लिए बुधवार का समय रखा गया है चूंकि अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में किसी भी प्रकार का कोई निर्णय नही लिया जा सकता है। हडताल बदस्तूर जारी रहेगी। इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह नम्बरदार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल, प्रिंस वर्मा, रमेशचन्द्र रावत, अनीत रावत, सुनील सिंह, गणेश शंकर मिश्रा, नियाज वारिस, नफीस अहमद, धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पौरूष श्रीवास्तव, के के मिश्रा, ज्ञानू सिंह, मो. राहिल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अपने बच्चों के साथ करें मित्रवत व्यवहार- श्रेयांश

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मां शारदे के चित्र के सम्मुख संतोष श्रीवास्तव व प्रीती वर्मा ने संयुक्त रूप से सम्मिलित होकर दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन के साथ मां शारदे की वन्दना की गई। इस सम्मेलन में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील सिंह श्रेयांश ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने सभी बच्चों की हर गतिविधि पर नजर बनाए रखे। उनके मित्र कौन है,वह मोबाइल कितनी देर चलाते है, उनकी निगरानी आवश्यक है। कही ऐसा न हो कि डेटा के चक्कर में आप अपना बेटा खो दे। आप सभी अपने बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करे। उन्हें सही पथ दिखा सकते है। आगे उन्होंने अभिभावक सम्मेलन की उपयोगिता के बारे में कहा कि अभिभावक और शिक्षक दोनों को अपने बच्चों की रुचि तथा सौंदर्य के बारे में के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। खेलकूद, गीत संगीत, नाटक, भजन, कीर्तन, कला शिल्प,व पुस्तक अध्ययन बच्चे की रूचियों की पहचान करना है। प्रकृति के प्रति जागरूकता, आत्म विष्वास, नेतृत्व क्षमता, सहानुभूति, सहयोग आदि उसके आंतरिक मन के प्रकटीकरण की परख करना अनिवार्य है। एक अभिभावक के नाते आप सभी अपने बच्चों को योजना निर्माण के लिए प्रेरित करना तथा उनकी शैक्षिक, व्यावसायिक तथा व्यक्तिगत योजनाओं के बारे लगातार चर्चा करनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक लाल बहादुर वर्मा ने आए हुए समस्त अभिभावकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।




# सोनिया गांधी के जन्मदिन पर यूथ कांग्रेस ने किया रक्तदान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



सोमवार को कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने कार्यालय केक काटकर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया। इसके उपरांत कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल रक्तदान कर समाज में सद्भावना का संदेश दिया। रक्तदान करने वाले यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुये पूर्व सांसद डा. पी.एल. पुनिया ने कहा कि सोनिया गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान करना सोनिया गांधी की समाजसेवा के सिद्धांतों के प्रति हमारी प्रतिबद्धिता को दर्शाता है। वहीं यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिज़वी ने कहा कि देश व समाज में भाजपा नफरत की राजनीति करती है। भाजपा के लोग बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर नफरत फैलाने की कुचक्र रची। किंतु हम सभी कांग्रेस जन ऐसा होने नहीं देंगे रक्तदान कर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन को यादगार बनाया है और उनके बताए हुए सिद्धान्तों पर चलना है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, गौरी यादव, के.सी. श्रीवास्तव, शईस्ता अख्तर आदि मौजूद रहे।

# विकलांग की विधवा बुजुर्ग मां को कैसे मिलेगा न्याय

जन एक्सप्रेस । पंकज यादव

उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर योगी जी की सरकार आम व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिये प्रतिबद्ध है वहीं कोतवाली गंगाघाट के चम्पा पुरवा क्षेत्र की रहनीं वाली सोनी देवी पत्नी स्व मोती लाल विकलांग की बुजुर्ग विधवा मां न्याय पाने के लिये दर दर भटक रही है महिला के ऊपर दुख का पहाड़ जब टूटा जब पूर्व में माहिला के खेत में हुई धान की फसल कटने के बाद मेन रोड की तरफ 6 गड्ढे लगभग चार फिट व कुछ सीमेंट के खम्भे साथ ही जमीन के सामने लगभग एक ट्रॉली ईंट दबंगों ने रख कर कब्जा करने का प्रयास किया तो महिला ने इसकी शिक़ायत मौखिक रुप से सक्षम अधिकारीयों से की परन्तु किसी प्रकार की कार्यवाही न होने पर 2-12-2024को महिला ने कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया के जिन लोगों के गड्ढे खोदे है और ईंटे जमा करके रखें है वो हमारी पुश्तैनी भूमि में कब्जा कर लेंगे जिसके बाद नायब तहसीलदार ने नियमानुसार कार्यवाही करने का आदेश दिया था परन्तु किसी प्रकार की कार्यवाही न होने पर महिला भयभीत और न्याय न मिलने के कारण दुखी थी परन्तु महिला ने हार नहीं मानी महिला ने 3-12-24 पुनः महिला ने जन सुनवाई पोर्टल के साथ जनपद उन्नाव के सक्षम अधिकारीयों व लखनऊ में बैठे उच्च अधिकारियों को अपनी पीड़ा से अवगत कराया जब तक पीड़ित महिला की बात अधिकारीयों के संज्ञान में आती उसके पहले ही जानकर कर सूत्रों की मानें तो दिनांक 4-12-24 जिन दबंगों पर महिला आरोप लगा रहीं थीं उन्ही आरोपीयों में एक ने अपनी पत्नी के नाम फर्जी चौहद्दी डाल कर रजिस्ट्री करवा दी और जो अन्य आरोपी थे उन्हें गवाह बना दिया यदि सक्षम अधिकारीयों ने समय पर ध्यान दिया होता तो दबंग फर्जी चौहद्दी डाल कर रजिस्ट्री कराने की हिम्मत नहीं करते हद तो जब पार हो गई के 5/6 तारीख की रात अज्ञात दबंगों ने पीड़ित महिला के साथ सहखाते धारकों की भूमि लगभग तीन बिघा पर स्थित बाउंड्री रात के अंधेरे में गिरा दी महिला के साथ पीड़ित अन्य काश्त कारों ने जिम्मेदार अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है

## बिल्हौर तहसील के पौराणिक स्थल की विशेषताएं के बारे में बच्चों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के कंपोजिट परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को कानपुर दर्शन भ्रमण यात्रा करवाया गया, जिसमें परिषदीय विद्यालयों के 200 बच्चों ने भाग लिया, इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को भारतीय ऐतिहासिक संस्कृति से परिचित कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन व बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार के निर्देश पर दस विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पौराणिक धार्मिक स्थल घुमाया गया। बिल्हौर तहसील के उच्च प्राथमिक विद्यालय नसिरापुर, पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पूरा,उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर,प्राथमिक विद्यालय ककवन,प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर आदि के बच्चों को भ्रमण कराया गया। बच्चों ने कानपुर के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का भ्रमण किया, जिनमें बिठूर स्थल, बिठूर म्यूज़ियम, ध्रुव टीला, इस्कॉन मंदिर और सुधांशु आश्रम शामिल थे। बच्चों को इन स्थलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यात्रा के दौरान बच्चों को जलपान, मध्यानभोजन, कैप और बैग वितरित किए गए। यात्रा बच्चों के लिए एक आनंदमयी और शिक्षाप्रद अनुभव थी। इस दौरान इस कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था संचालन एवं सुरक्षा के दायित्व का निर्वहन प्रवीण पाण्डेय (जि.समन्वयक निर्माण), अलका गुप्ता (एस आर जी) शिक्षक मंजूलता, शिव गोविंद,सत्य प्रकाश बाजपेई, कुलदीप तिवारी, आशीष,अर्चित,दीपक, स्वतंत्र कुमार, मोहित बैरागी, आदित्य, विमल गुप्ता, नीता ,प्रतिमा, रेनू वर्मा, निखत, दीप्ति, प्रियंका, कंचन, दिनकर त्रिवेदी तथा डॉ. प्रगति रघु सक्सेना (मीडिया प्रभारी) आदि मौजूद रहे।

# पुलिस और गौतस्करों में मुठभेड़, दो जख्मी, पांच गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

सतरिख थाना प्रभारी ने स्वाट टीम और सर्विलांस टीम प्रभारी ने यूपी 112 की सूचना पर नाकाबंदी करके दो शातिर गौ तस्करों को मुठभेड़ में घायल कर दिया जबकि उनके पांच सहयोगियों को धर दबोचा। पुलिस ने इन लोगों के पास से काफी सामान बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दोनो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि उनके अन्य साथियों को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रविवार की रात्रि को थाना प्रभारी सतरिख अमर चौरसिया को यूपी 112 टीम के पुलिसकर्मियों ने सूचना दी कि ग्राम कमरपुर गौरियाघाट रोड पर स्थित मां डेरी दूध के पास कुछ अज्ञात व्यक्ति वाहन लिये जंगल के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। उक्त सूचना पर स्वाट व थाना सतरिख पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक अदद पिकप वाहन खड़ा है तथा तिरपाल से ढ़का हुआ है व डाले मे रस्सी रखी है तथा एक अन्य वाहन ईको में 01 अदद लोहे का चापड़, एक अदद चाकू, एक अदद छूरी पायी गयी। इसी दौरान जंगल में छिपे हुए गौ तस्करों द्वारा पुलिस टीम को देखकर गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद के ग्राम लोधौरा निवासी सरवर पुत्र मो. उमर उर्फ गुल्जारी, थाना मोहम्मदपुर खाला के ग्राम बेलहारा निवासी गुफरान पुत्र मो. रफी के पैर में गोली लगने से गम्भीर रुप से घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर ही जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद के ग्राम लोधौरा वाजिद अली निवासी मो. उमर उर्फ गुल्जारी पुत्र गुलाम रसूल इसी गांव के अंकुल पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता थाना असन्द्रा के ग्राम सरैंया मजरे जरगांवा निवासी इरफान पुत्र अजमेरी, थाना मोहम्मदपुरखाला के ग्राम बेलहारा निवासी नवीजान पुत्र रियासत इसी गांव के मो. अजीज पुत्र मो. रईश को घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

# राजस्थानियों का दिल बहुत बड़ा है: पीएम मोदी

- राजस्थान राइजिंग तो है ही रिलायबल भी है, चुनौतियों से टकराने का नाम राजस्थान है
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांगानेर हैंड प्रिंट के बारे में जाना, साथ ही कपड़े पर हैंड प्रिंट भी किया



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- राजस्थान राइजिंग तो है ही रिलायबल भी है। राजस्थान रिसेप्टिव भी है। समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। चुनौतियों से टकराने का नाम राजस्थान है। नए अवसर बनाने का नाम है राजस्थान। राजस्थान के इस आर फैक्टर में एक और नाम जुड़ गया है। राजस्थान के लोगों ने भारी बहुमत से रिस्पोंसिव रिफॉर्मिव सरकार बनाई है। जिस तरह राजस्थान का क्षेत्रफल बड़ा है, उसी तरह यहां के लोगों का दिल भी बहुत बड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह करीब 10.10 बजे जयपुर पहुंचे। यहां सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन किया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तक मोदी कार्यक्रम में रहे। इसके बाद जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे और हरियाणा के लिए रवाना हुए। स्वागत भाषण में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- समिट से पहले ही सरकार 35 लाख करोड़ का विभिन्न कंपनियों से एमओयू कर चुकी है। इसका लाभ सीधे राजस्थान और यहां के लोगों को मिलेगा। अब कृषि के साथ ही उद्योगों को भी पर्याप्त पानी मिल पाएगा। हमने पहले साल में समिट का आयोजन इसलिए किया है कि अगले 4 सालों में हम निवेश को धरातल पर उतार सकें।

### 'राजस्थान के रज-रज, कण-कण में ईमानदारी है'

पीएम मोदी ने कहा- मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि जब राज्यों का विकास होगा तो देश का भी विकास होगा। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा तो देश का भी विकास होगा। राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। उसी तरह से यहां के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। यहां के लोगों का परिश्रम, उनकी ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छा शक्ति, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना, देश के लिए कुछ भी कर गुजरने की प्रेरणा, यह आपको राजस्थान के रज-रज, कण-कण में दिखाई देगी।

### पीएम ने की भजनलाल शर्मा की तारीफ

पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान में सीएम भजनलाल और उनकी टीम ने बहुत ही कम समय में शानदार काम करके दिखाया है। कुछ ही दिनों में राजस्थान सरकार अपना एक साल पूरा करने जा रही है। सीएम भजनलाल जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है। गरीब कल्याण हो, किसान कल्याण हो, युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो, सड़क-पानी बिजली के काम हो। राजस्थान में हर प्रकार के विकास से जुड़े कार्य तेजी से हो रहे हैं।

### राजस्थान के पास नेचुरल रिसोर्सेज हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- राजस्थान के पास नेचुरल रिसोर्सेज हैं। राजस्थान के पास आधुनिक कनेक्टिविटी का नेटवर्क है। एक समृद्ध विरासत है। बहुत बड़ा लैंडमार्क है। बहुत ही बड़ी युवा शक्ति भी है। यानी रोड से लेकर रोडवेज, रेलवे तक। हॉस्पिटिलिटी से लेकर हैंडीक्राफ्ट तक, राजस्थान के पास बहुत कुछ है।

### पीएम मोदी ने प्रदर्शनी में कपड़े पर हैंड प्रिंटिंग की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतापुरा (जयपुर) एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने वहां लगी प्रदर्शनी देखी और कपड़ों पर हैंड प्रिंटिंग की। सीएम भजनलाल शर्मा ने पीएम को वीरता के प्रतीक चंदन की लकड़ी से बनी तलवार भेंट की।

### भारत के खनिज भंडार का बहुत बड़ा हिस्सा राजस्थान में है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत के खनिज भंडार का बहुत बड़ा हिस्सा राजस्थान में है। भारत ने इस दशक के अंत तक 500 गीगावाट रिन्यूवल एनर्जी कैपेसिटी बनाने का टारगेट रखा है। इसमें भी राजस्थान बहुता बड़ी भूमिका निभा रहा है। दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर का 250 किलोमीटर का हिस्सा राजस्थान में है। डेडिकेट कॉरिडोर जैसे आधुनिक रेल नेटवर्क का 300 किलोमीटर का हिस्सा राजस्थान में है। कनेक्टिविटी के इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा होने के कारण राजस्थान निवेश के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है। खासतौर पर ड्राई पोर्ट्स और लॉजिस्टिक सेक्टर के लिए यहां अपार संभावनाएं हैं।

### शादी-ब्याह और जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए लोग राजस्थान आते हैं

जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत के समृद्ध भविष्य में हम टूरिज्म का बहुत बड़ा पोटेंशियल देख रहे हैं। भारत में नेचर, कल्चर, एडवेंचर, कांफ्रेंस, डेस्टिनेशन वेडिंग और हेरिटेज टूरिज्म के लिए असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का प्रमुख केंद्र है। यहां मरू भूमि, सुंदर झीलें, खान-पान की तारीफ जितनी की जाए कम है। राजस्थान दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां लोग शादी-ब्याह और जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए आना चाहते हैं। वाइल्ड लाइफ में भी राजस्थान में बहुत बड़ा स्कोप है। यहां रणथम्भौर, केवलादेव सहित कई स्थान ऐसे हैं, जो वाइल्ड लाइफ को पंसद करने वालों के लिए स्वर्ग है।

### राजस्थान में ज्वेलरी रिटेल बिजनेस का विस्तार करेगा बिड़ला ग्रुप

आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा- हमारे ग्रुप के 6 बिजनेस आज राजस्थान से जुड़े हुए हैं। इनमें 20 हजार लोग काम कर रहे हैं। अब तक 50 हजार करोड़ का निवेश हम राजस्थान में कर चुके हैं। राजस्थान में हमारी सीमेंट बिजनेस की कपैसिटी 20 मिलियन टन है। यह पूरे यूनाइटेड किंगडम (यूके) की कपैसिटी से ज्यादा है। राजस्थान में हमारे टेलीकॉम बिजनेस के 8 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। 10,500 किलोमीटर से ज्यादा हमने यहां ऑप्टिकल फाइबर बिछा रखी है। आने वाले सालों में हम इनवेस्टमेंट को बढ़ाते हुए 50 हजार करोड़ रुपए तक ले जाएंगे। इसमें सीमेंट, रिन्यूएबल, टेलिकॉम और रिटेल शामिल हैं। एक से दो साल में हम रिन्यूएबल बिजनेस में 6000 करोड़ का निवेश और करने जा रहे हैं। हम नाथद्वारा में 10 मिलियन टन सीमेंट कैपेसिटी का प्लांट लगाने के साथ ही ज्वेलरी रिटेल बिजनेस का प्रदेश में और विस्तार करने की तैयारी कर रहे हैं।

### पीएम ने कहा, इनवेस्टर को आकर्षित करता है राजस्थान

पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान का सामर्थ्य यहां इनवेस्टमेंट के लिए आकर्षित करता है। राजस्थान में एक और विशेषता है। यहां सीखने का गुण है। अपना सामर्थ्य बढ़ाने का गुण है। इसलिए यहां रेतीले धोरो में भी पेड़ फलों से लद रहे हैं। जयपुर की ब्लू पॉटरी, प्रतापगढ़ की थेवा ज्वेलरी और भीलवाड़ा का टेक्सटाइल्स इनोवेशन। इनकी अलग ही शान है। मकराना के मार्बल और कोटा डोरिया (एक तरह की साड़ी) की पूरी दुनिया में पहचान है। नागौर के पान मेथी की खुशबू भी निराली है। आज की बीजेपी सरकार हर जिले के सामर्थ्य को पहचानते हुए काम कर रही है।

### अडाणी ग्रुप राजस्थान में 4 नए सीमेंट प्लांट लगाएगा

अडाणी सीमेंट के एमडी करण अडाणी ने कहा- राजस्थान में चार नए सीमेंट प्लांट लगाएंगे। अडाणी ग्रुप राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट अलग-अलग सेक्टर में करेगा। इसका 50 प्रतिशत इन्वेस्टमेंट अगले 5 साल में किया जाएगा। इसमें हम ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम डेवलप करेंगे। हम इसके अलावा जयपुर एयरपोर्ट पर भी वर्ल्ड क्लास विकास कार्य किए जाएंगे। समिट में शामिल होने आए अनिल अग्रवाल ने कहा- हमारी कंपनी को भाजपा की डबल इंजन सरकार से बहुत सहयोग मिल रहा है। मैं अन्य कंपनियों से भी राजस्थान में निवेश करने का आग्रह करता हूं। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड राजस्थान में 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

## मुंबई के कुर्ला में बड़ा सड़क हादसा, तीन की मौत, 17 घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मुंबई के कुर्ला में सोमवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हादसा बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाइ और ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) की एक बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि हादसा कुर्ला के बीएसमी एल. वार्ड के पास हुआ। बेस्ट की बस कुर्ला रेलवे स्टेशन से अंधेरी जा रही थी। लेकिन बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। बस ने पहले पैदल चल रहे लोगों को कुचला और फिर वहां खड़े कुछ वाहनों से टकरा गई। इसके बाद बस एक रिहायशी सोसायटी के गेट से टकराकर रुकी।

### घायलों की हालत गंभीर

घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद कार्य में जुटे और उन्होंने घायलों को पास के भाभा अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हुई। जबकि घायल लोगों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारी के मुताबिक, इस पर शक है कि दुर्घटना का कारण बस के ब्रेक फेल होना था। दुर्घटना के बाद पुलिस और परिवहन विभाक के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है।

### रात 9.50 बजे हुई बस दुर्घटना: दमकल विभाग

पुलिस ने बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई के दमकल विभाग के मुताबिक, यह बस दुर्घटना रात 9.50 बजे हुई। कुर्ला के भाभा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ अब्दुल ने बताया कि 10 घायलों को अस्पताल लाया गया।

## केंद्रीय सचिवालय की इमारतों का निर्माण 30 अप्रैल तक हो जाएगा पूरा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि केंद्रीय सचिवालय की पहली तीन इमारतों का निर्माण 30 अप्रैल 2025 तक पूरा हो जाएगा। इन इमारतों के निर्माण में डेढ़ साल की देरी हुई है। एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि परियोजना के पूरा होने की निर्धारित तारीख 17 नवंबर 2023 थी, जिसकी अब संभावित तिथि 30 अप्रैल 2025 है।

### 10 कार्यालय भवन होंगे

मंत्री ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की लागत 3,690 करोड़ रुपये है। केंद्रीय सचिवालय की ये तीन इमारतें उस भूखंड पर बन रही हैं, जहां पहले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र स्थित था। कॉमन केंद्रीय सचिवालय में विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालय होंगे। फिलहाल इसमें 10 कार्यालय भवन और एक केंद्रीय सम्मेलन केंद्र होगा। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत इस कॉमन केंद्रीय सचिवालय का निर्माण किया जा रहा है। सचिवालय में सभी आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सुविधाएं होंगी।

### 54 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

इस इमारत में करीब 54 हजार कर्मियों को रखने की क्षमता होगी और इसमें बनाए जा रहे कार्यालय भवन वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। इन सभी कार्यालयों को भूमिगत तौर पर जोड़ा जाएगा और इनमें ओवर-ग्राउंड शटल और पैदल पथ के लूप की सुविधाएं मिलेंगी, जिनसे कर्मचारी एक कार्यालय भवन से दूसरे कार्यालय भवन जा सकेंगे। सेंट्रल विस्टा की वेबसाइट के अनुसार, केंद्रीय सचिवालय में उद्योग भवन, निर्माण भवन, कृषि भवन, शास्त्री भवन, आईजीएनसीए और राष्ट्रीय संग्रहालय आदि कार्यालय बनाए जा रहे हैं, जो अभी राजपथ के दोनों तरफ स्थित हैं।

### साल 2019 से केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड को नहीं दी कोई जमीन, संसद में दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने साल 2019 से वक्फ बोर्ड को कोई जमीन नहीं दी है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को राज्यसभा ये जानकारी दी। राज्यमंत्री तोखन साहू ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि जमीन राज्य का विषय है और केंद्र सरकार के पास राज्य सरकारों द्वारा दी गई जमीन का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक केंद्र सरकार का सवाल है तो केंद्र के अंतर्गत आने वाले आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने 2019 से कोई जमीन वक्फ बोर्ड को नहीं दी है। गौरतलब है कि सरकार ने अगस्त में संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया है, जिसे विपक्ष के विरोध के बाद गहन चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नेतृत्व का दावा कर सकती हैं, इंडिया ब्लॉक पर बोले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व का दावा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होगी। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया गुट के नेतृत्व में बदलाव का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद इस गुट की कोई बैठक नहीं हुई है। उनकी यह टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद कुछ तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व में बदलाव की वकालत करने के आलोक में आई है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, टीएमसी नेताओं ने भाजपा विरोधी मोर्चे का नेतृत्व करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम भी प्रस्तावित किया था। लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन का सवाल ही नहीं उठता। एक बैठक होने दीजिए और अगर ममता बनर्जी चाहें तो नेतृत्व का दावा करने दें... इस पर चर्चा होगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को सीएम बनर्जी की नेतृत्व क्षमता को स्वीकार किया, एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उनकी प्रमुखता और संसद में उनकी पार्टी के प्रतिनिधियों की क्षमता पर जोर दिया। पवार ने अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, हां, निश्चित रूप से वह गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। वह इस देश की एक प्रमुख नेता हैं... उनमें वह क्षमता है। उन्होंने जिन निर्वाचित नेताओं को संसद में भेजा है, वे जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ और हैं। अच्छी तरह से जागरूक लोग इसलिए, उसे ऐसा कहने का अधिकार है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: मुंबई पुलिस का दावा, लॉरेंस की भूमिका अब तक सामने नहीं आई, अनमोल चला रहा अलग गिरोह


**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मुंबई पुलिस ने हत्या के 13 आरोपियों को हिरासत देने का अनुरोध करते हुए सोमवार को अदालत को बताया कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की इस हत्या में भूमिका अभी तक सामने नहीं आई है। उसका भाई अनमोल बिश्नोई एक अलग गिरोह चला रहा है। बता दें कि, बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को बांद्रा के निर्मल नगर इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक कथित शूटर शिवकुमार गौतम सहित 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। अनमोल बिश्नोई इस मामले में वांछित आरोपी है। पुलिस ने 30 नवंबर को गिरफ्तार किए गए 26 आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की कठोर धाराएं लगाई सोमवार को विशेष सरकारी वकील के जरिये मुंबई पुलिस ने अदालत से आरोपियों की हिरासत देने का अनुरोध करते हुए कहा कि मामले में कई छोटी-छोटी कड़ियां हैं और जांच पूरी करने के लिए इन सभी को जोड़ना होगा, जिसके लिए आरोपियों की हिरासत की जरूरत है। जांच में पाया गया है कि अनमोल बिश्नोई ने आरोपी नितिन सप्रे को 40,000 रुपये भेजे थे और मामले से जुड़े वित्तीय पहलू की जांच की जानी चाहिए। अभियोजन पक्ष ने विशेष अदालत को बताया कि अनमोल बिश्नोई का गिरोह उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में सक्रिय था और वह गिरोह के नेता के रूप में अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि बिश्नोई और उसका भाई अब अलग-अलग गिरोह चला रहे हैं। अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 13 आरोपियों को 16 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष, 50 से अधिक सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच टकराव सोमवार को चरम पर पहुंच गया। इस टकराव के बाद विपक्ष ने धनखड़ को उनके कार्यकाल से हटाने के लिए एक अविश्वास प्रस्ताव लाने फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्ताव पर 50 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किया है। अगस्त में विपक्षी गठबंधन को प्रस्ताव पेश करने के लिए नेताओं के हस्ताक्षर की जरूरत थी, लेकिन उस समय वे आगे नहीं बढ़े। उन्होंने राज्यसभा के सभापति को एक मौका देने का फैसला किया, लेकिन सोमवार को उनके व्यवहार को देखते हुए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने का मन बना चुका है।

### टीएमसी-सपा-आप कर रहे हैं प्रस्ताव का समर्थन

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी(सपा) और विपक्षी गठबंधन के सदस्य इस प्रस्ताव के साथ आगे बढ़ने के लिए एकसाथ हैं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान स्थगन के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सदस्य उस मुद्दे पर चर्चा के लिए उत्तेजित थे, जिसमें कांग्रेस नेता शामिल थे। उन्होंने कहा, ÷फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन द एशिया-पैसेफिक (एफडीएल-एपी) और जॉर्ज सोरोस के बीच संबंध चिंता का विषय है। इसका सह-अध्यक्ष इस सदन का सदस्य है।÷ भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि एफडीएल-एपी जम्मू कश्मीर को एक अलग इकाई के रूप में देखता है। जब जगदीप धनखड़ ने जानना चाहा कि सत्ता पक्ष के नेता विरोध क्यों कर रहे हैं, तब भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का जॉर्ज सोरोस से संबंध है। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा था। भाजपा और एनडीए गठबंधन के सांसदों ने इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग की।

### सभापति के नियम 267 के तहत नोटिस खारिज कर दिया

मल्लिकार्जुन खरगे, जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी समेत कई नेताओं ने पूछा कि सभापति सत्तारूढ़ पार्टी को इस मुद्दे को उठाने की अनुमति कैसे दे रहे थे, जबकि उन्होंने इस संबंध में उनके (सत्तारूढ़ पार्टी) नोटिस को खारिज कर दिया था। भाजपा के लक्ष्मीकांत बाजपेयी को शून्यकाल में अपना मुद्दा उठाने का मौका दिया गया और उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर बोलना शुरू किया। जयराम रमेश ने उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब सभापति के नियम 267 के तहत नोटिस खारिज कर दिया है तो उसमें उल्लिखित मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सांसद दिग्विजय सिंह ने भी धनखड़ पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।

## डीजीपी की नियुक्ति में नियमों के उल्लंघन का मामला, सुप्रीम कोर्ट ने छह राज्यों से मांगा जवाब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक याचिका पर छह राज्यों से जवाब मांगा। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि इन राज्यों ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के संबंध में शीर्ष के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। याचिका में कहा गया था कि सात राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और झारखंड ने प्रकाश सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2006 के फैसले और बाद में जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया। इस फैसले में पुलिस प्रमुखों की नियुक्ति को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उपाय बताए गए थे। झारखंड सरकार पहले ही सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर चुकी है। यह मामला सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच के सामने आया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों ने कोर्ट द्वारा तय प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया है। इन प्रकियाओं में यह भी शामिल था कि डीजीपी की नियुक्ति क लिए उन्हें दो साल की तय सेवा अवधि पूरी करनी चाहिए। साथ ही डीजीपी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा तैयार की गई तीन सबसे वरिष्ठ और योग्य आईपीएस अफसरों की सूची से चुना जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इन राज्यों को छह हफ्ते के भीतर अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके बाद, राज्यों को अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए चार हफ्ते का और समय मिलेगा। कोर्ट ने प्रकाश सिंह मामले में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले की महत्ता को भी बताया और निर्देश दिया कि यूपीएससी को डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करना जारी रखना चाहिए। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने यूपीएससी से कहा कि वह अगली सुनवाई से दस दिन पहले अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे। यह सुनवाई मार्च 2025 में होगी। जन सेवा ट्रस् की ओर से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कोर्ट में दलील दी कि राज्यों ने जानबूझकर कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के डीजीपी की नियुक्ति के नियम का जिक्र किया और उसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी को डीजीपी की नियुक्ति में इन नियमों का पालन करने से रोका जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया कि आंध्र प्रदेश में के. राजेंद्र प्रसाद रेड्डी को फरवरी 2022 में कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया, जबकि वह वरिष्ठता की सूची में 13वें स्थान पर थे। तेलंगाना में भी अंजनी कुमार को दिसंबर 2022 में कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया, जबकि वह वरिष्ठ अधिकारियों की सूची में पीछे थे। उत्तर प्रदेश में कई बार नियमों का उल्लंघन किया गया। प्रशांत कुमार को 2024 में कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया जबकि वह 19वें स्थान पर थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)